CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 16°C
न्यूनतम : 03°C

नई दिल्ली, रविवार 11 जनवरी 2026 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 281 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com माघ कृष्ण पक्ष 7 विक्रमी सम्वत् 2082 21 रजब 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



सेकुलरिज्म का ठेका चलाने वालों के मुंह बंद: योगी पेज 2



पहले वनडे में भारत को न्यूजीलैंड से मिलेगी कड़ी चुनौती खेल टाइम्स



ग्रीनलैंड पर कब्जा करना हमारी मजबूरी: ट्रम्प पेज 11



'अकेली' के लिए फराह खान ने की नुसरत भरूचा की तारीफ बॉलीवुड

# कपसाड़ हत्याकांड: अपहृत युवती बरामद, आरोपी पारस गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**सरधना (मेरठ)।** थाना क्षेत्र के गांव कपसाड़ में हुई महिला हत्या और उसकी युवती के अपहरण के सनसनीखेज मामले में पुलिस ने शनिवार देर रात बड़ी सफलता हासिल की है। घटना के 72 घंटे बाद अपहृत युवती रूबी को सहारनपुर से सकुशल बरामद कर लिया गया है और मुख्य आरोपी पारस सोम को गिरफ्तार कर लिया गया है।

घटना गुरुवार को उस समय हुई थी जब खेत पर जा रही महिला सुनीता पत्नी सतेन्द्र कुमार पर गांव के ही युवक पारस सोम ने फरसे से जानलेवा हमला कर दिया था। हमले में गंभीर रूप से घायल महिला को परिजन मोदीपुरम अस्पताल लेकर गए, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई थी। हमले के बाद आरोपी ने नाबालिग युवती रूबी को जबरन अपने साथ उठा लिया था, जिससे पूरे गांव में तनाव और आक्रोश फैल गया था। घटना के तुरंत बाद पुलिस ने 10 विशेष टीमों का गठन कर आसपास के जिलों और संभावित ठिकानों पर दबिश दी थी। लगातार 72 घंटे तक चले ऑपरेशन और तकनीकी सर्विलांस के बाद पुलिस आखिरकार अपहृत युवती को सहारनपुर से सुरक्षित बरामद करने में सफल रही। आरोपी पारस सोम को भी उसी दौरान गिरफ्तार कर लिया गया। मेरठ एसएसपी विपिन टांडा ने पत्रकारों को बताया कि आरोपी के करीबी और रिश्तेदारों से पूछताछ की गई थी और संभावित ठिकानों पर दबिश दी गई थी। युवती को सकुशल परिजनों के हवाले कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि मामले में कड़ी कार्रवाई की जाएगी और आरोपी को जल्द न्यायालय के सामने पेश किया जाएगा। पीड़ित परिवार ने पुलिस की इस सफलता पर राहत की सांस ली और कहा कि उनकी बेटी सकुशल वापस लौट आई, यह उनके लिए बड़ी राहत की बात है।



अपहृत युवती का फाइल फोटो



आरोपी पारस का फाइल फोटो

## मेरठ की सड़कों पर उमड़ा सैलाब

**मेरठ।** दलित महिला की हत्या और नाबालिग बेटी के अपहरण से उपजा आक्रोश अब मेरठ के कपसाड़ गांव की सीमाओं से बाहर निकलकर सड़कों और टोल प्लाजा तक पहुंच गया था। पिछले दो दिन से सुलग रहा यह मामला शनिवार को उस वक्त और भड़क उठा, जब नेताओं, संगठनों और समर्थकों के पहुंचने की कोशिशों ने प्रशासन को सख्त नाकेबंदी और कड़े सुरक्षा इंतजामों के लिए मजबूर कर दिया। हालात इतने संवेदनशील हो गए कि पुलिस को गांव ही नहीं, उससे जुड़े तमाम मार्गों पर भी अभूतपूर्व सतर्कता बरतनी पड़ी। यहां तक कि मीडिया कर्मियों को भी फिलहाल गांव में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जा रही है। पुलिस के अनुसार स्थिति की गंभीरता को देखते अटेरना पुल सहित गांव को जोड़ने वाले सभी मार्गों पर कड़ी बैरिकेडिंग कर दी गई है। तमाम आला अधिकारी स्वयं मौके पर डेरा डाले हुए हैं और भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। केवल स्थानीय ग्रामीणों को पहचान सत्यापन के बाद आने-जाने की छूट दी जा रही है।

# ओडिशा में नौ सीटर विमान क्रैश, पायलट ने मेडे कॉल किया

- खुले मैदान में फोर्स लैंडिंग कराई, 4 यात्री व 2 पायलट घायल

**राउरकेला।** ओडिशा के राउरकेला में इंडिया वन एयर के 9 सीटर विमान की तकनीकी खराबी के बाद फोर्स लैंडिंग हुई। घटना शनिवार दोपहर 1.20 बजे राउरकेला से 15 किमी दूर जाल्दा इलाके की है।

घटना के वक्त विमान में 4 यात्री और दो पायलट मौजूद थे। सभी घायलों का इलाज जारी है। अधिकारियों ने बताया कि कमर्शिअल विमान वीटी केएसएस ने दोपहर 12.27 बजे से भुवनेश्वनर से राउरकेला के लिए उड़ान भरी थी। 50 मिनट की उड़ान के बाद विमान में तकनीकी खराबी का पता चला। पायलट ने मेडे कॉल किया। इसके बाद खुले इलाके में फोर्स लैंडिंग कराई। हादसे की मुख्य वजह साफ नहीं है। विमान का ब्लैक बॉक्स रिकवर किया जा रहा है। वहीं, क्रैश की जो तस्वीरें सामने आई हैं, उनमें नजर आ रहा है कि वीटी केएसएस प्लेन का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हुआ है। उसके विंग्स भी क्षतिग्रस्त हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### बेल्लारी हिंसा मामला सीआईडी को सौंपा

**नई दिल्ली।** कर्नाटक के बेल्लारी में हुई हिंसक घटना की जांच शनिवार को सीआईडी को सौंप दी गई है। सीआईडी अब हिंसा के उन सभी पहलुओं की जांच करेगी जो एक स्थानीय झड़प से शुरू होकर हत्या तक जा पहुंचे। कर्नाटक के मंत्री प्रियांक खरगे ने मीडिया से बात करते हुए राज्य की जांच टीमों पर भरोसा जताया। उन्होंने कहा कि कई मामलों में सीबीआई ने भी राज्य द्वारा की गई जांच को सही ठहराया है। कुछ मामलों में तो सीबीआई ने यहां तक माना है कि राज्य की टीमों ने केंद्रीय एजेंसी की तुलना में बेहतर काम किया है। दूसरी तरफ विपक्षी भाजपा लगातार इस मामले की सीबीआई जांच की मांग कर रही है, जिसे राज्य सरकार ने खारिज कर दिया है।

### सेना के चार रणबांकुरें मरणोपरांत वीरता पदक से सम्मानित

**नई दिल्ली।** कैप्टन ब्रजेश थापा, लांस नायक स्टांजिन तर्गियास, राइफलमैन मोहित राठौर और राइफलमैन हिलाल अहमद भट को शनिवार को मरणोपरांत सेना पदक (वीरता) से सम्मानित किया गया। दिल्ली छावनी स्थित मानेकशॉ सेंटर में सेना की पश्चिमी कमान के अलंकरण समारोह में ये सम्मान प्रदान किए गए। समारोह में छह युद्ध सेवा पदक, 30 सेना पदक (वीरता), एक बार टू सेना पदक (विशिष्ट), 19 सेना पदक (विशिष्ट) और 44 विशिष्ट सेवा पदक प्रदान किए गए। सेना की वायु रक्षा कोर से संबंध रखने वाले और 10 राष्ट्रीय राइफल्स में तैनात कैप्टन (शहीद) ब्रजेश थापा ने 14 जुलाई 2024 को जम्मू- कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में आतंकवाद रोधी अभियान के दौरान असाधारण साहस का प्रदर्शन किया।

### दिल्ली में घना कोहरा हवाई यात्रा एवं जनजीवन प्रभावित

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में शनिवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) का स्तर बेहद खराब रहने और घना कोहरा छाने एवं खराब मौसम की वजह से सामान्य जनजीवन और हवाई यात्रा प्रभावित हुई। सुबह 8:02 बजे तक दिल्ली का एक्यूआई 431 रहा, जो 'खतरनाक' श्रेणी में आता है। रिपोर्ट के अनुसार,पीएम 2.5 का स्तर 289 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर था।

# जंग दुश्मन का मनोबल तोड़ने के लिए लड़ते हैं: एनएसए डोभाल

## बोले: हम मनोरोगी नहीं, जिन्हें दुश्मन के शव या कटे हुए अंग देखकर संतोष या सुकून मिले

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने शनिवार को कहा कि युद्ध राष्ट्र की इच्छाशक्ति के लिए लड़े जाते हैं।

उन्होंने कहा कि हम साइकोपैथ (मनोरोगी) नहीं हैं, जिन्हें दुश्मन के शव या कटे हुए अंग देखकर संतोष या सुकून मिले। लड़ाईयां इसके लिए नहीं लड़ी जाती। उन्होंने कहा कि युद्ध किसी देश का मनोबल तोड़ने के लिए लड़े जाते हैं, ताकि वह हमारी शर्तों पर आत्मसमर्पण करें और हम अपने लक्ष्य हासिल कर सकें। अजीत डोभाल ने शनिवार को नई दिल्ली में विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग के उद्घाटन समारोह के दौरान ये बातें कहीं। उन्होंने युवाओं से कहा कि आप अपनी इच्छाशक्ति बढ़ा सकते हैं। वही इच्छाशक्ति राष्ट्रीय शक्ति बन जाती है। अजीत डोभाल ने कहा कि दुनिया में हो रहे सभी युद्ध और संघर्षों को देखें तो साफ है कि कुछ देश दूसरों पर अपनी इच्छा थोपना चाहते हैं। इसके लिए अपनी ताकत का प्रयोग कर रहे हैं। अगर कोई देश इतना शक्तिशाली है कि कोई उसका विरोध न कर सके तो वह हमेशा स्वतंत्र रहेगा, लेकिन अगर संसाधन और हथियार हों, पर मनोबल न हो तो सब कुछ बेकार हो जाता है। मनोबल बनाए रखने के लिए लीडरशिप जरूरी होती है। आज हम बहुत भाग्यशाली हैं कि हमारे देश में ऐसा नेतृत्व है।

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने कहा: युद्ध राष्ट्र की इच्छाशक्ति के लिए लड़े जाते हैं



## ऑपरेशन सिंदूर रुका है, खत्म नहीं हुआ: सीडीएस

- पाकिस्तान इसमें बुरी तरह हारा

**पुणे।** चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर केवल रुका है, खत्म नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान को चीफ ऑफ डिफेंस फोर्स (सीडीएफ) जैसा नया पद बनाना पड़ा। ये पद तीनों सेनाओं को सेंट्रलाइज्ड करने के लिए बनाया गया। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन ने पाकिस्तान को संवैधानिक संशोधन करने के लिए मजबूर किया। ये इस बात का सबूत है कि पड़ोसी देश को बुरी तरह हार का सामना करना पड़ा। अनिल चौहान ने पुणे पब्लिक पॉलिसी फेस्टिवल में ये बाते कहीं। उन्होंने कहा कि हम इमरजेंसी हालातों में लागू करने के लिए एक स्टैंडर्ड सिस्टम डेवलप कर रहे हैं। सीडीएस ने कहा कि भारत में प्रस्तावित संयुक्त थिएटर कमांड को लागू करने की समय सीमा 30 मई 2026 तक बढ़ाई गई है।

# सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा बंगाल बनाम ईडी विवाद

शाह टाइम्स ब्यूरो

- पहले ममता सरकार ने दाखिल किया कैविएट
- प्रवर्तन निदेशालय ने भी दाखिल की याचिका

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव से पहले आई-पैक के कार्यालय पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी ने एक नया राजनीतिक विवाद खड़ा कर दिया है। राज्य सरकार ने इसे चुनावी समय में विपक्ष को निशाना बनाने की कार्रवाई बताया है, जबकि दूसरी ओर ईडी ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है।

ईडी ने आरोप लगाया है कि पश्चिम बंगाल सरकार उसकी जांच और तलाशी अभियान में दखल दे रही है और काम में बाधा डाल रही है। सुप्रीम कोर्ट में ईडी की तरफ से दायर याचिका में बताया गया है कि गुरुवार को जब एजेंसी ने इंडियन पॉलिटिकल एक्शन कमेटी (आई-पैक) के मुख्यालय और कोलकाता में उसके निदेशक प्रतीक जैन के आवास पर तलाशी अभियान चलाया, तब राज्य सरकार और पुलिस प्रशासन की ओर से रुकावटें डाली गईं। ऐसे में ईडी ने सुप्रीम कोर्ट से मांग की है कि उसे निष्पक्ष और बिना किसी दबाव के अपनी जांच करने की अनुमति दी जाए। साथ ही एजेंसी ने यह भी कहा है कि किसी भी राज्य सरकार को केंद्रीय जांच एजेंसियों के काम में हस्तक्षेप करने का अधिकार नहीं है। बता दें कि इससे पहले ममता बनर्जी सरकार ने भी सुप्रीम कोर्ट में कैविएट दाखिल कर दिया है। इस कैविएट में बंगाल सरकार ने अनुरोध किया है कि सुप्रीम कोर्ट कोई आदेश पारित करने से पहले उसका पक्ष सुने। सूत्रों के मुताबिक ईडी इस मामले में सुप्रीम कोर्ट जाने की संभावना पर विचार कर रही है। एजेंसी मौजूदा कानूनी विकल्पों को अंतिम रूप देने से पहले सभी संभावनाओं पर गौर कर रही है।



### एसआईआर के कारण पश्चिम बंगाल में 77 मौतें: ममता

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को मुख्य चुनाव आयुक्त को 2 पेज का लेटर लिखा। इसमें राज्य में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के नाम पर आम नागरिकों को लगातार परेशान किए जाने का आरोप लगाया। ममता ने लिखा कि एसआईआर प्रोसेस में मानवीय संवेदनशीलता नहीं दिखी। 77 लोगों की मौत, 4 आत्महत्या के प्रयास और 17 लोगों के बीमार होने की वजह एसआईआर प्रक्रिया रही।

# जी राम जी विधेयक: छह राज्यों ने दर्ज कराया विरोध

- दावा: सारे फैसले केंद्र सरकार के हाथ

**नई दिल्ली।** मनरेगा में बदलाव के विरोध में कांग्रेस ने शनिवार से 45 दिन चलने वाला आंदोलन शुरू किया। कर्नाटक, तेलंगाना और पंजाब ने तो जी राम जी कानून के खिलाफ बाकायदा प्रस्ताव पारित किया है।

तमिलनाडु, केरल और पश्चिम बंगाल भी खुलकर इसका विरोध जता रहे हैं। इन राज्यों की आपत्तियां हैं कि मनरेगा से 'महात्मा गांधी' का नाम क्यों हटा, योजना को मांग आधारित से आपूर्ति आधारित ढांचे में क्यों नहीं बदला, राज्यों पर वित्तीय बोझ बढ़ाने के साथ-साथ केंद्र का पूर्ण नियंत्रण क्यों थोपा। विपक्षी दलों का कहना है कि यह कदम राज्य सरकारों की स्वायत्तता और ग्रामीण रोजगार अधिकारों पर हमला है।

# उत्तराखंड में पारा -19 डिग्री, पिथौरागढ़ में झरना जमा

- यूपी में कोहरे के चलते 50 ट्रेनें लेट

**नई दिल्ली।** पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी के चलते तापमान में खासी गिरावट हुई है। उत्तराखंड में पिथौरागढ़ जिले के मुनस्यारी में शुक्रवार रात को पारा -19 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

शनिवार सुबह छिड़कानी में पानी के झरने जमे हुए नजर आए। चमोली, उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग में पानी की पाइपलाइन जम गई है। इधर, पहाड़ी राज्यों से आ रही बर्फीली हवाओं से राजस्थान में सर्दी बढ़ गई है। 13 जिलों में कोहरे और शीतलहर का अलर्ट जारी किया गया है। शुक्रवार को जैसलमेर सबसे ठंडा शहर रहा। यहां न्यूनतम तापमान 4.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। उत्तर प्रदेश में 30 शहरों में शनिवार सुबह कोहरा छाया। कोहरे का असर ट्रेन और फ्लाइटों पर देखने को मिल रहा है। गोरखपुर, लखनऊ और वाराणसी समेत तमाम स्टेशनों पर 50 से ज्यादा ट्रेनें देरी से चल रही हैं। कुछ तो 10-10 घंटे की देरी से चल रही हैं। इसके अलावा लखनऊ, गोरखपुर और वाराणसी एयरपोर्ट पर 5 से ज्यादा फ्लाइट्स लेट पहुंचीं। उत्तराखंड के सभी जिलों में ठंडी हवाएं चलने का अलर्ट जारी किया गया है। शनिवार को हरिद्वार, ऊधम सिंह नगर, नैनीताल, चम्पावत, पौड़ी और देहरादून के निचले इलाकों में कोहरा छाया रहेगा। वहीं पहाड़ों में पाला गिरने की संभावना जताई गई है। तीन दिन से आदि कैलाश और केदारनाथ का तापमान -21 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

# आतंक के जरिये भारत को नुकसान पहुंचाना पाक की नीति: सेना

शाह टाइम्स ब्यूरो

- पाकिस्तान में न तो भारत के खिलाफ पारंपरिक युद्ध लड़ने का साहस है और न ही क्षमता: मनोज कुमार कटियार

**नई दिल्ली।** सेना की पश्चिमी कमान के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मनोज कुमार कटियार ने कहा है कि पाकिस्तान में न तो भारत के खिलाफ पारंपरिक युद्ध लड़ने का साहस है और न ही क्षमता इसलिए वह केवल आतंकवादी गतिविधियों के जरिये भारत को नुकसान पहुंचाने की नीति पर चलता है।

लेफ्टिनेंट जनरल कटियार ने शनिवार को यहां पश्चिमी कमान के अलंकरण समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि पड़ोसी देश केवल आतंकवादी गतिविधियों के जरिये भारत को नुकसान पहुंचाना चाहता है। उन्होंने याद दिलाया कि पिछले वर्ष के अलंकरण समारोह में भी उन्होंने आगाह किया था कि पश्चिमी मोर्चे पर संघर्ष की संभावना बनी हुई है, क्योंकि भारत और पाकिस्तान के संबंध मित्रवत नहीं हो पाए हैं। उन्होंने कहा कि भारत के अथक प्रयासों के बावजूद यही स्थिति बनी हुई है, क्योंकि पाकिस्तान का शीर्ष नेतृत्व हमेशा उसकी सेना के हाथों में रहा है। सेना दोनों देशों के बीच संघर्ष का माहौल बनाए रखना चाहती है। यदि शांति या मित्रता होगी तो पाकिस्तानी सेना का महत्व कम हो जाएगा। उसका उद्देश्य टकराव की स्थिति को जीवित रखना है। सेना कमांडर ने कहा कि पहलगाम में जो कुछ हुआ वह सुनियोजित साजिश का हिस्सा था। पहलगाम आतंकी हमले में 26 नागरिकों की निर्मम हत्या के बाद भारत द्वारा शुरू किए गए ऑपरेशन सिंदूर का उल्लेख करते हुए लेफ्टिनेंट जनरल कटियार ने कहा कि भारत ने पाकिस्तान को कड़ा सबक सिखाया। उन्होंने कहा कि हमने उनके आतंकवादी ठिकानों, उनकी चौकियों और उनके एयरबेस को नष्ट किया। हमें उम्मीद है कि पाकिस्तान इससे सबक लेगा और आगे किसी भी आतंकी गतिविधि को अंजाम नहीं देगा। सेना को सतर्क और तैयार रहने की चेतावनी देते हुए उन्होंने कहा कि पाकिस्तान का सैन्य नेतृत्व अपने देश की आंतरिक समस्याओं से ध्यान भटकाने या अपने स्वार्थ के लिए कोई और दुस्साहस करने की कोशिश कर सकता है।





## संक्षिप्त समाचार

### वाराणसी में मुंह ढके महिलाओं, पुरुषों को नहीं मिलेंगे गहने

**वाराणसी।** धार्मिक नगरी काशी में सराफा कारोबारियों ने सुरक्षा के मद्देनजर एक अहम निर्णय लिया है। स्वर्णकार संघ के अध्यक्ष कमल कुमार सिंह ने शनिवार को बताया कि हेलमेट, मास्क, बुर्का, हिजाब, घूंघट या किसी भी प्रकार से मुंह ढककर आने वाले ग्राहकों की पहचान करना अत्यंत कठिन हो जाता है। उन्होंने कहा कि अपराध की कई घटनाएं अक्सर मुंह ढके या छिपे हुए लोगों द्वारा ही अंजाम दी जाती हैं। इसलिए यह निर्णय लिया गया है कि वाराणसी की किसी भी फुटकर सराफा दुकान या शोरूम में ऐसे ग्राहकों को गहने नहीं बेचे जाएंगे, जिनका मुंह हेलमेट, मास्क, बुर्का, हिजाब या घूंघट से ढका हुआ हो। वाराणसी में दो हजार से अधिक सर्राफा कारोबारी इस निर्णय से सहमत हैं।

### संगठित अपराध के मामले में हार्डकोर अपराधी गिरफ्तार

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने शनिवार को सांबा जिले से एक हार्डकोर अपराधी को पिस्तौल के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस प्रवक्ता ने शनिवार को यहां बताया कि एक अपराधी को गिरफ्तार कर उसके पास से एक देसी पिस्तौल बरामद की गई है। यह विजयपुर पुलिस थाने में दर्ज संगठित अपराध से जुड़े एक मामले में चौथी गिरफ्तारी है। मामले की जांच के दौरान, पुलिस टीम ने रामगढ़ तहसील, सांबा जिले के जेडरा गांव के प्रीतम सिंह उर्फ सेठी को गिरफ्तार किया। लगातार पूछताछ के बाद उसकी निशानदेही पर उसके पैतृक गांव से एक देसी पिस्तौल बरामद की गई। मामले की आगे की जांच चल रही है। उल्लेखनीय है कि मामले में पहले ही तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है और तीन पिस्तौल बरामद की गई हैं।

# ईडी वहीं पहुंचती है, जहां चुनाव होने हैं: सिब्बल



**नई दिल्ली।** पूर्व केंद्रीय मंत्री तथा राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल ने सरकार पर आरोप लगाया है कि वह प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का इस्तेमाल चुनावी लाभ के लिए करती है और जिन राज्यों में चुनाव तय होते हैं ईडी की टीम वहीं पहुंचकर विपक्षी दलों को परेशान करने लगती है।

सिब्बल ने शनिवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में सरकार के इस रवैये को संघीय ढांचे पर हमला बताया और कहा कि गुरूवार को भी ईडी ने इसी तरह का काम किया है। उन्होंने ईडी टीम की ओर से पश्चिम बंगाल तृणमूल कांग्रेस के लिए परामर्शदाता के रूप में काम करने वाली कंपनी आई-पैक के ठिकानों पर पड़े छापों का जिक्र किया और कहा कि ईडी के छापे उसी राज्य में पड़ने शुरु होते हैं जहां निकट भविष्य में विधानसभा चुनाव होने हैं। उनका कहना था कि पिछले 11 साल से वह यही देख रहे हैं कि ईडी उस राज्य में पहले पहुंच जाती है जहां चुनाव होने हैं। ईडी ने पिछले दिनों इसी तरह का काम झारखंड और बिहार में भी किया और अब पश्चिम बंगाल में भी कर रही है। आज सुबह जब मैं अखबार पढ़ रहा था तो मुझे 2004 से 2014 तक संप्रग सरकार के कार्यकाल की याद आ गई।

# यूपी में भाजपा विधायकों की उड़ गई रात की नींद

## एसआईआर अभियान व विधानसभा चुनाव में टिकट पाने को लेकर सियासी सरगर्मियां बढ़ी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में टिकट पाने को लेकर भारतीय जनता पार्टी विधायकों की भी नींद उड़ी हुई है, क्योंकि विशेष मतदाता पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान को लेकर सियासी सरगर्मी बढ़ गई है।



भाजपा सूत्रों के मुताबिक कुछ विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता नाम जोड़ने की रफ्तार अपेक्षाकृत कम पाई गई है, जिस पर प्रदेश और केंद्रीय नेतृत्व दोनों स्तरों पर समीक्षा की जा रही है। सत्तारूढ़ पार्टी भाजपा में इसे 2027 के विधानसभा चुनाव से जोड़कर देखा जा रहा है। पार्टी नेतृत्व ने स्पष्ट संकेत दिए हैं कि एसआईआर में लापरवाही या सुस्ती दिखाने वाले विधायकों और दावेदारों के लिए अगला चुनावी रास्ता आसान नहीं होगा। पार्टी सूत्रों के मुताबिक एसआईआर के तहत मतदाता सूची में नाम जोड़ने और त्रुटियों के सुधार की प्रक्रिया पर केंद्रीय नेतृत्व तक नियमित रिपोर्ट पहुंच रही है। इस रिपोर्ट में यह आकलन किया जा रहा है कि कौन विधायक और संभावित प्रत्याशी अपने क्षेत्र में कितनी सक्रियता से अभियान को आगे बढ़ा रहे हैं। कमजोर प्रदर्शन करने वालों को लेकर संगठन स्तर पर चिंता जताई जा रही है। भाजपा नेतृत्व का मानना है कि मतदाता सूची चुनावी सफलता की बुनियाद होती है। ऐसे में जिन विधानसभा क्षेत्रों में एसआईआर के दौरान अपेक्षित संख्या में नाम नहीं जुड़ रहे हैं या अभियान की गति धीमी है, वहां संबंधित विधायकों की कार्यशैली पर सवाल उठना तय है। पार्टी के अंदरखाने यह भी चर्चा है कि एसआईआर में निष्क्रियता 2027 में टिकट के लिए नकारात्मक संकेत मानी जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहले ही संगठन और जनप्रतिनिधियों को स्पष्ट निर्देश दे चुके हैं कि एसआईआर अभियान को पूरी गंभीरता के साथ लिया जाए। उनका जोर इस बात पर रहा है कि पात्र मतदाताओं का नाम हर हाल में सूची में जुड़े और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त न की जाए।

### विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता नाम जोड़ने की रफ्तार अपेक्षाकृत कम पाई गई

कुछ विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता नाम जोड़ने की रफ्तार अपेक्षाकृत कम पाई गई है, जिस पर प्रदेश और केंद्रीय नेतृत्व दोनों स्तरों पर समीक्षा की जा रही है। आने वाले दिनों में कमजोर प्रदर्शन वाले क्षेत्रों के जनप्रतिनिधियों से जवाब- तलब भी हो सकता है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि भाजपा एसआईआर को महज प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि संगठन की सक्रियता और जनसंपर्क क्षमता की परीक्षा के तौर पर देख रही है। यही वजह है कि एसआईआर में प्रदर्शन को 2027 के चुनावी गणित से सीधे जोड़कर आंका जा रहा है।

## बांग्लादेश घटनाक्रम को लेकर सीएम का विपक्ष पर तीखा प्रहार

# सेकुलरिज्म का ठेका चलाने वालों के मुंह बंद: योगी

प्रयागराज, वार्ता



■ जाति, मत-संप्रदाय के आधार पर विभाजन सर्वनाश का ऐसा कारण बन जाएगा, जैसे आज बांग्लादेश में देख रहे: सीएम

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बांग्लादेश की घटना पर विपक्षी दलों की चुप्पी पर प्रहार करते हुए कहा कि सेकुलरिज्म के नाम पर ठेका लेकर चलने वालों की दुकानें हिंदू समाज और सनातन धर्म को तोड़ने की ताकत लगाती हैं, लेकिन बांग्लादेश की घटना पर उनके मुंह पर जैसे फेविकोल व टेप चिपक गया है।

शनिवार को माघ मेले में आयोजित श्रीमद् जगद्गुरु रामानंदाचार्य जी के 726वें प्राकट्य महोत्सव में शामिल होने के मौके पर योगी ने कहा कि जाति, मत-संप्रदाय के आधार पर विभाजन हमारे लिए उसी प्रकार से सर्वनाश का कारण बन जाएगा, जैसे आज बांग्लादेश के अंदर देख रहे हैं। वहां की घटना पर कोई बोल नहीं रहा है। सेकुलरिज्म के नाम पर ठेका लेकर चलने वालों की दुकानें हिंदू समाज और सनातन धर्म को तोड़ने की ताकत लगाती हैं, लेकिन बांग्लादेश की घटना पर उनके मुंह पर जैसे फेविकोल व टेप चिपक गया है। बांग्लादेश की घटना पर कोई कैंडल मार्च तक नहीं निकाला जा रहा। यह हमारे लिए चेतावनी भी है। उन्होंने कहा कि जो लोग आज भी समाज को बांट रहे हैं, वे कभी हितैषी नहीं होंगे। सत्ता में रहने पर यह लोग परिवार के बाहर नहीं सोच पाते थे। यह फिर तमाम नारे देंगे, लेकिन इन्हें जब भी मौका मिलेगा, तो वही करेंगे, जो पहले किया था। पहचान का संकट, अराजकता, सनातन धर्म पर प्रहार और दंगों की आड़ में फिर हर व्यक्ति को झुलसाएंगे। हमें इसकी पुनरावृत्ति नहीं होने देनी चाहिए। डबल इंजन सरकार सनातन आस्था को मजबूती प्रदान करने के लिए सदैव खड़ी है। बांटने, तोड़ने वाले और कमजोर करने वाले लोगों को कभी पनपने न दें। हम सभी इस संकल्प के साथ बढ़ेंगे, तो आने वाला समय सनातन धर्म का है। जिस तरह राम मंदिर पर ध्वज लहरा रहा है, उसी तरह दुनिया के अंदर सनातन का झंडा फहराता रहेगा और तब, बांग्लादेश में कमजोर व दलित हिंदू को काटने का कोई दुस्साहस नहीं कर पाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रयागराज की पावन धरा को कभी महर्षि भारद्वाज, महर्षि वाल्मीकि व अन्य पूज्य ऋषियों व महर्षियों ने अपने तप व साधना से सनातन धर्म के केंद्र के रूप में विकसित किया था। त्रिवेणी की इस पावन धरा पर 726 वर्ष पूर्व भक्ति शिरोमणि भगवान रामानंदाचार्य प्रकट हुए थे। प्रयागराज की पावन धरा, भगवान वेणी माधव की अपार कृपा से, भगवान अक्षयवट के सानिध्य में, त्रिवेणी का वह रूप जिसे हम मां गंगा, मां यमुना व मां सरस्वती के रूप में स्मरण करते हैं, देश-दुनिया से श्रद्धालु यहां आकर संगम में डुबकी लगाते हैं। यहां धर्म, न्याय और ज्ञान भी है। तीनों को लेकर देश भर के अलग-अलग जिज्ञासु इस पावन धरा पर उपस्थित होते हैं।

### मुख्यमंत्री ने संगम में लगाई आस्था की डुबकी साधु संतों ने किया स्वागत

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को प्रयागराज में लगे माघ मेले में संगम पर स्नान किया और मां गंगा की पूजा अर्चना की। उन्होंने तीन बार आस्था की डुबकी लगाई और बाद में संगम नोज के पास सतुआ बाबा के साथ नौका की सवारी भी की। मुख्यमंत्री के साथ मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह और नंद गोपाल नंदी ने भी संगम में स्नान किया। इसके बाद योगी ने संगम नोज पर गंगा पूजन किया। संगम तट के पास वे करीब 32 मिनट तक रहे। योगी ने लेटे हनुमान जी का भी दर्शन-पूजन किया फिर सतुआ बाबा के शिविर की ओर प्रस्थान किए। गोरक्षपीठाधीश्वर महंत योगी आदित्यनाथ जगद्गुरु महामंडलेश्वर सतुआ बाबा के शिविर में साधु-संतों के साथ भोजन करेंगे।

# अखिलेश ने चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर उठाए सवाल

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ कहा: पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक वर्ग के मतदाताओं के नाम जानबूझकर हटाने की साजिश चल रही

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद जारी की गई मतदाता सूची के मसौदे को लेकर सियासत गरमा गई है।

सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने चुनाव आयोग की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े करते हुए आरोप लगाया है कि पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) वर्ग के मतदाताओं के नाम जानबूझकर हटाने की साजिश चल रही है। यादव ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण के नाम पर बड़े पैमाने पर मतदाताओं के नाम काटे गए हैं और इसका सीधा असर पीडीए समाज पर पड़ा है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह पूरी प्रक्रिया लोकतंत्र को कमजोर करने और विपक्षी वोट बैंक को नुकसान पहुंचाने की मंशा से की जा रही है। सपा अध्यक्ष ने दावा किया कि कई जिलों में लाखों मतदाताओं के नाम सूची से गायब कर दिए गए, जबकि वे जीवित हैं और उसी स्थान पर निवास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह स्थिति चुनाव आयोग की निष्पक्षता और पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े करती है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार चुनावी लाभ के लिए प्रशासनिक तंत्र का दुरुपयोग कर रही है और चुनाव आयोग पर दबाव डालकर मतदाता सूची में हेरफेर करवाई जा रही है। उन्होंने सपा कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे बूथ स्तर पर सतर्क रहें।

# सदन का दुरुपयोग बर्दाश्त नहीं किया जाएगा: गुप्ता

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ सदन की कार्यवाहियों की कोई भी रिकॉर्डिंग केवल सदन की संपत्ति होती है: दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि सदन की कार्यवाहियों की कोई भी रिकॉर्डिंग केवल सदन की संपत्ति है और किसी राजनीतिक दल, व्यक्ति या बाहरी एजेंसी की नहीं है और इसका दुरुपयोग बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

विजेंद्र गुप्ता ने आज दिल्ली विधानसभा परिसर में संवाददाता सम्मेलन में आज कहा कि दिल्ली विधानसभा सचिवालय ने जालंधर में प्राथमिकी दर्ज किए जाने के मामले में औपचारिक नोटिस जारी किया है, जो विधानसभा कार्यवाहियों की कथित छेड़छाड़ वाले वीडियो क्लिप से संबंधित है। उन्होंने कहा कि पंजाब के डीजीपी, जालंधर पुलिस कमिश्नर और स्पेशल डीजीपी साइबर सेल को नोटिस जारी किए गए हैं और उन्हें 48 घंटे के भीतर लिखित स्पष्टीकरण तथा सभी संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है। नोटिस में कहा गया है कि सदन पहले से ही इस मामले से अवगत है और वीडियो क्लिप को फॉरेंसिक जांच और विशेषाधिकार समिति के पास भेजा गया है। उन्होंने कहा कि यह मामला अत्यंत गंभीर और संवैधानिक महत्व का है तथा सीधे सदन की गरिमा, अधिकार और विशेषाधिकारों से जुड़ा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह मुद्दा किसी एक व्यक्ति या राजनीतिक दल तक सीमित नहीं है। गुप्ता ने कहा कि जिस वीडियो के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई है, वह किसी व्यक्तिगत रिकॉर्डिंग नहीं, बल्कि सदन की आधिकारिक रिकॉर्डिंग है, जो पूरी तरह से दिल्ली विधानसभा की संपत्ति है। सदन की संपत्ति का इस प्रकार दुरुपयोग करना और इस आधार पर किसी मंत्री के खिलाफ एफआईआर दर्ज करना न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है, बल्कि अत्यंत गंभीर और निदनीय भी है।

विधानसभा अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि सदन की कार्यवाहियों की कोई भी रिकॉर्डिंग केवल सदन की संपत्ति है और किसी राजनीतिक दल, व्यक्ति या बाहरी एजेंसी की नहीं है। उन्होंने यह प्रश्न उठाया कि इस एफआईआर को किस अधिकार और किस आधार पर दर्ज किया गया। उन्होंने कहा कि पूरे प्रकरण में जालंधर के पुलिस कमिश्नर की भूमिका अत्यंत चिताजनक है और यह प्रथम दृष्टया सदन के विशेषाधिकारों का उल्लंघन प्रतीत होता है। इसलिए उनके खिलाफ विशेषाधिकार हनन का स्पष्ट मामला बनता है, जिसे सदन गंभीरता से देखेगा। विधानसभा अध्यक्ष ने आगे कहा कि विपक्ष की मांग पर और पूरी पारदर्शिता एवं निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए वीडियो क्लिप को फॉरेंसिक साइंस लैब भेजा गया। हालांकि, सदन की आधिकारिक रिकॉर्डिंग को 'छेड़छाड़ की गई' बताना स्वयं में सदन की गरिमा पर हमला है।

गुप्ता ने कहा कि यह केवल झूठा आरोप नहीं है, बल्कि एक सुनियोजित साजिश प्रतीत होती है, जिसका उद्देश्य सदन की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाना और संवैधानिक संस्थाओं को बदनाम करना है। उन्होंने आश्वस्त किया कि इस साजिश में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से शामिल पाए जाने वाले सभी लोग सदन की कठोरतम कार्रवाई का सामना करेंगे। उन्होंने कहा कि सदन अपने अधिकारों और विशेषाधिकारों की रक्षा करना जानता है और किसी भी कीमत पर सदन की गरिमा, उसकी संपत्ति और संवैधानिक मर्यादा के साथ समझौता नहीं करेगा। सदन ने इस पूरे मामले का विधिवत संज्ञान लिया है और नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। गुप्ता ने यह भी कहा कि बार-बार बुलाने के बावजूद विपक्ष की नेता आतिशी सदन में उपस्थित नहीं हुई और प्रदूषण पर चर्चा में भाग नहीं लिया। जब चर्चा चल रही थी, विपक्ष के सदस्य सदन से उठकर चले गए। सुश्री आतिशी से केवल संक्षिप्त माफी मांगने के लिए कहा गया था, लेकिन उन्होंने माफी नहीं मांगी, अन्यथा यह मामला वहीं समाप्त हो जाता।

# विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2026 के समापन सत्र को संबोधित करेंगे मोदी

नई दिल्ली, वार्ता



■ चुने हुए प्रतिभागी दस थीम वाले ट्रैक पर प्रधानमंत्री को अपनी प्रस्तुति देंगे

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वामी विवेकानंद की जयंती 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर यहां भारत मंडपम में विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2026 के समापन सत्र में हिस्सा लेंगे। इस मौके पर प्रधानमंत्री देश भर के लगभग 3,000 युवाओं के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय 'डायस्पोरा' का प्रतिनिधित्व करने वाले युवा प्रतिनिधियों से बातचीत करेंगे।

चुने हुए प्रतिभागी दस थीम वाले ट्रैक पर प्रधानमंत्री को अपनी प्रस्तुति देंगे, जिसमें राष्ट्रीय महत्व के प्रमुख क्षेत्रों पर युवाओं के नेतृत्व वाले दृष्टिकोण और कार्रवाई योग्य विचार साझा किए जाएंगे। कार्यक्रम के दौरान, प्रधानमंत्री विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2026 के लिए निबंध संकलन जारी करेंगे, जिसमें भारत की विकास प्राथमिकताओं और राष्ट्र निर्माण के दीर्घकालिक लक्ष्यों पर युवा प्रतिभागियों के चुनींदा निबंध शामिल होंगे। विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग, एक राष्ट्रीय मंच है, जिसे भारत के युवाओं और राष्ट्रीय नेतृत्व के बीच व्यवस्थित संपर्क को सुविधाजनक बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। यह अब अपने दूसरे संस्करण में प्रवेश कर चुका है। विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग प्रधानमंत्री के स्वतंत्रता दिवस के उस आह्वान के अनुरूप है, जिसमें एक लाख युवाओं को बिना किसी राजनीतिक जुड़ाव के राजनीति में शामिल करना और उन्हें विकसित भारत के लिए अपने विचारों को हकीकत बनाने के लिए एक राष्ट्रीय मंच प्रदान करना है। नौ से 12 जनवरी तक आयोजित हो रहे विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2026,में देश भर के 50 लाख से अधिक युवाओं ने विभिन्न स्तरों पर भाग लिया है। राष्ट्रीय स्तर की चैंपियनशिप में भाग लेने वाले युवा नेताओं का चयन एक कठिन, योग्यता-आधारित तीन-चरणीय चयन प्रक्रिया के माध्यम से किया गया है, जिसमें देशव्यापी डिजिटल क्विज, एक निबंध चुनौती और राज्य-स्तरीय विजन प्रेजेंटेशन शामिल हैं। डायलॉग का दूसरा संस्करण अपने पहले संस्करण की सफलता पर आधारित है, जिसमें कई नए प्रमुख बदलाव किए गए हैं, जिसमें 'डिजाइन फॉर भारत, टेक फॉर विकसित भारत -हैक फॉर ए सोशल कॉज', विस्तारित थीम वाले जुड़ाव और पहली बार अंतर्राष्ट्रीय भागीदारी शामिल है, जो डायलॉग के दायरे और प्रभाव को और मजबूत करता है।

# गोयल ने ब्रुसेल्स यूरोपीय संघ के साथ की उच्चस्तरीय व्यापार समझौता वार्ता

■ वाणिज्य मंत्री आठ-नौ जनवरी को एफटीए वार्ताओं के लिए ब्रुसेल्स में थे

**नई दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की यूरोपीय संघ के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर ब्रुसेल्स में दो दिन की बातचीत एक आधुनिक, व्यापक और पारस्परिक रूप से लाभकारी समझौता शीघ्र संपन्न करने पर दोनों पक्षों की ओर से नए सिरे से दृढ़ संकल्प व्यक्त करने के साथ सम्पन्न हुई है।

वाणिज्य मंत्री आठ-नौ जनवरी को एफटीए वार्ताओं के लिए ब्रुसेल्स में थे। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में गोयल की इस यात्रा समझौते की दिशा में महत्वपूर्ण बताया गया है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि आठ-नौ जनवरी की इस यात्रा के दौरान गोयल ने ईयू के व्यापार एवं आर्थिक सुरक्षा आयुक्त मारोस शेफकोविच के साथ कई बार बाचतीत की और दोनों नेताओं ने वार्ता टीमों को लंबित मुद्दों को हल करने और समझौते को शीघ्रता से आगे बढ़ाने के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया। मंत्रालय ने कहा है कि वाणिज्य मंत्री की इस यात्रा के साथ दोनों पक्षों के बीच ब्रुसेल्स में एक सप्ताह तक चला गहन राजनयिक और तकनीकी बैठकों का दौर पूरा हुआ। यह बातचीत भारत और यूरोपीय संघ के बीच प्रस्तावित व्यापक एफटीए को साकार करने के लिए दोनों पक्षों के राजनीतिक संकल्प को रेखांकित करता है। श्री गोयल और शेफकोविच के बीच मंत्रिस्तरीय बैठक से पहले, वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल और यूरोपीय आयोग की व्यापार महानिदेशक सबाइन वेयंड के बीच 6-7 जनवरी को उच्च स्तरीय चर्चाएं हुईं विभिन्न मुद्दों पर व्यापार वार्ताओं में हुई प्रगति का जायजा लिया गया।

अधिकारियों ने मतभेदों को कम करने और लंबित मुद्दों पर स्पष्टता सुनिश्चित करने के लिए काम किया, जिससे मंत्रिस्तरीय वार्ता का मार्ग प्रशस्त हुआ। विज्ञप्ति में कहा गया है कि श्री गोयल और शेफकोविच ने प्रस्तावित समझौते के प्रमुख विषयों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया। दोनों पक्षों ने वस्तुओं के लिए बाजार में प्रवेश, माल की उत्पत्ति के नियम, सेवाओं आदि सहित विभिन्न वार्ता क्षेत्रों में हुई प्रगति पर गौर किया। दोनों पक्षों ने एक निष्पक्ष, संतुलित और महत्वाकांक्षी समझौते को अंतिम रूप देने के रणनीतिक महत्व पर बल दिया जो उनके साझा मूल्यों, आर्थिक प्राथमिकताओं और नियम-आधारित व्यापार ढांचे के प्रति प्रतिबद्धता के अनुरूप हो।

# अंकिता मामले की सीबीआई जांच छह माह में पूरी हो: कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता




■ अपराधियों को न्याय प्रक्रिया से दूर रखने की व सबूत मिटाने वालों पर भी कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए: अलका लाम्बा

कांग्रेस ने अंकिता भंडारी हत्याकांड की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की जांच छह माह में पूरी करने और अपराधियों को न्याय प्रक्रिया से दूर रखने की मांग करते हुए कहा है कि जिन लोगों ने रिजॉर्ट पर बुलडोजर चलाकर सबूतों को नष्ट करने का काम किया है, उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जानी चाहिए।

महिला कांग्रेस अध्यक्ष अलका लाम्बा तथा पार्टी के संचार विभाग में सचिव वैभव वालिया ने शनिवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि राज्य के मुख्यमंत्री पुष्करसिंह धामी ने शुरु से ही इस मामले में लीपापोती करने का प्रयास किया है। धामी ने जनता के दबाव में विशेष जांच दल-एसआईटी गठित किया, लेकिन इस जांच में जिन वीआईपी के नाम लिए गए उनसे पूछताछ तक नहीं की गई। उनका कहना था कि जिस रिजॉर्ट में यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई वह भाजपा के मंत्री का था और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस मामले में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई, जबकि उन्हें इस पर माफी मांगनी चाहिए थी। हत्याकांड की घटना का विवरण देते हुए उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की बेटी अंकिता भंडारी, भाजपा नेता विनोद आर्या के रिजॉर्ट में नौकरी करती थी। उसकी नौकरी को महीना भी नहीं हुआ था कि उस पर गत वर्ष 18 सितम्बर को वीआईपी मेहमानों को अनैतिक सेवाएं देने का दबाव बनाया गया लेकिन अंकिता ने मना कर दिया। इसके बाद अंकिता की हत्या कर उसका शव नहर में फेंक दिया गया। उन्होंने कहा कि इस मामले में 19 से 22 सितम्बर तक सिर्फ गुमशुदगी की रिपोर्ट ली गई और 23 सितम्बर को स्थानीय भाजपा विधायक रेनू बिष्ट मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर रिजॉर्ट पर बुलडोजर चलवाया गया। इस कारवाई का साफ मकसद रिजॉर्ट से सारे सबूत नष्ट करना था क्योंकि अंकिता रिजॉर्ट में ही रहती थी। फिर 24 सितम्बर को अंकिता का शव नहर से बरामद किया गया तब उसके माता-पिता अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया। मामले ने तूल पकड़ा, तो भाजपा नेता विनोद आर्या के बेटे पुलकित आर्या, सौरभ भास्कर और अंकित गुप्ता की गिरफ्तारी हुई। इस गिरफ्तारी के बाद जनता सड़कों पर उतरी, तो मुख्यमंत्री ने दबाव में एसआईटी का अक्टूबर 2022 में गठन कर दिया। इस मामले में तीन आरोपियों को उम्रकैद की सजा हुई, लेकिन अंकिता पर दबाव बनाने वाला वीआईपी कौन था इसका अब तक पता नहीं चला। सुश्री लाम्बा ने श्री मोदी से सवाल किया कि यदि वह एक दिन में ही नोटबंदी की घोषणा कर सकते हैं, तो 3 साल से अंकिता को न्याय दिलाने में दिक्कत क्यों हो रही है जबकि अंकिता के पिता भाजपा नेता अजय कुमार और दुष्यंत कुमार का लगातार नाम ले रहे हैं, लेकिन एसआईटी ने उनसे पूछताछ तक नहीं की। उन्होंने रिजॉर्ट पर बुलडोजर चलाने पर भी सवाल उठाए और कहा कि बिना न्यायिक आदेश के स्थानीय भाजपा विधायक ने रिजॉर्ट पर बुलडोजर क्यों चलवाया। एसआईटी की जांच में वीआईपी का नाम क्यों नहीं आया और यदि आरोप गलत था, तो इसका खंडन क्यों नहीं किया गया। उनका कहना था कि इस मामले में भाजपा नेताओं का नाम आने पर सिर्फ निष्कासन ही पर्याप्त नहीं था और यदि मंत्री के बेटे का नाम आया था, तो मोदी माफी मांगनी चाहिए थी। उन्होंने इस मामले में वीआईपी एंगल की स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच कराने की मांग करते हुए कहा कि सबूत नष्ट करने और बुलडोजर चलाने का आदेश देने वालों पर भी कार्रवाई होनी चाहिए। इसके साथ ही महिला कार्य स्थलों पर सुरक्षा कानूनों का सख्ती से अनुपालन होना चाहिए।

# दिनदहाड़े हुई हत्या मामले में तीन सगे भाई गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने दिनदहाड़े हुई क्रूर हत्या के मामले में तीन सगे भाइयों को गिरफ्तार किया है। अपराध करने के बाद सभी फरार थे।कोर्ट ने उनके खिलाफ पहले ही गैर-जमानती वारंट जारी कर दिए थे।

दिल्ली पुलिस उपायुक्त पंकज कुमार ने बताया कि 20.सितंबर 2025 को बवाना जे जे कॉलोनी में आरोपी मनीष (25) ने अपने भाइयों राजेश (26) और राजा (24) के साथ-साथ अन्य साथियों के साथ, शिकायतकर्ता पक्ष पर एक क्रूर और पहले से सोची-समझी योजना के तहत हमला किया।इस बर्बर हमले के दौरान, शिकायतकर्ता के करीबी दोस्त बादशाह को बेरहमी से कई बार चाकू मारा गया। वह मौके पर ही गिर गया और बाद में चोटों के कारण उसकी मौत हो गई।हत्या के तुरंत बाद, आरोपी फरार हो गए।जांच के दौरान,आरोपी मनीष, राजेश और राजा अपराध करने में सक्रिय रूप से शामिल पाए गए और फरार थे। इसके बाद कोर्ट ने उनके खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किए थे।

अपराध की जघन्य प्रकृति और सार्वजनिक प्रभाव को देखते हुए, अपराध शाखा आर.के. पुरम की टीम को हमलावरों के बारे में कोई भी सुराग पाने का निर्देश दिया गया। इस पर टीम ने मैनुअल जानकारी के साथ-साथ तकनीकी जानकारी भी इकट्ठा की। शुरुआती जांच में पता चला कि आरोपी मनीष -बवाना थाने का बैड कैरेक्टर (बीसी) है और वह पहले भी अपने खिलाफ दर्ज कई अपराधिक मामलों में शामिल पाया गया था। यह भी पता चला कि तीनों आरोपी सगे भाई हैं और वे बिहार के रहने वाले हैं। इसके बाद एसीपी उमेश बर्थवाल,की देखरेख में इंस्पेक्टर विवेक मलिक के नेतृत्व में टीम ने 08.जनवरी को गुप्त सूचना के आधार पर तीनों आरोपी मनीष, राज. ेश और राजा को बेगूसराय, बिहार से पकड़ लिया। लगातार पूछताछ करने पर, आरोपियों ने उपरोक्त हत्या के मामले में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली है। पूछताछ करने पर आरोपी मनीष ने बताया कि शिकायतकर्ता उनसे दुश्मनी रखता था और उनसे बदला लेना चाहता था। कुछ महीने पहले शिकायतकर्ता जी और राजेश / हड्डी (आरोपी मनीष का भाई) के बीच कुछ झगड़ा हुआ था, जिसमें राजेश/हड्डी को चोटें आई थीं। इसलिए, उसने अपने भाइयों और अन्य साथियों के साथ मिलकर शिकायतकर्ता और उसके दोस्तों को खत्म करने का फैसला किया और उन पर चाकू से हमला किया। हत्या करने के बाद, तीनों मौके से फरार हो गए और बिहार में छिप गए।

## कुलजीत सिंह चहल ने खान मार्केट के मिडिल लेन सुधार कार्य का शिलान्यास किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली नगरपालिका परिषद के उपाध्यक्ष श्री कुलजीत सिंह चहल ने खान मार्केट, नई दिल्ली की मिडिल लेन के सुधार कार्य का शिलान्यास किया। इस अवसर पर सिविल इंजीनियरिंग विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, मार्केट ट्रेडर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधि और एनडीएमसी के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।सभा को संबोधित करते हुए चहल ने बताया कि एनडीएमसी ने हाल ही में अपना बजट 2026ख27 प्रस्तुत किया है, जिसमें नई दिल्ली को विकसित और आधुनिक बनाने के प्रधानमंत्री के विजन के अनुरूप कई विकास कार्य शामिल हैं। उन्होंने कहा कि प्रमुख बाजारों का पुनर्विकास और उन्नयन एनडीएमसी की प्राथमिकताओं में है और राजधानी के सबसे प्रसिद्ध बाजारों में से एक खान मार्केट पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। चहल ने कहा कि विकसित भारत, विकसित दिल्ली और विकसित एनडीएमसी के लक्ष्य के साथ नए साल में खान मार्केट में नई ऊर्जा के साथ विकास कार्यों की शुरुआत की गई है।

# वर्ल्ड क्लास एजुकेशन व इनोवेशन हब बनेगी नरेला की एडुसिटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने आज एक प्रेस वार्ता में बताया की दिल्ली सरकार ने आज शिक्षा के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक और दूरगामी प्रभाव डालने वाला कदम उठाया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार नरेला एजुकेशन सिटी को वर्ल्ड क्लास एडुकेशन सिटी बनाने जा रही है। इसी कड़ी में उपराज्यपाल की उपस्थिति में लोक निवास में दिल्ली टीचर्स यूनिवर्सिटी और गुरु गोविंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय को नरेला एजुकेशन सिटी में लगभग 12.69 एकड़ और 22.43 एकड़ भूमि के पोजेशन लेटर सौंपे गए। इससे एजुकेशन सिटी परियोजना को ठोस गति मिलेगी।

सूद ने यह भी बताया की इससे पूर्व आईजीडीटीयू को 50 एकड़ भूमि का पोज. ेशन लेटर दिया जा चुका है। इस प्रकार, नरेला में लगभग 160 एकड़ भूमि पर एक वर्ल्ड-क्लास एजुकेशन और इनोवेशन हब विकसित करने की दिशा में दिल्ली सरकार तेजी से आगे बढ़ रही है।

शिक्षा मंत्री ने आगे बताया की दिल्ली सरकार ने इन भूमि आवंटनों के लिए डीडीए को भुगतान की प्रक्रिया भी तेजी से पूरी की है। पहले जहां इस परियोजना के लिए 500 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया था, वहीं आवश्यकता को देखते हुए हालिया बजट में इसे बढ़ाकर 1300 करोड़ रुपये कर दिया गया है। दिल्ली सरकार द्वारा अब तक लगभग 462 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है और शेष राशि का भुगतान भी इसी वित्तीय वर्ष में पूरा कर दिया जाएगा। सूद ने आगे कहा की नरेला एजुकेशन सिटी में केवल इमारतें नहीं होगी, बल्कि यह ग्लोबल बेस्ट प्रैक्टिस पर आधारित एक साझा (शेयरड) कैंपस मॉडल होगा, जिसमें आधुनिक लाइब्रेरी, अत्याधुनिक लैब्स, सेमिनार हॉल, ऑडिटोरियम और रिसर्च व इनोवेशन सुविधाएं विकसित की जाएंगी, ताकि संसाधनों का सर्वोत्तम उपयोग हो और अधिक से अधिक छात्रों को इन सुविधाओं का सीधा लाभ मिल सके।इसके साथ ही नरेला में बनाये जा रहे विश्वविद्यालय परिसरों में फैकल्टी और स्टाफ के लिए एलआईजी , एमआईजी, एचआईजी और ईडब्ल्यूएस के फ्लैट के रूप में आवासीय सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी। कई विश्वविद्यालयों द्वारा फ्लैट्स, हॉस्टल और अन्य सुविधाओं के निर्माण पर लगभग 567 करोड़ रुपये का निवेश प्रस्तावित है। इन सभी कार्यों के लिए दिल्ली सरकार द्वारा वैज्ञानिक अध्ययन और अंतरराष्ट्रीय स्तर के कंसल्टेंट्स की मदद ली जा रही है।उन्होंने यह भी कहा की नरेला एक रणनीतिक रूप से भी महत्वपूर्ण क्षेत्र है रिठालाखनरेला मेट्रो कॉरिडोर का कार्य प्रगति पर है जिससे नरेला की कनेक्टिविटी बढ़ेगी और आस पास के क्षेत्र के विकास को नया आयाम मिलेगा।

# रेखा गुप्ता ने राष्ट्रीय जूनियर हैंडबॉल चैंपियनशिप का किया शुभारंभ

**■ मुख्यमंत्री ने युवा खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 47वीं राष्ट्रीय जूनियर बॉयज हैंडबॉल चैंपियनशिप का शुभारंभ किया। पीतमपुरा स्थित सरकारी स्कूल में आयोजित इस प्रतियोगिता में मुख्यमंत्री ने देशभर से आए युवा खिलाड़ियों से विशेष अपनापन व्यक्त किया, उनका उत्साह बढ़ाया और खेल भविष्य को लेकर बड़ा विजन भी साझा किया। मुख्यमंत्री ने युवा खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि आपकी सफलता पूरे देश की सफलता है। आप खेलें और दुनिया में देश का नाम रोशन करें। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विजेता टीम के लिए एक लाख रुपये पुरस्कार की घोषणा भी की।

इस आयोजन में युवा खिलाड़ियों का उत्साह देखकर मुख्यमंत्री भावुक नजर आईं। उन्होंने कहा कि खेल के प्रति आपकी लगन यह दर्शाती है कि आप देश की मिट्टी से जुड़े हुए हैं। आप युवा ही इस राष्ट्र की असली शक्ति हैं।

मुख्यमंत्री ने दिल्ली सरकार की नई खेल नीतियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जब से हमारी सरकार बनी है, हमने खेलों को प्रोत्साहित करने के लिए अनेक काम किए हैं। उन्होंने बताया कि दिल्ली के ठप पड़े स्पोर्ट्स सिस्टम को पुनर्जीवित किया गया है। खिलाड़ियों के भत्ते बढ़ाए गए हैं और स्कूल स्तर से ही सहायता राशि दी जा रही है। इस अवसर पर भारतीय हैंडबॉल फेडरेशन के अध्यक्ष महेश कुमार, स्थानीय निगम पार्षद श्री अमित नागपाल सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने बताया कि उनकी सरकार आने के बाद स्टेट लेवल पर खेलने वाले दिल्ली के प्रत्येक खिलाड़ी का अलाउंस बढ़ाया गया है ताकि खिलाड़ी बिना किसी बाधा के अपना अभ्यास जारी रख सकें।




**मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ४७वीं राष्ट्रीय जूनियर हैंडबॉल चैंपियनशिप शुभारंभ करते हुए।**

## एक नजर

### फेस ग्रुप वजी.सी.आई.एम.एस. ने किया मानद डॉक्टरेट सम्मान समारोह का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** शिक्षा, साहित्य, समाजसेवा और जनकल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली हस्तियों को अंतरराष्ट्रीय मंच पर सम्मानित करने के उद्देश्य से फेस ग्रुप और कनाडा स्थित ग्लोबल काउंसिल ऑफ इंटीग्रेटिव मेडिकल साइंसेज (जी.सी.आई.एम.एस.) के संयुक्त तत्वावधान में मानद डॉक्टरेट डिग्री प्रदान करने का भव्य समारोह आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम 5 जनवरी को लोधी रोड स्थित इंडिया इस्लामिक कल्चरल सेंटर, नई दिल्ली में सम्पन्न हुआ। समारोह के दौरान कुल छे विशिष्ट व्यक्तित्वों को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं और समाज में विशिष्ट योगदान के लिए मानद डॉक्टरेट (आनरेरी डॉक्टरेट) की उपाधि प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मान पाने वालों में उर्वशी अग्रवाल, एडवोकेट शाहजबीन काजी, गुरबचन सिंह चौहान, मौलाना माजिद मजाहिरी, अल्तमश खघन तथा डॉ. विकास कुमार शामिल रहे। इन सभी को विभिन्न क्षेत्रों, साहित्य, विधि, सामाजिक सेवा, शिक्षा और जनकल्याण, में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए यह अंतरराष्ट्रीय सम्मान प्रदान किया गया।

सम्मान समारोह में दिल्ली पुलिस के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त राजेंद्र सिंह सागर (आई.पी.एस.) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे सम्मान न केवल व्यक्तिगत उपलब्धियों की पहचान होते हैं, बल्कि समाज को सकारात्मक दिशा देने वाले कार्यों के लिए प्रेरणा का स्रोत भी बनते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता फेस ग्रुप के चेयरमैन डॉ. मुश्ताक अंसारी ने की। उन्होंने कहा कि फेस ग्रुप शिक्षा, स्वास्थ्य और सामा. जिक एकता के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय रहा है और अंतरराष्ट्रीय संस्थानों के साथ मिलकर प्रतिभाओं को सम्मानित करना इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।समारोह में जी.सी.आई.एम.एस. (कनाडा) की ओर से बताया गया कि यह मानद डॉक्टरेट उन व्यक्तियों को प्रदान की जाती है, जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्रों में असाधारण नेतृत्व, सेवा और समाज कल्याण के लिए अनुकरणीय कार्य किए हैं। यह डिग्री संस्था के सेनेट बोर्ड की संस्तुति पर प्रदान की जाती है और अंतरराष्ट्रीय मान्यता प्राप्त है। कुल मिलाकर, यह सम्मान समारोह शिक्षा, साहित्य और समाजसेवा के क्षेत्र में कार्यरत लोगों के लिए प्रेरणादायी सिद्ध हुआ। फेस ग्रुप और जी.सी.आई.एम.एस. के इस संयुक्त प्रयास को उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों और बुद्धिजीवियों ने सराहा और इसे अंतरराष्ट्रीय सहयोग व सामाजिक सम्मान की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया।

### रॉबरी व आर्म्स एक्ट के दो मामलों में शामिल पीओ गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने रॉबरी और आर्म्स एक्ट के दो मामलों में शामिल पीओ को गिरफ्तार किया है।वह जुलाई, 2024 से फरार था और लगातार अपने ठिकाने बदल रहा था।

दिल्ली पुलिस उपायुक्त (अपराध) पंकज कुमार ने बताया कि 11 सितंबर 2025 को एक ऑटो ड्राइवर राजन बाबू रोड पर खड़ा होकर यात्रियों का इंतजार कर रहा था। अचानक, दो आरोपी आए और जबरदस्ती उसका मोबाइल फोन लूट लिया था आरोपियों में से एक शाहरुख / नईम को पहले ही इस मामले में गिरफ्तार किया जा चुका था और लूटा गया मोबाइल फोन उससे बरामद कर लिया गया था। आरोपी शेख आजाद इस मामले में केस दर्ज होने के बाद से फरार था। इसी बीच अपराध शाखा को पीओ को गिरफ्तार करने का काम सौंपा गया। इसके बाद एसीपी गिरीश कौशिक की देखरेख में इंस्पेक्टर संदीप स्वामी के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया।इसी बीच हेड कांस्टेबल नितिन को आरोपी शेख आजाद की गतिविधियों के बारे में खास जानकारी मिली। टेक्निकल सर्विलांस और ह्यूमन इंटेलिजेंस के आधार पर, टीम ने उसे जहांगीर पुरी में रामलीला मैदान के पास से गिरफ्तार कर लिया। उसने ऊपर बताए गए मामलों में अपनी संलिप्तता कबूल की है।पुलिस ने बताया कि आरोपी शेख आजाद को ड्रग्स की लत है और आसानी से पैसे कमाने के लिए उसने यह अपराध किया। अपराध करने के बाद, वह भुवनेश्वर भाग गया था और वहां मजदूर के तौर पर काम कर रहा था। अब, वह अपने परिवार वालों से मिलने के लिए दिल्ली के जहांगीर पुरी आया था, जहां से उसे गिरफ्तार किया गया।

## झाड़ियों से मिला युवक का शव

**नई दिल्ली।** सेक्टर 37 शनि मंदिर के पास भारत पेट्रोल पंप के पीछे खाली पड़ी जमीन में झाड़ियों से गुरुवार को बरामद किए गए क्षत-विक्षत शव की पहचान कर ली गई है। 30 वर्षीय युवक मूलरूप से उत्तर प्रदेश के कानपुर के मीरपुर छावनी का रहने वाला था। शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद उसके शव को स्वजन को सौंप दिया गया। यह भी पता चला कि युवक की हत्या धारदार हथियार से गला काटकर की गई थी। इसके बाद हाथ पैर बांधकर उसके शव को फेंका गया था।

सेक्टर 10ए थाना पुलिस और क्राइम ब्रांच ने शव मिलने के बाद मामले की जांच शुरू की थी। युवक की जेब से एक बिल पाया गया था। जब उस बिल पर दिए गए नंबर की जांच की गई तो युवक की पहचान फैसल इदरीसी के रूप में की गई।

# हिमांशु भाऊ गैंग के तीन शूटर को धरे

**■ आरोपी बवाना थाने के हत्या के प्रयास के मामले में वांछित थे।**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने हिमांशु भाऊ गैंग के तीन शूटर को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उनके पास से तीन अत्याधुनिक पिस्टल (प्रत्येक आरोपी से एक), नौ जिंदा कारतूस (प्रत्येक आरोपी से तीन), और एक चोरी की बाइक बरामद की है। आरोपी बवाना थाने के हत्या के प्रयास के मामले में वांछित थे।

दिल्ली पुलिस पुलिस उपायुक्त (स्पेशल सेल) किशन कुमार ने बताया कि 08.दिसंबर 2025 को,जब शिकायतकर्ता सुल्तानपुर डबास की ओर जा रहा था, तो सभी आरोपी एक बाइक पर कम्युनिटी सेंटर के पास खड़े थे। उन्होंने जानबूझकर उसकी स्कूटी को अपनी बाइक से टक्कर मारी, जिससे वह गिर गया और उसके बाद उन्होंने पीड़ित पर गोलियां चला दी, लेकिन वह किसी तरह बच निकला। इसके बाद बवाना थाने के तहत मामला दर्ज किया गया ।इसी बीच स्पेशल सेल की टीम को रोहिणी इलाके में अवैध हथियारों के साथ हिमांशु भाऊ गैंग से जुड़े शूटरों की आवाजाही के बारे में जानकारी मिली और यह भी पता चला कि वे सभी बवाना थाने में हत्या के प्रयास के उक्त मामले में वांछित है।

इस जानकारी पर एसीपी राहुल कुमार सिंह की देखरेख में इंस्पेक्टर मनदीप और जयबीर के नेतृत्व में टीम ने रोहिणी इलाके में छापा मारकर आरोपी पुनीत / अंकित (23),मोहित (24) और अनिकेत (21) को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके पास से तीन अत्याधुनिक पिस्टल (प्रत्येक आरोपी से एक), नौ जिंदा कारतूस (प्रत्येक आरोपी से तीन), और एक चोरी की बाइक भी बरामद की गई। पुलिस ने बताया कि आरोपी पुनीत/अंकित विदेश में रहने वाले नसीब के निर्देश पर हिमांशु भाऊ गैंग की आपराधिक गतिविधियों में शामिल था।पुलिस ने बताया कि पूंठ खुर्द का रहने वाला विक्की / हद्दल विदेश से हिमांशु भाऊ गैंग चला रहा है।

निजी दुश्मनी के कारण, विक्की / हद्दल ने गिरफ्तार आरोपियों को सुल्तानपुर डबास के रहने वाले पीड़ित पर गोली चलाने का निर्देश दिया था, ताकि वह अपने चाचा धर्मबीर की हत्या का बदला ले सके, जिनकी पहले यामीन / चंदू के भतीजे ने हत्या कर दी थी।

# बाइक सवारों ने स्नेच की थी चेन, तीन पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के दक्षिण पश्चिमी जिला पुलिस की एंटी स्नैचिंग सेल की टीम ने एक सीसीएल सहित तीन स्नैचरों को पकड़ा है।पुलिस ने उनके पास से एक टोपी और अपराध में इस्तेमाल की गई बाइक बरामद की है। आरोपियों ने बाइक पर पीछे से आकर सोने की चेन और टोपी छीनी थी।

दिल्ली के दक्षिण पश्चिमी जिला पुलिस उपायुक्त अमित गोयल ने बताया कि 01.जनवरी को सागरपुर थाने के तहत में सोने की चेन छीनने का मामला दर्ज किया गया, जिसमें बताया कि 1 जनवरी की रात लगभग 9 बजे जब वह अपने परिवार के सदस्यों के साथ शिवपुरी, वेस्ट सागरपुर, में थे, तो तीन अज्ञात व्यक्ति बाइक पर पीछे से आए और उनकी गर्दन से सोने की चेन और उस समय पहनी हुई टोपी छीन ली। इसके बाद एसीपी दिल्ली कैंट अनिल कुमार की देखरेख में

इंस्पेक्टर हरि सिंह के नेतृत्व में टीम ने जांच शुरू की। जांच के दौरान टीम ने घटनास्थल और आसपास के सीसीटीवी फुटेज का विशेषण किया। इसी बीच टीम ने एक गुप्त सूचना पर रौनक खानऔर नासिर खान को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ के दौरान, आरोपियों ने कबूल किया कि उन्होंने अपने दोस्त ष्वी के साथ मिलकर 1 जनवरी, की रात एक व्यक्ति से सोने की चेन और टोपी छीनी थी।



**सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तामांग ने भारत के उपराष्ट्रपति श्री सी. पी. राधा कृष्णन से भेंट करते हुए।**

## मुख्यमंत्री तामांग ने उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन से मुलाकात की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तामांग ने आज नई दिल्ली में भारत के उपराष्ट्रपति श्री सी. पी. राधा कृष्णन से भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सिक्किम की जनता की ओर से उपराष्ट्रपति को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं तथा उनके अच्छे स्वास्थ्य और निरंतर कुशलता की कामना की। बातचीत में सौहार्दपूर्ण आदान-प्रदान हुआ, बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री तामांग ने उपराष्ट्रपति को निकट भविष्य में सिक्किम राज्य आने का आमंत्रण भी दिया।

# फैशन शोकेस 'भारत वीव्स' के साथ संरचना एक्सपो का आगाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नेशनल डिजाइन सेंटर द्वारा आयोजित विशेष हैंडलूम और हैंडीक्राफ्ट एक्सपो 'संरचना' की भव्य शुरुआत फैशन शोकेस 'भारत वीव्स' के साथ हो चुकी है। यह प्रदर्शनी 10 जनवरी से 18 जनवरी 2026 तक हैंडलूम हाट, जनपथ, नई दिल्ली में आयोजित की जा रही है, जो प्रतिदिन सुबह 11:00 बजे से रात 8:00 बजे तक आमजन के लिए खुली रहेगी।

इस अवसर पर आयोजित 'भारत वीव्स' फैशन शोकेस, जिसे सत्यम फैशन इंस्टिट्यूट के सहयोग से क्यूरेट किया गया था, ने भारत की समृद्ध वस्त्र विरासत को आधुनिक दृष्टिकोण के साथ प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। शोकेस में वेडिंग कलेक्शन, फुलकारी कलेक्शन, साड़ी कलेक्शन, खादी कलेक्शन तथा पारंपरिक हैंडलूम पर आधारित कॉर्पोरेट कलेक्शन ने दर्शकों




का विशेष आकर्षण खींचा। रैम्प पर प्रदर्शित इन परिधानों में भारतीय बुनाई कला, उत्कृष्ट शिल्प कौशल और समकालीन फैशन का सुंदर एवं संतु. लित संगम स्पष्ट रूप से देखने को मिला।

# सांसद मनोज तिवारी पहुंचे इहबास हॉस्पिटल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** शनिवार को सांसद मनोज तिवारी ने इहबास अस्पताल का दौरा किया और मरीजों से बातचीत करके अस्पताल में मिल रहे उनके उपचार की जानकारी ली।

इस दौरान उनके साथ इहबास हॉस्पिटल के डायरेक्टर राजेंद्र धमीजा भी मौजूद थे स जब मरीज अस्पताल प्रशासन और डॉक्टर्स के इलाज से संतुष्ट दिखाई दिए तब मनोज तिवारी ने डायरेक्टर राजेंद्र धमीजा की तारीफ करते हुए कहा अच्छे नेतृत्व की वजह से मरीजों को इहबास में अच्छा इलाज मिल रहा है स इसके बाद सांसद मनोज तिवारी इहबास में आयोजित फोर्थ दिल्ली हेल्थ वारियर क्रिकेट टूर्नामेंट ट्रॉफी और स्पोर्ट्स डे में पहुंचे जो इहबास के खेल मैदान में आयोजित किया गया स जहां सांसद मनोज तिवारी ने भी बल्ले पर अपना



हाथ अजमाया स इस मौके पर विधायक अजय महावर, जिला अध्यक्ष यूके चौधरी,, पुनीत शर्मा, डायरेक्टर जीटीबी और डीएससीआई विनोद कुमार, डॉ ऋषभ शर्मा इहबास हॉस्पिटल, जयप्रकाश भी मौजूद थे। टूर्नामेंट के उद्घाटन के अवसर पर जीटीबी हॉस्पिटल और डीएससीआई के बीच टूर्नामेंट के पहले मैच का आयोजन किया गया। मैच में डीएससीआई हॉस्पिटल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया जीटीबी ने निर्धारित 15 ओवरों में 210 रनों का लक्ष्य रखा। इसके जवाब में डीएससीआई की टीम ने जवाबी कार्यवाही करते हुए 108 रन बनाकर 9 विकेट खो दिए और जीटीबी ने 101 रन से जीत हासिल की, जिससे उद्घाटन मुकाबला दर्शकों के लिए बेहद रोमांचक रहा।

# व्यावसायिक विवादों के समाधान में 'मिडिएशन' अनिवार्य : जस्टिस माहेश्वरी

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय के माननीय न्यायाधीश जस्टिस जे.के. माहेश्वरी ने आज कमर्शियल विवादों के निपटारे में मध्यस्थता (डमकपंजपवद) की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया।

जस्टिस महेश्वरी महेश्वरी दिल्ली के कांस्टीट्यूशन क्लब में ग्लोबल मेडिएशन कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे. कॉन्फ्रेंस का आयोजन इंग्लैंड की रिजॉल्वीफाई फर्म ने किया था. सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए उन्होंने कहा कि मिडिएशन केवल एक प्रक्रिया नहीं, बल्कि एक विज्ञान है. जिसे अब व्यावसायिक मामलों में भी अनिवार्य (Mandatory) कर दिया गया है। जस्टिस माहेश्वरी ने मध्यस्थता की जड़ों को भारतीय संस्कृति और इतिहास से जोड़ते हुए त्रेता युग का उदाहरण दिया। उन्होंने बताया कि जामवंत पहले व्यक्ति थे जिन्होंने भगवान रामचंद्र को शांति के लिए मिडिएशन का सुझाव दिया था, जिसके बाद अंगद को रावण के दरबार में दूत बनाकर भेजा गया। इसी प्रकार, द्वापर युग में श्री कृष्ण ने कौरवों और पांडवों के बीच युद्ध टालने के लिए एक कुशल 'मिडिएटर' की भूमिका निभाई थी। लेकिन दोनों मामलों में मेडिएटर का संबंध दूसरे पक्ष के साथ होने के कारण विश्वसनीयता की कमी दिखाई दी और मध्यस्थता सिरे नहीं चढ़ पाई। इस ग्लोबल कॉन्फ्रेंस में कानूनी और सामाजिक क्षेत्र की कई दिग्गज हस्तियों ने शिरकत की. जिनमें स्टुअर्ट हैनसन, प्रदीप राय, तरुण राणा, अतुल सिंघल इत्यादि शामिल रहे। जस्टिस (रिटायर्ड) विनीत शरण: सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश ने आधुनिक कानूनी ढांचे में मध्यस्थता की बढ़ती प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला।

जबकि सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष आदिश अग्रवाल ने कानूनी पेशेवरों के बीच मिडिएशन के कौशल को विकसित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। सम्मेलन के आयोजक और इंग्लैंड मे पेशेवर मध्यस्थ के रूप मे कार्यरत चिराग मित्तल ने बताया कि उनकी संस्था तपेवसअपलि का मुख्य उद्देश्य वैश्विक स्तर पर विवादों के त्वरित और सौहार्दपूर्ण समाधान के लिए एक मंच प्रदान करना है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं





फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

# पत्नी से पीड़ित पति ने लगाए गंभीर आरोप



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**गाजियाबाद।** मोरटा निवासी सुनील ने मीडिया के समक्ष अपनी पत्नी पर गंभीर आरोप लगाते हुए दावा किया कि वह लगातार उसकी जिंदगी नर्क बना रही है। सुनील ने आरोप लगाया कि उनकी पत्नी (जिनका नाम नेहा बताया गया है, परिवर्तित नाम) के अन्य लोगों से अवैध संबंध हैं और इसके सबूत भी उनके पास मौजूद हैं।

सुनील ने बताया कि उनकी शादी 27 जून 2020 को सिहानी निवासी नेहा से हुई थी। 14 जून 2021 को उन्हें एक पुत्र की प्राप्ति हुई और कुछ समय तक सब कुछ ठीक चल रहा था। लेकिन बाद में उन्हें पत्नी के कथित अवैध संबंधों का पता चला। उन्होंने कई बार समझाने की कोशिश की, लेकिन पत्नी ने उनकी एक न सुनी और उल्टे उन पर फर्जी मुकदमे दर्ज करवा दिए। सुनील ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में मीडिया को बताया, मैं अपनी पत्नी से बचाओ... रोज पुलिस की प्रताड़ना से आहत हूं।

मेरे खिलाफ इतने मुकदमे दर्ज कर दिए गए हैं कि रोज थाने-चौकी और कोर्ट के चक्कर काट-काट कर मैं परेशान हो गया हूं। समाज में मेरी बहुत बदनामी हो रही है। मेरी पत्नी ने पुलिस की निगरानी में दहेज का सामान भी ले जाकर चली गई। फिर भी मेरी कोई सुनवाई नहीं हो रही। अब मेरे पास आत्महत्या करने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचता लग रहा है। युवक का आरोप है कि पुलिस उनकी शिकायतों पर ध्यान नहीं दे रही, बल्कि उल्टे उन्हें ही प्रताड़ित किया जा रहा है।

सुनील ने न्याय की गुहार लगाते हुए कहा कि उनके पास सबूत हैं, लेकिन कानूनी प्रक्रिया में उन्हें कोई राहत नहीं मिल रही। यह मामला वैवाहिक विवादों और घरेलू उत्पीड़न के आरोपों में पुलिस की भूमिका पर सवाल उठा रहा है। अभी तक पुलिस की ओर से इस संबंध में कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

# अग्रिम सुनवाई तक बैंक की नीलामी पर रोक

**कोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए 18 मई की तारीख नियत की है**




**शाह टाइम्स संवाददाता**
**गाजियाबाद।** गतवर्ष से डीआरटी में चल रहे एक प्रॉपर्टी विवाद को लेकर अग्रिम सुनवाई तक बैंक की नीलामी पर रोक लगा दी। लेकिन बैंक ने गत 29-12-25 को ही नीलामी कर दी। डीआरटी को गुमराह करने का प्रयास किया है जबकि नीलामी कर्ता हिंदुजा बैंक के वकील के द्वारा भ्रमित करने के साक्ष्य प्रस्तुत करने तथा दिल्ली डीआरटी में वाद लंबित होने के चलते नीलामी प्रक्रिया को सही ठहराने का प्रयास किया। लेकिन डीआरटी की बेंच ने उनके तर्क को आधारहीन बताते हुए पीड़ित पक्ष को राहत देते हुए नीलामी पर रोक लगा दी साथ ही आदेश दिया कि जिस आधार पर बैंक ने लोन देकर नीलामी प्रक्रिया की है उनके साक्ष्य प्रस्तुत करें संपत्ति स्वामी जाहिद अली का कहना है कि इस प्रॉपर्टी से संबंधित कोई भी विवाद दिल्ली में लंबित नहीं है। मालूम हो कि सराय नजर अली जीटी रोड स्थित मकान नंबर 28 जिस पर मालिकाना हक जाहिद अली का था जिसने उक्त प्रॉपर्टी को सुरेंद्र कौर समेत कई किरायेदारों को दी हुई थी।

जिन्होंने आपस में साँठ-गांठ कर कर तेजेंद्र सिंह को उक्त प्रॉपर्टी बेच दी। जिसने कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर प्रॉपर्टी पर 2 करोड़ का लोन ले लिया और पैसे लेकर फरार हो गया अब बैंक उक्त प्रॉपर्टी को नीलाम करना चाहता है जबकि बैंक द्वारा लोन देते समय ना तो छानबीन की गई और ना ही प्रॉपर्टी की प्रकृति को देखा जिसके चलते बैंक कर्मचारियों की नियत पर भी सवाल खड़े होते हैं। कोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए18 मई की तारीख नियत की है।

## ग्राम पतला में विद्युत विभाग ने चलाया अभियान



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**मोदीनगर।** विद्युत वितरण खण्ड, मोदीनगर के अन्तर्गत ग्राम पतला, मोदीनगर में धारा-05 की वसूली लॉन्ग अनपेड एवं नेवर पेड उपभोक्ता तथा विद्युत चोरी से सम्बन्धित प्रकरणों में बकायेदारों के बिजली बिल राहत योजना 2025-26 के अन्तर्गत पंजीकरण कराने हेतु तहसील, मोदीनगर के अधीन कार्यरत अमीन, एण्टी पावर थैप्ट, गाजियाबाद तथा उपखण्ड अधिकारी एवं विभागीय कर्मचारियों द्वारा संयुक्त अभियान चलाया गया। इसके तहत थेफ्ट केस,लॉन्ग अनपेड एवं त्वके 67 उपभोक्ताओं की परिसर को चेक करते हुए राजस्व जमा करने हेतु तगादा किया गया, जिसमें 27 नग विद्युत विच्छेदन, 1 के खिलाफ सीधे विद्युत चोरी धारा 135(अ) एवं 1 के खिलाफ विद्युत अनियमितता धारा 126 में प्राथमिकी दर्ज करायी गई। साथ ही थेफ्ट केस के 2 रजिस्ट्रेशन एवं लॉन्ग अनपेड के 10 रजिस्ट्रेशन किए गए।

## समाजसेवी चौधरी मंगल सिंह का जन्मदिन हर्षोल्लास से सम्पन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**गाजियाबाद।** सेवा सदन के संस्थापक, महामंत्री एवं मिशन 125 वर्ष स्वस्थ जीवन स्वस्थ भारत के प्रेरणास्रोत चौधरी मंगल सिंह के 76वें जन्मदिन को 5,सत्यम एनक्लेव,कोट गांव जीटी रोड स्थित सेवा सदन के प्रांगण में हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर उपस्थित समाज सेवियों,विद्वानों ने गौभक्त चौधरी मंगल सिंह को उनके द्वारा किये जा रहे उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया एवं जन्मदिन की बधाई दीं।

योगी प्रवीण आर्य ने चौधरी मंगल सिंह के जन्मदिन पर सुंदरकांड पाठ एवं दवामुक्त स्वस्थ जीवन विषय पर विचार गोष्ठी में स्वास्थ्य पर विस्तृत चर्चा करते हुए कहा कि आयुर्वेद



और योग को अपनाकर हम स्वस्थ रह सकते हैं।हमें योग को दैनिक दिनचर्या मे शामिल करना चाहिए तथा आवश्यकता पड़ने पर आयुर्वेद का सहारा लेकर स्वयं को स्वस्थ रखना चाहिए।

विचार गोष्ठी में चौधरी मंगल सिंह ने कहा कि आज हम जानेंगे हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता का स्वास्थ्य पर कितना प्रभाव पड़ता है।

समाजसेवी डा प्रमोद सक्सेना ने जनसेवा में समर्पित चौधरी मंगल सिंह को उत्तम स्वास्थ्य व सफल मानव जीवन की शुभकामनायें प्रदान की। इस अवसर पर सर्वश्री सुभाष शर्मा गुड्डी चौधरी,प्रमोद बंसल, कर्नल सुधीर चौधरी, ओमवीर सिंह, वीरेंद्र सिंह गिल, राजबती देवी, पूनम सिंह चंदेल, प्रिया सिंह, नजमा सैफई, सिवि गोयल, गीता चौधरी, डॉ विवेचना शर्मा वेद्य, वीरेंद्र कंडेरे, व्यापार मंडल के अध्यक्ष बालकिशन, अधिवक्ता धर्मेंदरी बुलंदशहर, अशोक भारती, सुरेश राणा, जगवीर सिंह, श्रेयांशी सिंघानिया, संजय चौधरी, चौधरी मनवीर सिंह, रामावतार पाटिल, देवेंद्र हितक. ारी, नरेश ठाकुर, सरवन कुमार, गयनेन्द्र मालिक प्रधान संजीव तेवटिया, रहुल पुनिया, सुनील चौधरी लोकेश चौधरी हरीश नारंग आदि उपस्थित रहे।

## नए वोटरों के लिए कैम्प का किया गया आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**साहिबाबाद।** कौशांबी स्थित पंचमणि टावर एवं कौशांबी पार्क ए एंड बी ब्लॉक प्लॉट एरिया में नए वोटरों के लिए क्षेत्रीय पार्षद कुसुम मनोज गोयल के नेतृत्व में कैंप का आयोजन किया गया। पंचमणि टावर पर करवा के महासचिव विनय महेश्वरी बूथ अध्यक्ष भाजपा कौशांबी द्वारा एवं प्लॉट एरिया पार्क एस के गोयल बूथ अध्यक्ष भाजपा की प्रमुख भूमिका रही। इस अवसर पर कौशांबी करवा के अध्यक्ष अजीत सिंह समाजसेवी कमल ओबेरॉय मंडल मंत्री कामिनी भदोरिया मनीष जैन वेदांता शिशिर परितोष अभिजीत आनंद शर्मा राकेश कुमार भूपेंद्र संतोष शर्मा पी बी राय ऋतु जैन प्रीती महेश्वरी शगुन नीतू चारू जैन सहीत अन्य लोग उपस्थित रहे। लगभग 122 लोगों ने अपना फॉर्म भरा।

# कौशल बोध से शिक्षण प्रक्रिया को मिलेगा नया आयाम



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**गाजियाबाद।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020एवम् राष्ट्रीय पाठ्य चर्चा रूप रेखा (NCF-SE) 2023 केप्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से दयावती मोदी पब्लिक स्कूल में कौशल बोध विषय पर एक एक दिवसीय सीबीएसई क्षमता निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों में कौशल आधारित अनुभावात्मक एवं जीवन उपयोगी शिक्षा को प्रभावी रूप से लागू करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य वी.के.राणा जी ने सीबीएसई दिल्लीकी संसाधन व्यक्तयों डा.गुरमीत गुप्ता एवं साधना चौधरी का पुष्प गुच्छ भेंट कर हार्दिक स्वागत किया। अपने स्वागत संबोधन में उन्होंने कहा कि कौशल बोध NEP 2020 एवम् NCF-SE 2023 की भावना के अनुरूप एक ऐसी शैक्षिक पहल है जो विद्यार्थियों को केवल अकाद. मिक ज्ञान ही नहीं बल्कि वास्तविक जीवन के लिए आवश्यक कौशलों से सशक्त बनाती है। कार्यशाला के दौरान संसाधन व्यक्तियों द्वारा learning by doing, गतिविधि आधारित शिक्षण,अनुभावात्मक अधिगम, आलोचनात्मक चिंतन, समस्या समाधान एवं सम्प्रेक्षण कौशलजैसे महत्वपूर्ण विषय पर प्रभावी प्रस्तुतीकरण एवम् गतिविधियों के माध्यम से मार्गदर्शन प्राप्त किया गया। शिक्षकों को यह स्पष्ट किया गया कि कौशल आधारित शिक्षा विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर, रचनात्मक एवं समस्या समाधान सक्षम नागरिक के रूप में विक. सित करने में सहायक है।



**मोदीनगर। मोदीनगर विधानसभा के ब्लॉक भोजपुर में अनेकों गांवों के जरूरतमंदों को कम्बल वितरित करती विधायक डॉ मंजू सिवाच। एसडीएम अजित कुमार सिंह, तहसीलदार रजत सिंह ,नायब तहसीलदार मुकेश शर्मा भी मौजूद रहे।**

# विधायक ने किया नवनिर्मित कार्यों का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**मोदीनगर।** विधानसभा क्षेत्र में निरंतर विकास कार्यों की श्रृंखला के अंतर्गत आज ग्राम मुकीमपुर एवं ग्राम अमीपुर में विधायक निधि (वर्ष 2025-26) से



स्वीकृत महत्वपूर्ण विकास कार्यों का विधिवत उद्घाटन किया गया। ग्राम मुकीमपुर में सरकारी रास्ते से रामभूल प्रजापति के मकान तक सी.सी. सड़क एवं नाली निर्माण कार्य का मेरे द्वारा फीता काटकर शुभारंभ किया गया। इस विकास कार्य की अनुमानित लागत 3.10 लाख (जी.एस.टी. सहित) है।

इसके उपरांत ग्राम अमीपुर में जीवन सिंह की ट्यूबवेल से नाहली वाले रास्ते तक इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण कार्य का भी विधायक निधि (वर्ष 2025-26) के अंतर्गत फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया गया। इस कार्य की अनुमानित लागत 10.63 लाख (जी.एस.टी. सहित) है। उद्घाटन के पश्चात माननीय विधायक डॉ मंजू शिवाच जी ने ग्रामवासियों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। विशेष रूप से महिलाओं द्वारा दैनिक जीवन से जुड़ी समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की गई।

## स्वामी विवेकानंद के आदर्शों पर अग्रसर हों युवा पीढ़ी: आशुतोष महाराज



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**गाजियाबाद।** स्वामी विवेकानंद माँ भारती का एक ऐसा सपूत जो इस ग्रह मंडल पर सिर्फ 39 वर्ष जीया, लेकिन मानव सभ्यता के इतिहास पर एक अमिट छाप छोड़ गया! जो एक युवा बनकर जीया और 'युवा' रूप में ही समाधिस्थ हो गया। जो विश्व भर के नौजवानों के लिए 'नौजवानी' की धड़कन बना! 'विश्व धर्म सम्मेलन' में जिसकी हाजिरी ने दुनिया भर को झंझोड़ डाला था। हाँ, ऐसा ही था- वह अद्भुत युवा संन्यासी- स्वामी विवेकानंद! आइए जानते हैं उन पहलुओं को जिन्होंने स्वामी विवेकानंद जी को आकार दिया; नरेन्द्र को विश्व-विजेता विवेकानंद बनाया।

स्वामी विवेकानंद जी कहा करते थे- 'यदि मैंने कभी एक भी हितकारी वचन बोला या कर्म किया, तो उसके वास्तविक स्रोत मेरे ठाकुर, मेरे गुरुदेव ही हैं।' इसलिए विवेकानंद बनने की ओर पहला चरण है- 'उत्तिष्ठत जाग्रत प्राप्य वरान्निबोधत'- उठो! जागो!... और एक पूर्ण महापुरुष को गुरुदेव के रूप में प्राप्त करो! सन 1886 में ठाकुर के देहावसान के बाद स्वामी विवेकानंद व उनके गुरु-भाइयों के जीवन ने एक करवट ली। अत्यंत कठिन दौर उनके जीवन में आया। अभाव की इस स्थिति में भी उनके पास कुछ अनमोल था। वह था, अपने गुरुदेव के ज्ञान को विश्व की कगार तक पहुँचाने का जज़्बा! यही कारण है कि इन शिष्यों ने विपरीत परिस्थितियों के बीच रहकर प्रचंड साधना और अध्ययन किया।

स्वयं का बौद्धिक और आध्यात्मिक निर्माण कर ये सभी अपने ठाकुर के मिशन की नींव के पत्थर बन गए। अत: विवेक. ानंद बनने का दूसरा सूत्र है- संघर्ष और साधना! सन 1888 के आसपास भेलूपुर, वाराणसी में स्थित दुर्गा मंदिर में एक ऐसी घटना घटी, जिसने स्वामी विवेक. ानंद जी को जीवन का एक महत्त्वपूर्ण पाठ पढ़ाया। ऐसी कि आपका आचरण ही सत्संग बनकर मुखर हो उठे। विदेश दौरे के बाद स्वामी विवेकानंद जी वापिस भारत लौटे। भारत माँ का एक अज्ञात पूत अब विश्व विजेता युवा संन्यासी की प्रसिद्धि पा चुका था। पर हजारों भारतवासियों के समक्ष उन्होंने जो कहा था, वह आँखों को नम कर देता है- 'पहले मैं भारत से प्यार करता था।

पर अब विदेशों की यात्रा करने के बाद मैं अपने भारत की पूजा करूँगा।' अत: विवेकानंद बनने का छठा सूत्र- अपनी मातृभूमि और स्वजनों से प्रेम! जन-कल्याण और लोकसंग्रह हेतु समर्पण का भाव! देह त्याग से पूर्व विवेकानंद जी का स्वास्थ्य निरन्तर गिरता जा रहा था। उनका शरीर काफी कमजोर हो गया था। पर मन में अभी भी वही स्फूर्ति व उत्साह था, जिसे वे अपने मिशन की शुरुआत में लेकर चले थे। कहते हैं, इन दिनों में भी स्वामी जी निरन्तर सेवा-कार्यों को देखते रहे। अत: विवेकानंद बनने का सातवां सूत्र है- अथक... अनवरत. .. कर्मशीलता!

## तनिष्का गैस एजेंसी ने वितरित किए नि:शुल्क गैस कनेक्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**मोदीनगर।** तनिष्का भारत गैस मोदीनगर द्वारा उज्ज्वला योजना 3. 0 के अंतर्गत निशुल्क गैस कनेक्शन वितरित किए गए। एजेंसी के संचालक मुकेश गोयल ने बताया कि उज्ज्वला योजना 3. 0 के अंतर्गत पात्र महिलाओं को चेयरमैन विनोद वैशाली व वरिष्ठ भाजपा नेता पवन सिंघल ने फ्री गैस कनेक्शन जिसमें एक भरा हुआ सिलेंडर, दो बर्नर का एक चूल्हा , एक सुरशा होज ( पाइप) व एक रेगुलेटर व कनेक्शन के पूर्ण कागज फ्री वितरित किए गए । सभी महिलाओं को गैस कनेक्शन इस्तेमाल करने की पूर्ण जानकारी गैस एजेंसी द्वारा दी गई। जिससे कि चूल्हा इस्तेमाल करते



समय कोई दुर्घटना ना हो। फ्री उज्जवला गैस कनेक्शन मिलने पर महिलाएं काफी खुश दिखाई दी व माननीय मोदी जी की सबने भूरी भूरी प्रशंसा भी की। इस अवसर पर मोदीनगर नगर पालिका के अध्यक्ष विनोद वैशाली व भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ पवन सिंघल के साथ पूर्व सभासद नवीन जायसवाल व बिजेंद्र चौधरी आदि ने सभी पात्र महिलाओं को गैस कनेक्शन वितरित किए। एजेंसी के स्वामी मुकेश गोयल ने गैस कनेक्शन लेने हेतु सभी कागजों के बारे में जानकारी दी, पात्र महिलाओं को गैस कनेक्शन लेने के लिए अपने राशन कार्ड व उसमें दर्ज सभी सदस्यों के आधार कार्ड व अपनी बैंक की पासबुक लेकर एजेंसी पर जमा करनी होगी। इस अवसर पर एजेंसी का पूर्ण स्टाफ मैनेजर कुलदीप, कंप्यूटर ऑपरेटर अमित शर्मा, अनु, व राजेंद्र आदि उपस्थित रहे।

### कृषक आईडी में ऑनलाइन नाम सही करा सकते हैं किसान

**मोदीनगर।** डॉक्यूमेंट में नाम में अंतर होने के कारण जिन किसानों की कृषक आईडी में नाम गलत हो गए हैं उनके लिए अवसर है कि वह राजस्व परिषद के पोर्टल पर जाकर अपने आधार कार्ड को अपलोड कर अपना नाम सही करा सकते हैं। यह जानकारी मोदीनगर तहसीलदार रजत सिंह ने दी, उन्होंने बताया कि जब तक नाम सही नहीं होंगे किसान सम्मान निधि नहीं प्राप्त हो सकेगी, अत: यह जरूरी है कि किसान स्वयं ही पोर्टल पर आधार कार्ड से नाम सही करवा लें, उन्होंने यह भी बताया कि इस कार्य के लिए कैंप भी लगाए जाएंगे लेकिन उससे पूर्व ही यदि किसान स्वयं ही ऑनलाइन नाम को सही करवा ले तो बहुत अच्छा रहेगा। यह भी बताया कि क्षेत्र के दर्जनों किसान पोर्टल द्वारा अपना नाम सही करवा भी चुके हैं।

## आरटीई दाखिले में बड़ा बदलाव: बच्चे के नहीं अब अभिभावक के आधार कार्ड से होगा प्रवेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा नि:शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम (आरटीई) के अंतर्गत आर्थिक रूप से कमजोर एवं वंचित वर्ग के बच्चों को निजी विद्यालयों में निर्धारित 25 प्रतिशत सीटों पर दाखिले हेतु नए दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। इंडियन पेरेंट्स एसोसिएशन की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सीमा त्यागी ने जानकारी देते हुए बताया कि कक्षा-1 एवं पूर्व-प्राथमिक कक्षाओं में आरटीई के अंतर्गत दाखिले के लिए अब बच्चे का नहीं बल्कि माता या पिता (अभिभावक) का आधार नंबर देना अनिवार्य होगा। यह निर्णय प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी एवं सरल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बताया कि पूरी आवेदन प्रक्रिया ऑनलाइन होगी तथा शिक्षा विभाग द्वारा 20 से 25 जनवरी के मध्य आरटीई दाखिलों से संबंधित विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए जाने की संभावना है। शासनादेश के अनुसार आवेदन पत्र में अभिभावक



को अपना आधार नंबर दर्ज करना होगा तथा वित्तीय सहायता प्राप्त करने हेतु आधार से लिंक बैंक खाते का विवरण देना भी अनिवार्य होगा। आरटीई के अंतर्गत चयनित प्रत्येक छात्र को किताबें, यूनिफॉर्म एवं अभ्यास पुस्तिकाएं खरीदने हेतु 5500 की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी, जो सीधे बैंक खाते में हस्तांतरित की जाएगी। इंडियन पेरेंट्स एसोसिएशन ने आरटीई दाखिलों को लेकर जागरूकता अभियान चलाने के लिए जिले के मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) का आभार व्यक्त किया है।

# आईटीएस डेंटल कॉलेज द्वारा लगाए गए स्वास्थ्य शिविर

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**मुरादनगर।** आई.टी.एस डेंटल कॉलेज द्वारा दिसंबर माह में मरीजों के लिए गाजियाबाद के विभिन्न स्थानों पर नियमित शि. विर का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत संस्थान ने गाजियाबाद जिले के 20 से अधिक हिस्सों में लगभग 4500 मरीजों के विभिन्न शिविर लगाये जिसमें कलछीना, खेरा, शही. दनगर, गढ़ी-नवेदा, अकाश नगर, खदहेदा, फरूक नगर, विजय नगर, मसूरी, रजापुर, नंदग्राम, भोजपुर, शमशेरपुर, नेहपाल, पंची आदि के साथ-साथ हाई एंड पेराडाइस, यूनिनव हाईटस, संगम हाईटस और चार्म केस्टल जैसी गाजियाबाद की विभिन्न



सोसायटियों में भी विभिन्न दंत चिकित्सा स्वास्थ्य स का आयोजन किया गया। इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य मौखिक स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना, व्यक्तियों को सामान्य दंत समस्याओं के प्रारंभिक संकेतों के बारे में शिक्षित करना और मुफ्त निदान तथा उपचार सेवाएं प्रदान करना था। प्रत्येक शिविर की शुरूआत मौखिक स्क्रीनिंग सत्र से हुई, जिसके बाद प्रत्येक मरीज को अपना उपचार कराने के लिए प्रेरित किया गया। विषेष रूप से दांतों की सड़न, मसूड़ों की बीमा. रियों, दंत फ्लोरोसिस और उन्हें रोकने के उपायों पर जोर दिया गया। इसके साथ ही उन्हें कैरियोजेनिक खाद्य पदार्थो के बारे में शिक्षित किया गया जो दांतों की सड़न पैदा कर सकते है। इसके बाद उन्हें मौखिक रोगों से संबंधित उनके प्रश्नों के उत्तर भी दिये। इसके अतिरिक्त मरीजों को संस्थान में प्रदान किये जाने वाले उन्नत उपचार जैसे डेंटल इंप्लांट, लैमिनेट्स, वेनीर्स, माइक्रोस्कोपिक रूट कैनाल ट्रीटमेंट, ब्रेसेस, एलाइनर्स, टीथ व्हाइटनिंग, हेयर ट्रांसप्लांट आदि के बारे में भी बताया गया। इसके बाद शिविर स्थल पर मरीजों के दांत निकाले गये, दांतो की सफाई करायी, दांतों की सड़न को रोकने के लिए एपीएफ जैल लगाना और और मरीजों का एक्स-रे तथा दांतो मे मसाला भी भरा गया। इसके अतिरिक्त, संस्थान के द्वारा भोजपुर में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र (पी.एच.सी) और मुरादनगर में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सी.एच.सी) में अपनी चल रही सेटेलाइट के जरिए लगभग 1500 से अधिक मरीजों को निशुल्क उपचार प्रदान किया। आई.टी.एस - द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन, डॉ आर. पी. चड्ढा तथा वाईस चेयरमैन, अर्पित चड्ढा की प्रेरणा से इन स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया।

# शालीमार बाग इलाके में महिला की गोली मारकर हत्या, जांच में जुटी पुलिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नॉर्थ-वेस्ट दिल्ली के शालीमार बाग थाना इलाके में शनिवार को एक महिला की सरेआम गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस वारदात के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। दिनदहाड़े हुई इस हत्या से लोग सहमे हुए हैं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल हत्या के पीछे की असली वजह साफ नहीं हो पाई है, लेकिन पुलिस हर एंगल से मामले की जांच कर रही है।

मृत महिला की पहचान रचना यादव के रूप में हुई है। रचना यादव के पति विजेंदर यादव की भी साल 2023 में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस को शक है कि दोनों हत्याएं आपस में जुड़ी हो सकती हैं और पति की हत्या में शामिल आरोपियों ने ही रचना यादव की भी हत्या करवाई हो। मृतका की बेटी ने बताया कि उसकी मां उसके पिता के मर्डर केस की मुख्य गवाह थीं। इसी वजह से आरोपियों ने साजिश रचकर उसकी मां की हत्या कर दी। उसने बताया कि उसके पिता की हत्या में कुल छह लोग शामिल थे, जिनमें से चार या पांच को पुलिस ने पकड़ लिया था, लेकिन एक मास्टरमाइंड अभी भी फरार है। उसने फरार आरोपी का नाम भारत यादव बताया, जो अलसवा इलाके में बेकरी चलाता है। बेटी ने आरोप लगाया कि उसी ने साजिश रचकर उसकी मां को मरवाया। उसने कोर्ट से अपील की कि उसके माता-पिता दोनों को इंसाफ दिलाया जाए और आरोपियों को फांसी की सजा मिले। इस मामले में डीसीपी नॉर्थ-वेस्ट भीष्म सिंह ने बताया कि सुबह करीब 11 बजे पुलिस को पीसीआर कॉल मिली थी, जिसमें सूचना दी गई कि एक महिला को गोली मार दी गई है। मौके पर पहुंचने पर पता चला कि रचना यादव नाम की महिला को गोली लगी है, जो शालीमार बाग में अपने परिवार के साथ रहती थीं। उसकी दो बेटियां हैं, जिनमें से बड़ी बेटी की शादी हो चुकी है और छोटी बेटी उसके साथ ही रहती थी। पुलिस ने बताया कि जब महिला किसी के घर से लौट रही थीं, तभी किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनके सिर में गोली मार दी, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। डीसीपी ने बताया कि इस केस की पृष्ठभूमि बलसवा गांव से जुड़ी हुई है, जहां रचना यादव के पति विजेंदर यादव की 2023 में हत्या हुई थी। शुरुआती जांच में यह मामला आपसी रंजिश या पारिवारिक दुश्मनी से जुड़ा हुआ लग रहा है। पुलिस बलसवा गांव से जुड़े सभी पहलुओं की गहराई से जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक, इस मामले में भरत यादव नाम का एक आरोपी फरार है, जिसे लेकर सुप्रीम कोर्ट ने भी सरेंडर करने के निर्देश दिए थे। उस एंगल से भी जांच की जा रही है।

# वाईफाई चेक के बहाने घर घर में घुसकर लूट

**नई दिल्ली।** उत्तर पूर्वी दिल्ली के भजनपुरा इलाके में दिनदहाड़े लूट की सनसनीखेज वारदात सामने आई है, जहां वाईफाई चेक करने के बहाने तीन बदमाश एक घर में दाखिल हुए और माँ बेटे को बंधक बनाकर चाकू की नोक पर नकदी और सोने की जूलरी लूटकर फरार हो गए। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। पीड़ित महिला की शिकायत पर भजनपुरा थाने में एफआईआर नंबर 0003/26 में बीएनएसएस की धारा 309(6)/3(5) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस के अनुसार 35 वर्षीय गीता शर्मा अपने पति राहुल शर्मा और दो बच्चों के साथ भजनपुरा के ए ब्लॉक गली नंबर 7 में रहती हैं। महिला ने बताया कि 8 जनवरी को उनके पति ऑफिस गए हुए थे। दोपहर करीब 1 बजकर 15 मिनट पर बेटे शिवम ने बताया कि दरवाजे पर दो लोग खड़े हैं। महिला ने पहले बेटे को दरवाजा न खोलने को कहा और खुद बाहर आई। दोनों युवकों ने खुद को वाईफाई ठीक करने वाला बताते हुए जांच और फोटो लेने की बात कही। बातों में आकर महिला ने दरवाजा खोल दिया। इसी दौरान उनके साथ आया तीसरा बदमाश चुपचाप अलमारी वाले कमरे में घुस गया। आरोप है कि बदमाशों ने दोनों बच्चों को बाथरूम में बंद कर दिया। इसके बाद पानी मांगने के बहाने महिला को किचन की ओर ले जाया गया और वहीं पीछे से मुंह दबाकर गले पर चाकू रख दिया गया। अलमारी की चाबियां लेकर लॉकर खोला गया और करीब तीन लाख रुपये नकद तथा सोने की जूलरी लूट ली गई। वारदात के बाद आरोपी फरार हो गए। पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और बदमाशों की शिनाख्त में जुटी है।

# गांधी के आर्थिक मॉडल को न अपनाना हमारी बड़ी भूल: हरिवंश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश ने कहा कि गांधीजी ने बहुत पहले ही स्वदेशी की अवधारणा को हमारे सामने ला दिया था, ये हमारी सबसे बड़ी भूल रही कि हमने तब उसे नहीं अपनाया।

वे गांधी स्मृति एवं दर्शन समिति द्वारा प्रकाशित कॉफी टेबल बुक 'गांधी: अहिंसा के योद्धा की सचित्र जीवन यात्रा' के विमोचन अवसर पर गांधी स्मृति में आयोजित एक कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इस पुस्तक को पूर्व केंद्रीय मंत्री एवम् गांधी स्मृति एवम् दर्शन समिति के उपाध्यक्ष विजय गोयल ने लिखा है।

इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षाविद मुकुल जी कानिटकर और इंडिया हैबिटेट सेंटर के निदेशक प्रो केजी सुरेश विशिष्ट अतिथि थे। हरिवंश ने कहा कि आजादी के अमृतकाल में हमने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से देश के अनेक सेनानियों का स्मरण किया है। देश की आजादी में अनेक लोगों ने योगदान दिया, गांधी उनमें प्रमुख थे। हरिवंश ने कहा कि गांधी आज भी प्रासंगिक हैं। उनका आर्थिक मॉडल हमें बहुत पहले अपना लेना चाहिए था।

हरिवंश ने कहा कि देश का बेहतर भविष्य बनाने के लिए हमें अपने बच्चों में गांधी के विचार उतारने होंगे।

राज्यसभा के उपसभापति ने गांधी पर चित्रात्मक और तथ्यात्मक पुस्तक लिखने के लिए विजय गोयल और गांधी स्मृति को बधाई दी।इस अवसर पर विजय गोयल ने कहा कि गांधी जी सत्य, अहिंसा, सेवा, त्याग और स्वच्छता जैसे सिद्धांतों को अपनाने की सीख देते रहे। उन्होंने स्वयं इन्हें अपने कार्यों में उतारा।गोयल ने कहा कि आज युवा पीढ़ी को गांधी के विचारों से सीख लेने की आवश्यकता है।

# सैन्य इतिहास की थीम के साथ विश्व पुस्तक मेला का हुआ उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेला के 53वां संस्करण का उद्घाटन किया। इस मौके पर कतर के भारत में राजदूत मोहम्मद हसन जबिर अल जबिर, कतर राज्य के संस्कृति मंत्री अब्दुलरहमान बिन हमद बिन जासिम बिन हमद अल थानी, स्पेन के संस्कृति मंत्री अर्नेस्ट उर्तासुन डोमेनेक, राष्ट्रीय पुस्तक न्यास-भारत के अध्यक्ष प्रो. मिलिंद सुधाकर मराठे, सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

उदघाटन समारोह का प्रमुख आकर्षण 'द सागा ऑफ कुदोपली: द अनसंग स्टोरी ऑफ 1857' के अनूदित संस्करणों का लोकार्पण रहा। समारोह को संबोधित करते हुए शिक्षा मंत्री ने कहा कि विश्व का सबसे बड़ा बी2सी पुस्तक मेला, नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेला 2026, केवल विचारों का संगम ही नहीं है, बल्कि यह भारत की सशक्त और जीवंत पठन संस्कृति का एक भव्य उत्सव भी है।

पुस्तक मेले की थीम 'भारतीय सैन्य इतिहास : शौर्य एवं प्रज्ञा/ 75' तथा कतर और स्पेन जैसे देशों की भागीदारी का उल्लेख करते हुए शिक्षा मंत्री ने इसे सांस्कृतिक और साहित्यिक आयोजन के महत्व को और बढ़ाने वाला कहा। स्पेन के संस्कृति मंत्री अर्नेस्ट उर्तासुन डोमेनेक ने स्पेन-भारत द्विवार्षिक वर्ष 2026 के दौरान स्पेन की भागीदारी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह मेला भारत में स्पेनिश लेखकों को बढ़ावा देने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है।




केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान विश्व पुस्तक मेला के 53वें संस्करण का उद्घाटन करते हुए।

# पैसों को विवाद में महिला की ईंट मारकर कर दी थी हत्या, गार्ड पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ल।** नरेला इंडस्ट्रियल एरिया इलाके में अंडर-कंस्ट्रक्शन साइट पर महिला की ईंट मारकर हत्या की वारदात में शामिल एक सिक्योरिटी गार्ड को गिरफ्तार किया,जिसके कब्जे से मृतक महिला का मोबाइल फोन भी जब्त कर लिया। आरोपी का महिला से पैसों का लेन-देन था। वारदात के वक्त दोनों में उसी बात को लेकर विवाद हुआ था।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते शुक्रवार को, सेक्टर-5, बवाना इंडस्ट्रियल एरिया में गश्त कर रहे पुलिस कर्मियों को एक अंडर-कंस्ट्रक्शन साइट पर महिला की हत्या होने के बारे में जानकारी मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची। एक टिन-शेड गार्ड रूम के अंदर महिला का शव पड़ा मिला,जिसके शरीर पर चेहरे पर चोट के निशान थे,जिससे यह भी पता चला कि महिला ने आरोपी से जान बचाने के लिये कोशिश भी की थी।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये नजदीक के अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज किया। एसीपी राकेश कुमार की देखरेख में एसएचओ मनोज कुमार यादव के निर्देशन में इंस्पेक्टर सुधीर राठी की टीम ने वारदात वाली जगह के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। वहां पर काम करने वालों से पूछताछ की और सभी की एक लिस्ट तैयार की। मृतक महिला की पहचान हलीया खातून (60) के रूप में की। वह मूलरूप से बरहरवा, अंचल- घोड़ासहन, जिला पूर्वी चंपारण, बिहार, की रहने वाली थी। दिल्ली में वह ए-ब्लॉक, जेजे कॉलोनी, बवाना में किराए के मकान में रह रही थी। जांच में पता चला कि साइट पर तैनात एक गार्ड सुरेश कुमार वारदात के बाद से ही फरार था।

## भारत प्रकाशन उद्योग में दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा केंद्र: धर्मेंद्र प्रधान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शनिवार को कहा कि भारत प्रकाशन उद्योग में दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा केंद्र बन चुका है। डिजिटल युग में किताबें मानव की सबसे बड़ी मित्र हैं और नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेला ज्ञान, विचार और संस्कृति का महाकुंभ बन गया है।

प्रधान ने यहां के भारत मंडपम में 10 से 18 जनवरी तक चलने वाले 53वें नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेले का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि मेले में 35 से अधिक देशों के 1,000 से ज्यादा प्रकाशक हिस्सा ले रहे हैं। इसके साथ ही 3,000 से अधिक स्टॉल लगाए गए हैं और 600 से ज्यादा साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। यह पहली बार है जब विश्व पुस्तक मेले में आम जनता के लिए प्रवेश पूरी तरह नि:शुल्क रखा गया है, जिससे लाखों पाठक, छात्र और परिवार बिना किसी शुल्क के मेले में भाग ले सकेंगे।

शिक्षा मंत्री प्रधान ने बताया कि इस वर्ष मेले की थीम भारतीय सैन्य इतिहास-शौर्य एवं प्रज्ञा /75 रखी गई है। यह थीम स्वतंत्रता के 75 वर्षों में भारतीय सशस्त्र सेनाओं के साहस, बलिदान और राष्ट्र निर्माण में योगदान को समर्पित है। थीम पवेलियन में सैन्य इतिहास से जुड़ी 500 से अधिक पुस्तकें, मॉडल प्रदर्शनी, 1971

युद्ध और कारगिल संघर्ष पर परिचर्चाएं तथा युद्ध नायकों के साथ संवाद आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भगवद्गीता में ज्ञान को सबसे पवित्र बताया गया है। यह मेला विचारों के आदान-प्रदान और संवाद का उत्सव है। यह आयोजन किताबों के साथ-साथ राष्ट्रभक्ति की भावना को भी सशक्त करता है।

# सोमनाथ अभिमान पर्व के अवसर पर किया अभिषेक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** देश भर में भगवान शिव के सोमनाथ स्थित मंदिर को गजनवी द्वारा लूटने के 1000 वर्ष पूर्ण होने पर देश भर में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व मनाया जा रहा है।

इस अवसर पर आज भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन ने कनाट प्लेस, स्थित प्राचीन शिव मंदिर में आशुतोष भगवान शंकर का दुग्ध अभिषेक किया और फिर प्राचीन हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना की। इस अवसर पर दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा, सांसद बाँसुरी स्वराज एवं भाजपा के राष्ट्रीय कार्यालय मंत्री महेन्द्र पांडेय ने भी भगवान शंकर का जलाभिषेक किया। नई दिल्ली भाजपा जिलाध्यक्ष रविन्द्र चौधरी एवं मीडिया रिलेशन प्रमुख विक्रम मित्तल भी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा पूरे देश में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व मनाया जा रहा है और आज भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन ने भगवान शिव की आराधना की। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा की दिल्ली में हर स्थानीय मंदिर में आज सोमनाथ अभिमान पर्व के अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया और लगभग 1 लाख कार्यकर्ताओं ने भगवान शिव की पूजा अर्चना की।जिस तरह से विदेशी आक्रांताओं ने सोमनाथ मंदिर पर आक्रमण किया। सन 1026 में से लेकर आज तक 1000 वर्षों की ये ऐसी गाथा है जो हमारी सांस्कृतिक विरासत और हमारी परंपरा को दर्शाती है। सचदेवा ने कहा सोमनाथ का मंदिर, जहां सागर भी भगवान शिव के चरण धोता है इस मंदिर की पुन: स्थापना हुई और उस मंदिर को लेकरहमारे पूरे समाज में विशेष आस्था भी है। यह पूरा 2026 वर्ष सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के रूप में मनाया जाएगा कि किस तरह से बार-बार आक्रमण करने के बावजूद भी हमारी धार्मिक, हमारी सांस्कृतिक शक्ति जो है वो इतनी मजबूती के साथ खड़ी है।



भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन कनाट प्लेस, स्थित प्राचीन शिव मंदिर में आशुतोष भगवान शंकर का दुग्ध अभिषेक करते हुए।

# बुजुर्ग से लाखों के गहने ठगे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** गांधी नगर इलाके में एक बुजुर्ग महिला को नशीला पदार्थ सुंघा कर तीन महिलाएं उनके गहने लेकर फरार हो गई। महिला की शिकायत पर मामला दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है। फिलहाल मौके के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल. कर तीनों महिलाओं की पहचान की कोशिश की जा रही है।

पुलिस के मुताबिक, 63 वर्षीय गीता भाटिया अपने परिवार के साथ सुभाष रोड, गांधी नगर में रहती है। आरोप है कि पांच जनवरी को वह दवा लेने के लिए झील चौक गई थी। वहां से दवा लेकर घर आ रही थी। तभी रास्ते में पूजा की दुकान पर पूजा का सामान लेने के दौरान एक अधेड़ महिला दो अन्य युवतियों के साथ पहुंची और आसपास एटीएम पूछने लगी। इसी बीच अधेड़ महिला ने हाथ में रुमाल रखा। फिर उनके चेहरे के आसपास घूमाने लगी। पीड़िता के बेहोश होने के दौरान तीनों महिलाओं ने उन्हें एक ई रिक्शा में बैठाया। उसके बाद उन्हें कुछ भी ध्यान नहीं रहा। जब उन्हें होश आया तो वह अपने आप को आजाद लाल बत्ती के पास पाया। होश आने पर पता चला कि उनके कान का चेन वाला टॉप्स और सोने की अंगूठी गायब है। तब उन्होंने अपने बेटे को फोन किया। बेटे उन्हें घर ले गए। बेटे ने उस दौरान पुलिस को कॉल कर सूचित किया। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# एमसीडी ने स्वच्छता अभियान चलाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम ने शहर की स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने, कचरा हटाने और धूल प्रदूषण को कम करने के उद्देश्य से विभिन्न जोन में व्यापक स्वच्छता अभियान आयोजित किए।

करल बाग जोन में बुध मंदिर रोड नंबर-3, हरिदयन सिंह रोड, वार्ड नंबर-84 में एक गहन स्वच्छता अभियान चलाया गया। यह अभियान लगभग 2 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला हुआ था तथा इसे लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के समन्वय से संपन्न किया गया। करोल बाग जोन की उपायुक्त सुश्री ममता यादव ने बताया कि मलबा एवं कचरा हटाने तथा गहन सफाई कार्यों के लिए पर्याप्त संख्या में मानवबल और मशीनरी तैनात की गई। इस दौरान 03 ट्रक, 02 टाटा ऐस वाहन, 01 लोडर, 01 जेसीबी, 15 टिपर और 05 ई-रिक्शा लगाए गए। इसके अतिरिक्त हरिदयन सिंह रोड पर धूल प्रदूषण को कम करने के लिए 01 एंटी-स्मॉग गन, 01 वाटर स्प्रिंकलर और 01 जेटिंग मशीन भी तैनात की गई।क्षेत्र की समुचित एवं प्रभावी सफाई सुनिश्चित करने के लिए 80 सफाई कर्मचारी एवं 10 बेलदार तैनात किए गए।

इस अभियान के परिणामस्वरूप लगभग 5 मीट्रिक टन (एमटी) कचरा क्षेत्र से हटाया गया। इसी प्रकार, एमसीडी के सेंट्रल जोन द्वारा जसौला पुलिया क्षेत्र में एक व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें जसौला विहार मुख्य मार्ग (जेडी बिड़ला मार्ग से पॉकेट-11, जसौला तक) को कवर किया गया। यह अभियान लगभग 21,600 वर्ग मीटर क्षेत्र में संचालित किया गया तथा इसमें पीडब्ल्यूडी और डीडीए की भी सहभागिता रही। इस अभियान में सभी संबंधित विभागों के कुल 112 कर्मियों को तैनात किया गया, जिनमें सफाई कर्मचारी, रखरखाव स्टाफ और बेलदार शामिल थे। अभियान के दौरान कुल 30 मशीनरी इकाइयाँ लगाई गईं, जिनमें जेसीबी, टिपर, ट्रक, वाटर टैंकर, जेटिंग मशीन, एंटी-स्मॉग मशीन, मेंटेनेंस वैन एवं अन्य सहायक उपकरण शामिल थे।

सेंट्रल जोन के इस अभियान के दौरान 08 गार्बेज वल्नरेबल पॉइंट्स (जीवीपी) को कवर किया गया। इस दौरान 55 मीट्रिक टन निर्माण एवं विध्वंस (सी एंड डी) कचरा/मलबा तथा 8.50 मीट्रिक टन सामान्य कचरा हटाया गया। इस प्रकार कुल 63.50 मीट्रिक टन कचरे का निस्तारण किया गया।

# 'अटल स्मृति सम्मेलन' में सीएम ने कार्यकर्ताओं का किया अभिनंदन

**1600 वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का दिल्ली भाजपा अध्यक्ष व मुख्यमंत्री ने शाल एवं पार्टी पटका पहना कर अभिनंदन किया।**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली** दिल्ली भाजपा के उत्तर पश्चिम जिले में पूर्व प्रधान मंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई के 100वीं जयंती वर्ष के अंतर्गत आज 'अटल स्मृति सम्मेलन' का आयोजन जिलाध्यक्ष विनोद सहरावत की अध्यक्षता में किया। सम्मेलन को दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, सांसद योगेन्द्र चांदोलिया ने मंचासीन दिल्ली सरकार के मंत्री रविन्द्र इंद्राज सिंह, विधायक कुलवंत राणा, दीपक चौधरी एवं राजकरण खत्री, दिल्ली नगर निगम में नेता सदन प्रवेश वाही, उपमहापौर जयभगवान यादव सहित अन्य निगम पार्षदों और जिला पदाधिकारियों की उपस्थिती में सम्बोधित किया।

रोहिणी सेक्टर 29 स्थित प्रदेश कार्यालय के बाहर आयोजित भव्य समारोह में उत्तर पश्चिम दिल्ली के लगभग 3000 से अधिक कार्यकर्ता सम्मिलित हुए और लगभग 1600 वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा एवं मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शाल एवं पार्टी पटका पहना कर अभिनंदन किया। इस अवसर पर मुख्य मंत्री रेखा गुप्ता ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई को पुष्पांजलि अर्पित की और कहा अटल जी ने सदा कार्यकर्ताओं को नही सामान्य देशवासियों को भी राष्ट्र के प्रति समर्पण की प्रेरणा दी।दिल्ली की मुख्य मंत्री ने कहा की उत्तर पश्चिम दिल्ली भाजपा के इस कार्यक्रम में आ कर मुझे विशेष हर्ष हुआ है क्योंकि मुझे आज पार्टी के पुराने वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से मिलने और उनका अभिनंदन करने का अवसर मिला। रेखा गुप्ता ने कहा की यह जिला दिल्ली देहात का जिला है और अब हमारी सरकार इस क्षेत्र के समग्र विकास की ओर कटिबद्ध है। इसी वर्ष से दिल्ली देहात की तस्वीर बदलने लगेगी।

इस मौके पर अपने सम्बोधन में वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई केवल एक राजनेता या भाजपा के संस्थापक या प्रधान मंत्री नही थे वह एक कोमल हृदय व्यक्तित्व के कवि एवं उस सबसे पहले एक जननायक थे जिन्होने अपने शब्दों से करोड़ों भारतीयों में राष्ट्र प्रेम जागृत किया।

वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा की अटल जी ने अपने प्रधान मंत्री काल में ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास पर विशेष ध्यान दिया और उनके द्वारा लाई गई ग्रामीण सड़क विकास योजना एवं नदियों को जोड़ने की योजना इसका प्रमाण हैं।

# महापौर ने 'आप' पर लगाया ढोंग की राजनीति करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने आज आम आदमी पार्टी पर तीखा हमला करते हुए कहा कि पार्टी अपनी नेता आतिशी मार्लेना द्वारा सिख गुरुओं के प्रति किए गए अपमान और दिल्ली में व्याप्त अवैध पार्किंग जैसी गंभीर समस्याओं से जनता का ध्यान हटाने के लिए ढोंग और नाटक कर रही है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी को यह भली-भांति ज्ञात है कि इस बयान से सिख समाज सहित दिल्ली के नागरिकों में भारी रोष है और उनकी धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। महापौर ने कहा कि इस गंभीर विषय पर माफी मांगने और अपनी गलती स्वीकार करने के बजाय आम आदमी पार्टी भ्रम फैलाने की राजनीति कर रही है। जनता के आक्रोश से बचने के लिए ये लोग बेबुनियाद मुद्दों को उछालकर असली सवालों से भागना चाहते हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि आम आदमी पार्टी अब एक जिम्मेदार राजनीतिक दल न रहकर "ड्रामा पार्टी" बन चुकी है।

महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी ने दस वर्षों तक सत्ता में रहते हुए दिल्ली के नागरिकों के लिए कोई ठोस विकास कार्य नहीं किया। न तो बुनियादी सुविधाओं को मजबूत किया गया और न ही शहर की दीर्घकालिक समस्याओं का समाधान किया गया। केवल प्रचार और दिखावे की राजनीति के सहारे जनता को गुमराह किया गया।महापौर ने बताया कि कल दिल्ली नगर निगम की सदन बैठक में भी आम आदमी पार्टी ने सुनियोजित तरीके से अराजकता फैलाने का प्रयास किया। नेता सदन श्री प्रवेश वाही द्वारा आतिशी मार्लेना के सिख गुरुओं पर दिए गए आपत्तिजनक बयान के विरोध में निंदा प्रस्ताव पढ़े जाने के साथ ही आम आदमी पार्टी के पार्षदों ने जानबूझकर हंगामा शुरू कर दिया।

इस हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही बाधित हुई और महत्वपूर्ण चर्चा आगे नहीं बढ़ सकी। महापौर ने कहा कि आम आदमी पार्टी पूरी तरह से अवगत थी कि उनकी नेता द्वारा सिख गुरुओं के प्रति आपत्तिजनक टिप्पणी की गई है। इसी सच्चाई से बचने और सदन में जवाबदेही से दूर रहने के उद्देश्य से योजनाबद्ध ढंग से शोर-शराबा कर बैठक में व्यवधान डाला गया। महापौर ने यह भी कहा कि दिल्ली में अवैध पार्किंग की गंभीर समस्या पर सदन में महत्वपूर्ण चर्चा होनी थी, लेकिन आम आदमी पार्टी इस मुद्दे से भी भागती नजर आई। उन्होंने आरोप लगाया कि आप के कार्यकाल में दिल्ली भर में अवैध पार्किंग का जाल फैलाया गया और इन पार्किंग माफियाओं को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त था।

उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी का अवैध पार्किंग माफियाओं के साथ सीधा गठजोड़ रहा है और उनकी मिलीभगत से ही यह अवैध कारोबार फला-फूला। यही कारण है कि पार्टी इस विषय पर किसी भी चर्चा से बचना चाहती है और ढोंग व झूठ की राजनीति कर रही है। उन्होंने दो टूक कहा कि आम आदमी पार्टी को न तो नागरिकों की समस्याओं से सरोकार है और न ही दिल्ली के विकास से। महापौर ने कहा कि इसके विपरीत दिल्ली नगर निगम नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। निगम द्वारा संपत्ति कर माफी योजना लाई गई है और लैंडफिल स्थलों पर बायो-माइनिंग का कार्य अभूतपूर्व गति से जारी है। भलस्वा, ओखला और गाजीपुर जैसे प्रमुख लैंडफिल स्थलों पर अब तक 39 लाख मीट्रिक टन से अधिक कचरे का वैज्ञानिक तरीके से निपटान किया जा चुका है तथा नए पार्किंग स्थलों की पहचान और विकास का कार्य भी तेजी से किया जा रहा है।

महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने कहा कि आम आदमी पार्टी बार-बार लोकतांत्रिक संस्थाओं की गरिमा को ठेस पहुंचा रही है। सदन की कार्यवाही को बाधित करना, शोर-शराबा करना और गंभीर विषयों से भागना यह दर्शाता है कि पार्टी के पास न तो ठोस जवाब हैं और न ही जनहित से जुड़े मुद्दों पर कोई स्पष्ट नीति।



मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता एवं दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को शाल एवं पार्टी पटका पहना कर अभिनंदन करते हुए।

# सीओ की गाड़ी रेत के डंपर से टकराई, दो सिपाही घायल







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के टिटौली कैराना बाईपास पर गत दिवस सीओ ट्रेफिक की गाडी एक रेत से भरे डंपर से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गई। हादसा इतना भीषण था कि गाडी में सवार दो सिपाही गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल सिपाही को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी दशा गंभीर होने के कारण हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया।

गत दिवस डीआईजी सहारनपुर को शामली में दौरा था। जिसको लेकर सीओ ट्रेफिक श्याम सिंह पुलिस लाईन में डीआईजी के कार्यक्रम में शामिल थे। बताया जाता है कि उनकी गाडी कैराना गई हुई थी, जिसको हैंडकांस्टेल सन्नी पुत्र प्रवीन चला रहे थे, जबकि उनके साथ हैड कांस्टेबल गनर गौरव पुत्र शेर सिंह भी मौजूद थे। जब वह टिटाली कैराना बाईपास पर पहुंचे तो इसी दौरान आसमान में कोहरा छाए रहने से अचानक चालक को सडक पर खडा रेत से भरा डंपर दिखाई नही दिया और सीओ की गाडी डंपर से टकरा गई। हादसा इतना भीषण था कि गाडी के परखच्चे उड गए और गाडी में सवार दोनों सिपाही गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल सिपा. हियों को तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी दशा गंभीर होने के कारण मेरठ के लिए रेफर कर दिया गया। फिलहाल पुलिस ने डंपर को कब्जे में लिया है। पुलिस हादसे के कारणों की जांच करने में लगी है।

# ऑपरेशन सवेरा: चौसाना पुलिस ने 267 ग्राम स्मैक के साथ दो तस्कर दबोचे

## 54 लाख की खेप जब्त



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** क्षेत्र में नशे के कारोबार पर करारा प्रहार करते हुए पुलिस ने ह्ऑपरेशन सवेराह्व के तहत बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने दो मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 267 ग्राम स्मैक बरामद की है, जिसकी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 54 लाख रूपए बताई जा रही है।

चौसाना पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान ह्ऑपरेशन सवेराकृनशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओरह्व के क्रम में यह कार्रवाई की गई। पुलिस टीम ने सटीक सूचना के आधार पर लक्ष्मीपुरा से यमुना बांध मार्ग पर घेरा. बंदी कर दो आरोपितों दानिश पुत्र युनुस निवासी ग्राम बुढनपुर थाना गंगोह जनपद सहारनपुर और मुस्तफा पुत्र इलियास निवासी ग्राम बसेड़ा थाना कैराना जनपद शामली को दबोच लिया। तलाशी के दौरान उनके पास से अवैध 267 ग्राम स्मैक व एक मोटरसाइकिल बरामद हुई।

बरामदगी और गिरफ्तारी के आधार पर आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस अब इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में जुटी है और यह भी जांच की जा रही है कि स्मैक की सप्लाई कहां से हो रही थी और किन-किन स्थानों पर इसकी खपत की जानी थी। चौसाना क्षेत्र में लगातार बढ़ रही नशे की गतिविधियों पर यह कार्रवाई एक मजबूत संदेश मानी जा रही है। चौकी प्रभारी संदीप कुमार ने बताया, पुलिस नशे के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है। ऑपरेशन सवेरा के तहत यह कार्रवाई की गई है। आगे भी नशे के कारोबार में लिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। क्षेत्र को नशामुक्त बनाना हमारी प्राथमिकता है।

**चौसाना पुलिस की अपील**

चौसाना पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि नशे से जुड़े किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि इस सामाजिक बुराई को जड़ से खत्म किया जा सके।

# जलालाबाद रेलवे गेट पर ओवरब्रिज की मांग

## विधायक अशरफ अली खान ने केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी को सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** थानाभवन विधानसभा क्षेत्र के विधायक अशरफ अली खान ने नई दिल्ली में केंद्रीय राज्यमंत्री जयंत चौधरी से भेंट कर कस्बा जलालाबाद, जनपद शामली स्थित गंगोह मार्ग के रेलवे गेट संख्या.109 सेक्शन टपरी. शामली पर प्रस्तावित रेलवे अंडरपास निर्माण को लेकर क्षेत्रवासियों की गंभीर समस्याओं से अवगत कराया।

विधायक अशरफ अली खान ने मंत्री को सौंपे गए ज्ञापन में बताया कि उक्त स्थान पर जेसीबी मशीन द्वारा अंडरपास निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है, जिससे स्थानीय नागरिकों और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में रोष एवं चिंता का माहौल है। उन्होंने कहा कि पूर्व में बने अंडरपास बरसात के मौसम में जलभराव के कारण असफल सिद्ध हुए हैं, जिससे यातायात बाधित होता है और एंबुलेंस व दमकल जैसी आपातकालीन सेवाओं पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

विधायक ने अंडरपास निर्माण को तत्काल रोकने की मांग करते हुए रेलवे फ्लाईओवर के निर्माण को ही स्थाई और सुरक्षित समाधान बताया। उनका कहना था कि ओव. रब्रिज बनने से आवागमन सुचारू रहेगा और भविष्य में आमजन को जलभराव जैसी समस्याओं से निजात मिल सकेगी।

केंद्रीय राज्यमंत्री जयंत चौधरी ने पूरे प्रकरण को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों से आवश्यक कार्यवाही कराए जाने का आश्वा. सन दिया। इस दौरान क्षेत्र की जनता की सुरक्षा और सुविधा को प्राथमिकता देने पर जोर दिया।

# अचानक तबीयत बिगड़ने से पीएसी जवान की मौत, परिवार में मचा कोहराम



**झिंझाना।** कस्बा निवासी दंत चिकित्सक शिवचंद्र के पुत्र एवं पीएसी जवान सौरव की गत रात्रि अचानक तबीयत बिगड़ने से उपचार के दौरान मौत हो गई। जवान को गंभीर हालत में शामली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां चिकित्सकों ने इलाज के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया। जवान की असामयिक मौत से परिवार सहित पूरे कस्बे में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी के अनुसार पीएसी जवान सौरव ऊंचा गांव स्थित पीएसी कैंप में तैनात था तथा वर्तमान में मेरठ की पीएसी की छठी वाहिनी में उसकी पोस्टिंग थी। बताया गया कि डयूटी के दौरान या उसके बाद अचानक उसकी तबीयत बिगड़ी, जिसके बाद परिजन उसे तत्काल अस्पताल लेकर पहुंचे। हालांकि चिकित्सकों के प्रयासों के बावजूद उसकी जान नहीं बचाई जा सकी। परिजनों ने बताया कि सौरव की करीब एक माह पूर्व जनपद सहारनपुर के गांव हरडकी में शादी हुई थी। शादी के बाद परिवार में खुशी का माहौल था, लेकिन अचानक हुई इस घटना ने सभी को गहरे सदमे में डाल दिया। जवान की मौत की सूचना मिलते ही रिश्तेदार और परिचित बड़ी संख्या में अस्पताल और उसके आवास पर पहुंच गए। घटना की सूचना पर पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए जवान के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। वहीं, पीएसी जवान की असमय मृत्यु पर क्षेत्र के गणमान्य लोगों और परिचितों ने शोक व्यक्त करते हुए परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की है।

# व्यापारिक मुद्दों के लिए लखनऊ में हुई अहम बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** राष्ट्रीय लोकदल व्यापार प्रकोष्ठ, शामली नगर के अध्यक्ष अंकित जैन ने शुक्रवार को लखनऊ प्रवास के दौरान व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष माननीय रोहित अग्रवाल जी से उनके लखनऊ स्थित आवास पर शिष्टाचार भेंट की। यह मुलाकात व्यापारियों के हित, सुरक्षा एवं उनके समग्र विकास से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर केंद्रित रही।

भेंट के दौरान अंकित जैन ने शामली जनपद के व्यापारियों की वर्तमान परिस्थितियों, चुनौतियों तथा जमीनी स्तर पर आने वाली समस्याओं से प्रदेश अध्यक्ष को विस्तार से अवगत कराया। विशेष रूप से व्यापारियों की सुरक्षा, बाजारों में कानून-व्यवस्था, अवैध वसूली, प्रशासनिक परेशानियां तथा व्यापार करने में आने वाली व्यावहारिक कठिनाइयों पर गंभीर चर्चा हुई। अंकित जैन ने कहा कि शामली जैसे सीमावर्ती एवं व्यापारिक दृष्टि से महत्वपूर्ण जिले में व्यापारियों को एक सुरक्षित, सुगम और सम्मानजनक वातावरण मिलना अत्यंत आवश्यक है, ताकि वे निडर होकर अपना व्यापार कर सकें और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान कर सकें। रोहित अग्रवाल जी ने व्यापारियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और आश्वस्त किया कि राष्ट्रीय लोकदल व्यापार प्रकोष्ठ व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष करेगा। उन्होंने कहा कि पार्टी का उद्देश्य केवल राजनी. तिक प्रतिनिधित्व तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के हर वर्ग, विशेषकर व्यापारियों को संगठित कर उन्हें शोषण, अन्याय और असुरक्षा से मुक्त कराना है। उन्होंने यह भी कहा कि व्यापारियों की आवाज को शासन और प्रशासन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाया जाएगा। इस अवसर पर अंकित जैन ने प्रदेश अध्यक्ष रोहित अग्रवाल जी को शामली आगमन का औपचारिक निमंत्रण भी दिया, ताकि वे स्वयं व्यापारियों से संवाद कर उनकी समस्याओं को प्रत्यक्ष रूप से समझ सकें और राष्ट्रीय लोकदल से अधिक से अधिक व्यापारियों को जोड़ने की दिशा में एक सशक्त पहल हो सके। रोहित अग्रवाल जी ने इस निमंत्रण को सहर्ष स्वीकार करते हुए निकट भविष्य में शामली आने का आश्वासन दिया। भेंट के दौरान इस बात पर भी सहमति बनी कि राष्ट्रीय लोकदल व्यापार प्रकोष्ठ शामली में व्यापारियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम, बैठकें एवं संवाद आयोजित करेगा, ताकि उन्हें अपने अधिकारों, सरकारी योजनाओं और सुरक्षा से जुड़ी व्यवस्थाओं की सही जानकारी मिल सके। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसी भी व्यापारी का किसी भी प्रकार से शोषण न हो और सभी को न्याय एवं संरक्षण प्राप्त हो। अंत में अंकित जैन ने प्रदेश अध्यक्ष का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन एवं सहयोग से शामली के व्यापारी स्वयं को अधिक सुरक्षित, संगठित और सशक्त महसूस करेंगे। यह भेंट निश्चित रूप से शामली के व्यापारिक समुदाय के लिए एक सकारात्मक और दूरगामी परिणाम लेकर आएगी।

## अंकित जैन व रोहित अग्रवाल ने की भेंट, व्यापारियों की सुरक्षा पर हुई चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** राष्ट्रीय लोकदल व्यापार प्रकोष्ठ, शामली नगर के अध्यक्ष अंकित जैन ने गत शुक्रवार को लखनऊ प्रवास के दौरान व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रोहित अग्रवाल से उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान शामली के व्यापारियों की सुरक्षा, हितों और व्यावसायिक चुनौतियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। अंकित जैन ने प्रदेश अध्यक्ष को शामली जनपद के व्यापारियों की वर्तमान परिस्थितियों से अवगत कराते हुए बताया कि सीमावर्ती और व्यापारिक दृष्टि से महत्वपूर्ण जिले में व्यापारियों को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बाजारों में कानून-व्यवस्था, अवैध वसूली, प्रशासनिक अड़चनों और व्यापार के दौरान आने वाली व्यावहा. रिक कठिनाइयों का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि व्यापारियों को सुरक्षित और सम्मानजनक माहौल मिलना जरूरी है।

## स्काउट गाइड

# प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन विद्यार्थियों को मिला व्यवहारिक प्रशिक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** राष्ट्रीय शिक्षा सदन इंटर कॉलेज के प्रांगण में उत्तर प्रदेश भारत स्काउट गाइड के तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन कार्यक्रम का शुभारम्भ कॉलेज के प्रबंधक शैलेन्द्र मित्तल एवं प्रधानाचार्य प्रवीण कुमार द्वारा ध्वजारोहण कर किया गया। इस अवसर पर उन्होंने स्काउट गाइड के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को अनुशासन, सेवा और कर्तव्यनिष्ठा का महत्व समझाया।

शिविर के दूसरे दिन प्रशिक्षिका गीता रानी एवं गायत्री देवी द्वारा स्काउट गाइड के छात्र-छात्राओं को स्काउट एवं गाइड के नियमों की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान बच्चों को विभिन्न प्रकार की गांठे बांधने का अभ्यास कराया गया। इसके साथ ही अपरिहार्य परिस्थितियों में भोजन बनाना, तंबू लगाना, रस्सी पर चढ़ना जैसी महत्वपूर्ण गतिविधियों की विधिवत जानकारी दी गई। स्काउट एंड गाइड के नियमों से संबंधित नोट्स भी छात्र-छात्राओं को लिखवाए गए। प्रशिक्षण के माध्यम से विद्यार्थियों में अनुशासन, सेवा भावना, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्रप्रेम की भावना विकसित करने पर विशेष जोर दिया गया। शिविर को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं का सराहनीय सहयोग रहा। कार्यक्रम में नरेन्द्र कश्यप, अरुण कुमार, वैभव मित्तल, संदीप शर्मा, ज्योति शर्मा, रेणु सहित अन्य सभी अध्यापक एवं अध्यापिकाओं ने सक्रिय भूमिका निभाई। प्रधानाचार्य प्रवीण कुमार ने आशा व्यक्त की कि इस प्रशिक्षण शिविर से विद्यार्थियों को व्यवहारिक ज्ञान के साथ-साथ सामाजिक जिम्मेदारियों को समझने की प्रेरणा मिलेगी और वे भविष्य में समाज व राष्ट्र के लिए उपयोगी नागरिक बनेंगे।

# विद्यार्थियों को पढ़ाया यातायात सुरक्षा का पाठ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** पुलिस अधीक्षक शामली एन।पी। सिंह के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह.2026 के अंतर्गत थाना झिझाना की क्रिटिकल कॉरिडोर टीम के प्रभारी सतीश सिंह ने स्वामी कल्याण देव वैदिक कॉलेज फॉर मैनेजमेंट एंड एजुकेशन कॉलेज में छात्र-छात्राओं को यातायात सुरक्षा के बारे में जानकारी दी गई तथा यातायात के नियमों का पालन कर दुर्घटना से बचाव के लिए प्रेरित करने की अपील की।वर्तमान मे मौसम की स्थिति प्रात: एवं रात्रि के समय घनी धुंध एवं कोर के कारण दुर्घटनाएं अधिक हो रही है उनसे बचाव के लिए सड़क पर एवं सड़क किनारे अव्यवस्थित रूप से वाहनों को खडा न करे जिससे . श्यता कम होने की स्थिति में होने वाली दुर्घटनाओं से बचा जा सके उन्होने छात्र छात्राओ से धुंध एवं कोहरे के समय वाहन चलाते हुए पार्किंग लाइट अनिवार्य रूप से जलाए रखने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने, सुरक्षित दूरी बनाए रखने, अनावश्यक ओवरटेकिंग से बचने, संकेतों का पालन करने तथा पूर्ण सतर्कता एवं संयम के साथ वाहन चलाने के लिए प्रेरित किया गया।

इसके अतिरिक्त यातायात नियमों के पालन, सुरक्षित ड्राइविंग, हेलमेट एवं सीट बेल्ट के अनिवार्य प्रयोग, नशे की हालत में वाहन न चलाने, मोबाइल फोन का प्रयोग न करने तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही से वाहन संचालन न करने के संबंध में विस्तारपूर्वक जागरूक किया गया।अभियान मे आरक्षी अंकुर तोमर गौरव तोमर डायरेक्टर विजय तोमर प्रधानाचार्य डा दीपिका गोयल एव समस्त स्टाफ शामिल रहे।

# बच्चों को यातायात के नियमों के प्रति किया जागरूक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** ज्योति बा फूले इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 के तहत यातायात पुलिस शामली द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम के तहत छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी देते हुए जाकरुक किया। कस्बे के ज्योति बा फूले इण्टर कालेज में शनिवार को यातायात पुलिस शामली के टीम ने छात्र छात्राओं को जागरुकता अभियान के तहत यातायात के नियमों की जानकारी दी। उपनिरीक्षक सतीश सिंह ने बताया कि कार चाल. कों को सीट बेल्ट प्रयोग अवश्य करना चाहिए, बाइक चालकों को हमेशा हेलमेट पहनना चाहिए ,बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन नहीं चलाना चाहिए, नशे में वाहन नहीं चलाना चाहिए ।साथ ही कोहरे के समय पार्किंग लाइट जलाकर वाहन चलाने, गति सीमा का पालन करने, सुरक्षित दूरी बनाए रखने और अनावश्यक ओवरटेकिंग से बचने के लिए जागरूक किया गया।।अन्य यातायात के नियमों की जानकारी देते हुए सभी बच्चों को समझाया कि इन सभी नियमों का पालन करते हुए स्वयं जिम्मेदार नागरिक बने और अपने परिवारजनों,पड़ोसी ,रिश्तेदारो, मित्रो को भी जानकारी देते हुए जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करेंगे। इस दौरान उपनिरीक्षक मनोज कुमार, हेड कांस्टेबल कृष्णपाल, कांस्टेबल अंकुर, गौरव प्रबंधक कंवरपाल सिंह,प्रधानाचार्य गौरव सैनी, दीपक तोमर, मनोज कुमार, विकास कुमार,अक्षय कुमार आदि शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# असहायों को भोजन खिलाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** इंटरनेशनल इनर व्हील डे के अवसर पर इनर व्हील क्लब ऑफ शामली द्वारा सम्मान रसोई, शिव मूर्ति पर सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान असहाय एवं जरूरतमंद लोगों को भोजन प्रसाद कराया गया। इस पुनीत कार्य में चंचल माहेश्वरी का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के दौरान इनर व्हील परिवार में एक नई सदस्य का भी स्वागत किया गया।

सुमन गुप्ता को फाउंडर सेक्रेटरी चंचल माहेश्वरी एवं क्लब अध्यक्ष वीना अग्रवाल ने इनर व्हील ब्रोच लगाकर विधिवत संस्था की सदस्यता दिलाई। अध्यक्ष वीना अग्रवाल ने बताया कि इनर व्हील संस्था महिलाओं की 102 वर्ष पुरानी अंतर्राष्ट्रीय संस्था है, जो भारत सहित अनेक देशों में सक्रिय रूप से कार्य कर रही है। यह एक स्वैच्छिक संगठन है, जो निर्धन कन्याओं के विवाह, बालिकाओं की शिक्षा, महिलाओं को रोजगार दिलाने तथा उन्हें सरकारी योजनाओं से अवगत कराने जैसे सामाजिक कार्यों में निरंतर सहयोग करता है। कार्यक्रम में अध्यक्ष वीना अग्रवाल, फाउंडर सेक्रेटरी चंचल माहेश्वरी, उषा गोयल, सुमन गुप्ता उपस्थित रहीं।

## समाधान दिवस में 6 में तीन का निस्तारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** शासन के निर्देशानुसार थाना भवन थाने में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता थाना प्रभारी निरीक्षक बिजेंद्र सिंह रावत ने की। समाधान दिवस पर जमीन संबंधी कुल छ: शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से तीन का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों के लिए संबंधित हल्का लेखपाल को पुलिस टीम के साथ मौके पर जाकर जांच कर निस्तारण करने के आदेश दिए गए। इस दौरान थाना प्रभारी निरीक्षक बिजेंद्र सिंह रावत ने कहा कि शासन की मंशा है कि आम जनता की समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए, ताकि पीड़ित पक्ष को बार-बार सरकारी दफ्तरों के चक्कर न काटने पड़ें।

# 6 जनवरी को कराया जा चुका है आलेख्य प्रकाशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के आधार पर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य चल रहा है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन 6 जनवरी 2026 को सभी नियत स्थलों पर किया जा चुका है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी के 2 जनवरी के निर्देशों के तहत 11 जनवरी रविवार को जनपद के सभी बूथ लेवल अधिकारी अपने-अपने मतदेय स्थलों पर उपस्थित रहकर आलेख्य मतदाता सूची का पठन करेंगे, ताकि आमजन सूची की जांच कर सकें और आवश्यक सुधार करा सकें। इस कार्य की महत्ता और समयबद्धता को देखते हुए 11 जनवरी को सार्वजनिक अवकाश होने के बावजूद जनपद के सभी वे प्राथमिक विद्यालय, जूनियर हाईस्कूल, इंटर कॉलेज, महाविद्यालय तथा अन्य कार्यालय खुले रहेंगे, जिन भवनों में मतदान स्थल स्थापित हैं। संबंधित प्रधानाध्यापक, प्रभारी प्रधानाध्यापक, प्राचार्य व विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए गए हैं कि वे बूथ लेवल अधिकारियों को आवश्यकतानुसार मेज, कुर्सी आदि उपलब्ध कराकर उनके कार्य में सहयोग करें। डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी जिला निर्वाचन कार्यालय शामली हामिद हुसैन ने संबंधित विभागाध्यक्षों व कार्यालयाध्यक्षों को निर्देशित किया है कि जिन भवनों में मतदान केंद्र बने हैं, उन्हें 11 जनवरी 2026 को अवश्य खुला रखा जाए, ताकि मतदाता सूची पठन का कार्य सुचारू रूप से संपन्न हो सके।

# बदमाश और लुटेरे के बीच मुठभेड़

## पैर में गोली लगने से घायल, लिफ्ट में बुजुर्ग महिला का छीना था चेन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट के बिसरख थाना क्षेत्र में पुलिस ने मुठभेड़ के बाद एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी 8 जनवरी को एक सोसाइटी की लिफ्ट में बुजुर्ग महिला से चेन लूटने के प्रयास के मामले में वांछित था। मुठभेड़ के दौरान पुलिस की गोली बदमाश के पैर में लगी, जिससे वह घायल हो गया।

पुलिस के अनुसार, बुधवार को बिसरख थाना पुलिस क्षेत्र में वाहन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मोटरसाइकिल पर सवार एक संदिग्ध युवक आता दिखाई दिया। पुलिस ने जब उसे रुकने का इशारा किया, तो वह भागने लगा और खुद को घिरता देख पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली बदमाश के पैर में लगी और वह मौके पर ही घायल होकर गिर पड़ा। घायल बदमाश की पहचान राहुल यादव निवासी हाथरस के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके कब्जे से एक तमंचा, कारतूस और चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की है। बरामद बाइक बिसरख थाना क्षेत्र से ही चोरी की गई थी। पुलिस ने बताया कि आरोपी राहुल यादव वही बदमाश है, जिसने 8 जनवरी की शाम करीब 5 बजे ग्रेटर नोएडा वेस्ट की ला रेजिडेंशिया सोसाइटी की लिफ्ट में हेलमेट पहनकर एक बुजुर्ग महिला से चेन लूटने का प्रयास किया था। महिला के शोर मचाने पर बदमाश मौके से फरार हो गया था। घटना का सीसीटीवी फुटेज वायरल होने के बाद सोसाइटी की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठे थे। पुलिस ने उसी समय इस मामले में मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की थी।पूछताछ में आरोपी ने चेन लूट की कोशिश करना स्वीकार कर लिया है। घायल बदमाश को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस संबंध में एडिशनल डीसीपी संतोष कुमार ने बताया कि आरोपी के आपराधिक इतिहास की जांच की जा रही है। फिलहाल बदमाश पुलिस की निगरानी में अस्पताल में भर्ती है और आगे विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# दो आरोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार

## पुलिस के रोकने पर फायरिंग की, पैर में गोली लगने पर हुए घायल





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में दादरी पुलिस ने हरकेश हत्याकांड के दो इनामी बदमाशों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। दोनों बदमाशों के पैर में गोली लगी है, जिससे वे घायल हो गए। इन बदमाशों पर 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित था और इन्होंने कुछ दिन पहले ही गाड़ी हटाने के विवाद में हरकेश नामक युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी थी।

दादरी पुलिस को रात्रि में लोकल इंटेलिजेंस और गोपनीय सूचना मिली थी। इसी के आधार पर पुलिस ने जारचा की ओर जाने वाले रास्ते पर घेराबंदी की। मुठभेड़ के दौरान अनुज, निवासी ग्राम चक्रसेनपुर, थाना दादरी, और सक्षम शर्मा, निवासी ग्राम ऊँचा हमीरपुर, थाना जारचा, को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने इनके कब्जे से तमंचा, कारतूस और एक मोटरसाइकिल बरामद की है। घायल बदमाशों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

दरअसल, यह घटना रविवार रात की है। दादरी थाना क्षेत्र के ग्राम कैमराला निवासी हरकेश ग्रेटर नोएडा से अपने गांव लौट रहा था। गांव के पास गाड़ी हटाने को लेकर हुए विवाद में आधा दर्जन लोगों ने हरकेश और उसके दोस्त मोहित के साथ बेरहमी से मारपीट की। लाठी-डंडों से हुए इस हमले में हरकेश की मौत हो गई, जबकि मोहि. हत गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना को अंजाम देने के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए थे।

परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने पांच नामजद सहित कई अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस पहले ही चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी थी।

एडिशनल डीसीपी सुधीर कुमार ने बताया कि अनुज और सक्षम शर्मा फरार चल रहे थे, जिन पर 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। इन दोनों की गिरफ्तारी के साथ, पुलिस ने इस हत्याकांड में शामिल कुल छह बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। इनमें से चार बदमाशों को मुठभेड़ के बाद पकड़ा गया है। पुलिस पकड़े गए बदमाशों के आपराधिक इतिहास की जानकारी भी जुटा रही है।

# आईटी इंजीनियर ने की आत्महत्या सड़क हादसों में चार की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा के होशियापुर गांव में रहने वाले एक इंजीनियर ने मानसिक तनाव के चलते अपने घर पर पंखे से फंदा लगा लिया। उसके दोस्तों ने उसे गंभीर हालत में उपचार के लिए नोएडा के जिला अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। इसके अलावा विभिन्न जगहों पर हुए सड़क हादसों में 4 लोगों की मौत हो गई है।

थाना सेक्टर -49 के प्रभारी निरीक्षक सुनील भारद्वाज ने बताया कि प्रियदर्शनी रंजन तिवारी उम्र 26 वर्ष पुत्र राजीव रंजन तिवारी मूल निवासी जनपद गया बिहार नोएडा के होशियापुर गांव में किराए पर मकान लेकर अपने दोस्तों के साथ रहते थे। उनके अनुसार वह एक आईटी कंपनी में इंजीनियर थे। उन्होंने बताया कि शुक्रवार की देर रात को उन्होंने अपने घर पर पंखे से फंदा लगा लिया। अत्यंत गंभीर हालत में उनके दोस्तों ने उन्हें फंदे से उतार कर नोएडा के कैलाश अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां पर उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। थाना प्रभारी ने बताया कि घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उन्होंने बताया कि मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है।

थाना बिसरख के प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह ने बताया कि वीरपाल पुत्र भजनलाल उम्र 60 वर्ष निवासी जनपद बुलंदशहर रात को स्टेलर जीवन सोसाइटी के सामने पैदल जा रहा था, तभी एक अज्ञात वाहन चालक ने तेजी और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उसे टक्कर मार दिया। इस घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। थाना प्रभारी ने बताया कि उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

थाना सेक्टर-39 के प्रभारी निरीक्षक डीपी शुक्ल ने बताया कि नसीम 23 वर्ष पुत्र फिदा हुसैन निवासी सरीता विहार दिल्ली तथा इरफान उम्र 20 वर्ष निवासी सरीता विहार दिल्ली मोटरसाइकिल पर सवार होकर जा रहे थे। उन्होंने बताया कि महामाया फ्लाईओवर के पास एक अज्ञात वाहन चालक ने तेजी और लापरवाही से वाहन चलाते हुए दोनों को टक्कर मार दिया। अत्यंत गंभीर रूप से घायल अवस्था में दोनों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है, जहां पर उपचार के दौरान नसीम की मौत हो गई, जबकि इरफान की हालत नाजुक बनी हुई है।

थाना जेवर के प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने बताया कि नोएडा के सेक्टर-12 निवासी 31 वर्षीय हिमांशु अग्निहोत्री और हरियाणा के सोनीपत जिले के अशोक नगर निवासी 26 वर्षीय गौरव छाबड़ा जेवर कस्बे में किराये के मकान में रहते थे। दोनों जेवर के थोरा गांव स्थित एक निजी बैंक की शाखा में कार्यरत थे।

रोजाना की तरह दोनों अपनी बाइक पर सवार होकर जेवर से बैंक जा रहे थे। जब ये नीमका खाजपुर गांव के पुल के पास पहुंचे, तो तेज रफ्तार कार ने सामने से उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक के परखचे उड़ गए। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए जेवर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने हिमांशु अग्निहोत्री और गौरव छाबड़ा को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने आरोपी कार चालक रबूपुरा के नगला शाहपुर गांव निवासी विशाल सिंह को हिरासत में ले लिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## दूषित पानी की शिकायतों पर जांच शुरू

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण क्षेत्र में पानी, सीवर और ड्रेन की रैंडम जांच शुरू हो गई है। दूषित जलापूर्ति की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने यह निर्णय लिया है। उनके निर्देश पर वर्क सर्किल के अनुसार 8 टीमें गठित की गई हैं, जो चार दिनों तक यह अभियान चलाएंगी।

इस अभियान के तहत जलापूर्ति लाइनों में लीकेज, सीवर चोकिंग/ओवरफ्लो तथा ड्रेन-सीवर-पानी कनेक्शन प्वाइंट्स की गहन जांच की जा रही है। प्राधिकरण ने श्रीराम इंस्टीट्यूट फॉर इंडस्ट्रियल रिसर्च लैब की दो टीमें भी तैनात की हैं, जिन्होंने अपनी रैंडम जांच शुरू कर दी है।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के जल-सीवर विभाग की 8 टीमों ने पहले दिन 20 से अधिक स्थानों पर जांच की। टीमों ने अपने साथ टीडीएस मीटर, पीएच और क्लोरीन किट जैसे जांच उपकरण रखे थे। प्रारंभिक जांच में सप्लाई के पानी में सभी मानक अनुरूप पाए गए हैं। प्राधिकरण की टीमों ने सेक्टर-1, 2, 4, 16, 16बी, नॉलेज पार्क-3, इरोज संपूर्णनम सोसाइटी, ऐस सिटी और पंचशील हाइनिश जैसी जगहों पर जांच की। वहीं, श्रीराम लैब की टीम ने डेल्टा वन के डी ब्लॉक, डेल्टा थ्री के एफ ब्लॉक, अल्फा वन के डी ब्लॉक, अल्फा टू, बीटा टू के एफ ब्लॉक, गामा वन, ईटा वन, थीटा और चाई फोर सहित विभिन्न यूजीआर और पंपिंग स्टेशनों से नमूने लिए हैं। प्राधिकरण ने श्रीराम लैब की टीम से जल्द से जल्द रिपोर्ट सौंपने को कहा है। हालांकि, लैब ने जांच प्रक्रिया पूरी करने में 10 से 12 दिन का समय लगने की बात कही है।

## एक नजर

### नोएडा एक्सप्रेस-वे के नीचे बनेंगे दो अंडरपास

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर बनने वाले दो अंडरपास का काम दस दिन में शुरू हो जाएगा। झट्टा अंडरपास के निर्माण पर 99 करोड़ 74 लाख और सुल्तानपुर अंडरपास पर 81 करोड़ 61 लाख रुपए खर्च अनुमानित है। दोनों अंडरपास बनने से करीब 30 सेक्टर और 20 गांवों के हजारों लोगों को फायदा होगा। यहां पर निर्माण शुरू करने से पहले करीब 330 पेड़ों को स्थानांतरित करने और काटने का काम शुरू कर दिया गया है। नोएडा-ग्रेनो एक्सप्रेसवे पर एक अंडरपास सेक्टर-128 सुल्तानपुर और दूसरा सेक्टर-168 झट्टा गांव के सामने बनाया जाएगा। इनके निर्माण की जिम्मेदारी पिछले साल जुलाई महीने में सीएस इंफ्रा कंस्ट्रक्शन को दी जा चुकी है। दोनों अंडरपास खुदाई कर बनाए जाएंगे। शर्तों के अनुसार काम शुरू होने के बाद 18 महीने में निर्माण कार्य पूरा करना होगा। एजेंसी का चयन हुए करीब छह महीने हो चुके हैं,लेकिन अब जाकर काम में रुकावट बन रही चीजों को हटाने का काम शुरू किया गया। यहां पेड़ों के साथ बिजली के केबल भी शिफ्ट होने हैं। इसके बाद ही काम शुरू हो सकेगा।

**यहां बनेगा अंडरपासः** सुल्तानपुर गांव के सामने बनने वाला अंडरपास सेक्टर-128, 129, 132 और 108 के बीच बनेगा। वहीं, झट्टा अंडरपास सेक्टर-145, 146, 155 और 159 में बनेगा। सुल्तानपुर अंडरपास की लंबाई 731 तो झट्टा अंडरपास की लंबाई 800 मीटर होगी।

### मेडिकल डिवाइस पार्क में निवेश का एक और मौका

**यमुना सिटी ( शाह टाइम्स )।** यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में विकसित किए जा रहे मेडिकल डिवाइस पार्क में निवेश करने के इच्छुक कंपनियों के लिए अच्छा मौका है। अलग-अलग आकार के 22 भूखंडों की योजना शुरू की गई है। इसमें 12 जनवरी से आवेदन किया जा सकेगा। आखिरी तारीख 11 फरवरी है। यीडा सिटी के सेक्टर-28 में 350 एकड़ में उत्तर भारत का पहला मेडिकल डिवाइस पार्क विकसित किया जा रहा है। यह सभी आधुनिक सुविधाओं से युक्त होगा। यहां चिकित्सा उपकरण से संबंधित कंपनियों को भूखंड आवंटित किए जाने की प्रक्रिया चल रही है। अब तक 101 भूखंड आवंटित किए जा चुके हैं। इनमें से एक कंपनी क्रियाशील हो चुकी है। बाकी को मौके पर कब्जा दिया जा चुका है। प्राधिकरण का प्रयास यहां देश-विदेश की बड़ी कंपनियों को लाने का है। प्राधिकरण के अधिकारी के मुताबिक 1000, 2100 और 5940 वर्गमीटर के 22 भूखंडों की योजना शुरू की गई है। इसमें सबसे ज्यादा 11 भूखंड 1000 वर्गमीटर के हैं। वहीं, 2100 वर्गमीटर के नौ और 5940 वर्गमीटर के दो भूखंड हैं। इसमें ऑनलाइन आवेदन 12 जनवरी से किए जा सकेंगे।

**ये सुविधाएं मुहैया होंगीः** यमुना प्राधिकरण मेडिकल डिवाइस पार्क में कॉमन टूलिंग रूम, 3डी डिवाइजन, रैपिड प्रोटोटाइपिंग एंड टूलिंग मेकाट्रोनिक जोन, इलेक्ट्रॉनिक एसेंबली फैसिलिटी, एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिस ब्लॉक, एक्सपोर्ट एंड प्रमोशन एंड इंक्यूबेशन सेंटर, कॉमन ऑफिस कॉम्प्लेक्स, शोरूम, सेंट्रल वेयरहाउस, इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम एंड डिजाइन फैसिलिटी, सेंसर टेस्टिंग आदि सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी। इस पर तेजी से काम चल रहा है।

# एनएमआरस के कार्यकारी निदेशक को पद से हटाया गया

**प्राधिकरण के एसीईओ कृष्णा करुणेश को दिया प्रभार, कैलेंडर पर छपी फोटो बनी वजह**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (एनएमआरसी) के कार्यकारी निदेशक महेंद्र प्रसाद को उनके पद से हटा दिया है। इस पद की जिम्मेदारी नोएडा प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी कृष्णा करुणेश को दी गई है। वे नोएडा प्राधिकरण साथ अब नोएडा मेट्रो की जिम्मेदारी भी देखेंगे। हालांकि प्राधिकरण अधिकारी इसे रूटीन फेरबदल बता रहे है। लेकिन असल वजह एनएमआरसी के 2026 का केलेंडर हो सकती है। दरअसल इस केलेंडर में तत्कालीन एनएमआरसी के निदेशक महेंद्र प्रसाद और नोएडा मेट्रो रेल कार्पोरेशन के एमडी लोकेश एम की फोटो छपी है। ये फोटो उस महीने के पेज पर है जब अधिकारियों का जन्म दिन है। प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम ने बताया कि ये तस्वीर उनकी बिना अनुमति के छापी गई है। इसके लिए संबंधित को शो कॉस नोटिस जारी किया गया है। साथ ही केलेंडर की प्रिंटिंग तक रुकवा दी गई है।

**क्या है केलेंडर में इसे देखेः** कैलेंडर के अप्रैल महीने के पेज पर एनएमआरसी के एमएडी और नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम की दो तस्वीरें हैं। इनमें से एक तस्वीर में वह सितार बजाते हुए नजर आ रहे हैं, जबकि दूसरी में वह एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे हैं। लोकेश एम 2005 बैच के आईएएस अधिकारी हैं और उनका जन्मदिन 3 अप्रैल को पड़ता है।इसी तरह जुलाई महीने के पन्नों पर छडत्ब के कार्यकारी निदेशक और नोएडा प्राधिकरण में ओएसडी महेंद्र प्रसाद की दो तस्वीरें छपी हैं। 2014 बैच के आईएएस अधिकारी महेंद्र प्रसाद का जन्मदिन 5 जुलाई को होता है।

# अवैध रूप से गांजा व शराब बेच रहे दो शातिर बदमाश गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा में अवैध रूप से गांजा व शराब बेचने वाले दो शातिर बदमाशों को थाना सेक्टर-20 पुलिस ने अलग-अलग जगहों से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से 1 किलो 100 ग्राम गांजा और 32 अद्धा देसी शराब बरामद किया है।

थाना सेक्टर-20 के प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार ने बताया कि उप निरीक्षक नवीन तोमर ने एक सूचना के आधार पर देवेश मिलवानी पुत्र मोहन को तिकोनिया पार्क सेक्टर-27 के पास से गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि इसके पास से पुलिस ने 1 किलो 100 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया हुआ। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला है कि यह काफी दिनों से अवैध रूप से मादक पदार्थ नोएडा में बेच रहा था। यह बदमाश दिल्ली से गांजा लाकर नोएडा के विभिन्न जगहों पर बेचता है। उन्होंने बताया कि एक अन्य आपराधिक मामले में थाना पुलिस ने डीएलएफ मॉल के पास से रामराज पुत्र घनश्याम को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि इसके पास से पुलिस ने 32 अद्धा देसी शराब बरामद किया है। अभियुक्त से पूछताछ के दौरान पता चला है कि यह काफी दिनों से अवैध रूप से मादक पदार्थ बेचने के धंधे में संलिप्त है।

# मादक पदार्थ तस्कर नोएडा में बना रहे पंजाब जैसे हालात

**थाना फेस वन क्षेत्र में चल रह मादक पदार्थ तस्करों का अवैध कारोबार**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** मादक पदार्थ तस्कर हर तरह के नशे की खेप को नोएडा में खपा रहे हैं। नशे की गिरफ्त में युवाओं को भी लाया जा रहा है। युवाओं से नाबालिग तक भी नशे की पहुंच हो रही है। इस तरह से मादक पदार्थ तस्कर नोएडा में पंजाब जैसे हालात बना रहे हैं। यह आने वाली पीढ़ी के लिए खतरनाक है।

होशियारपुर के लक्की की मौत भी नशेबाज युवकों के प्रभाव में आकर इजेंक्शन की ओवरडोज लेने से हुई। नोएडा में नशेबाज युवाओं के छोटे-छोटे ग्रुप सक्रिय हो रहे हैं। वह नशा तस्करी के साथ-साथ नाबालिगों को भी नशे की लत लगा रहे हैं। तस्करों के सक्रिय होने के पीछे कारण गौतमबुद्ध नगर पुलिस कमिश्नरेट में एंटी नारकोटिक्स सेल का निष्क्रिय होना है। सेल महज कागजी साबित हो रही है, जबकि सेल का काम नशे के अवैध कारोबार से जुड़े आरो. पितों को चिह्नित कर उनकी गतिविधियों पर अंकुश लगाना है। तस्कर ओडिशा, विशाखापत्तनम, बंगाल के अलावा पहाड़ी क्षेत्रों के नेटवर्क से जुड़कर मादक पदार्थों तक पहुंच बनाए हुए हैं। वह ट्रेन, ट्रक आदि में माल के बीच छिपाकर मादक पदार्थ लाते हैं। यहां लाकर नोएडा में बड़े गिरोह को बेचा जाता है। गिरोह से गांजा छोटे-छोटे तस्करों को उपलब्ध होता है।

**इस थाना क्षेत्रों में आ चुके कई मामलेः** फेज वन नोएडा का नम्बर वन, सेक्टर 63, फेज तीन, सेक्टर 49, सेक्टर 39, फेज दो आदि थाना क्षेत्रों में युवाओं और महिलाओं से गांजा बिकवाने के मामले सामने आ चुके हैं। चिंता की बात यह है कि नोएडा में नाबालिग के हाथों तक नशे की पहुंच हो रही है। यह बच्चे पढ़ाई छोड़कर अपराध करने की ओर मुड़ रहे हैं। होशियापुर के लक्की के मामले के अलावा पिछले माह नोएडा स्टेडियम के पास नाबालिग ने किराये की थार कार से वाहनों को टक्कर मारी थी। उस मामले में भी यह बात सामने आई थी। नाबालिग ने अपने घर से 12 लाख रुपए के गहने चोरी किए थे। वारदात को अपने नशेबाज साथियों की मदद से अलमारी काटकर अंजाम दिया था। इस तरह की घटनाएं सामने आने पर सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर नाबालिग तक नशे की पहुंच होने के लिए कौन जिम्मेदार है।

**इन मादक पदार्थों की हो रही आपूर्तिः** गौतमबुद्ध नगर में तस्कर चरस, स्मैक, हेरोइन, नशीली गोलियां, एमडीएमए, नशीला पाउडर, अल्प्राजोलम पाउडर, इलेक्ट्रानिक सिगरेट, गांजा की आपूर्ति कर रहे हैं। जिले में ओजी गांजा उगाकर डार्क वेब तक भी बेचा जा रहा है।

6865 **किग्रा मादक पदार्थ किए जब्तः** गौतमबुद्ध नगर पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह ने बताया कि एक जनवरी 2023 से नवंबर 2025 तक 1.46 अरब रुपए कीमत के 6865 किग्रा मादक पदार्थ पकड़े जा चुके हैं। 2023 में 585 मामले दर्ज किए गए। इनमें 674 तसकरों को आरोपित बनाया गया, जबकि 660 तस्करों को जेल भेजा गया। 2024 में 502 और 2025 में 458 मुकदमे दर्ज कर 1095 तस्कर आरोपित बनाए गए। 82 तस्करों के खिलाफ हिस्ट्रीशीट खोलने व रासुका लगाने की कार्रवाई की गई।

# मजदूर पर गोली चलाने वाले आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र में एक महीने पहले मजदूर को गोली मारकर घायल करने के मामले में फरार चल रहे मुख्य आरोपी विवेक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को शनिवार को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार, इस मामले में पहले ही दो अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

पुलिस के मुताबिक, यह घटना किसान आदर्श इंटर कॉलेज के पास स्थित विवादित प्लॉट को लेकर हुई थी। आरोप है कि कस्बा निवासी विवेक ने अपने पिता और कुछ अन्य साथियों के साथ मिलकर नवादा गांव निवासी मजदूर अमित पर हमला किया और उसे गोली मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल मजदूर को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। घटना के बाद प्लॉट के मालिक राकेश नागर ने विवेक सहित चार लोगों के खिलाफ कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और पहले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा। मुख्य आरोपी विवेक तब से फरार था, लेकिन लगातार दबिश के बाद शनिवार को उसे भी पकड़ लिया गया।

कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि मामले में शामिल अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है। उन्हें भी जल्द गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

# जिले में 11 लाख वाहनों पर हाई सिक्योरिटी नंबर लगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जिले की लगभग 11 लाख गाड़ियां में हाई सिक्योरिटी नंबर लग गई है। इनमें नई और वर्ष 2019 से पहले पंजीकृत, दोनों तरह की गाड़ियां शामिल हैं। परिवहन विभाग से मिली जानकारी के मुता. बिक जिन गाड़ियों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट नहीं लगी है, उनमें से ज्यादातर समयसीमा पूरी कर चुकी हैं। ऐसे में इन गाड़ियों में हाईसिक्योरिटी नंबर प्लेट नहीं लग सकती है। जिले में लगभग 12 लाख गाड़ियां पंजीकृत हैं। इनमें निजी वाहनों की संख्या अधिक हैं। इनमें भी दोपहिया वाहन ज्यादा है। इनमें से करीब 11 लाख गाड़ियों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लग चुकी हैं।

एआरटीओ प्रशासन नंदकुमार ने बताया कि नई गाड़ियों में वाहन डीलर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगा कर दे रहे हैं। वहीं, पुरानी गाड़ियों में पोर्टल पर आवेदन करके लोग या तो घर बैठे अथवा वाहन को डीलर के पास में ले जाकर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि वह वाहन जो समयसीमा पूरी कर चुके हैं, उन गाड़ियों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट नहीं लग सकती। होलोग्राम और लेजर कोड से वाहन की जानकारी निकाली जा सकती हैः हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट को एल्यूमि. नियम से बनाया जाता है। प्लेट पर बाईं ओर एक होलोग्राम लगाया जाता है इसके अलावा प्लेट पर यूनिक कोड होता है जिसे लेजर कोड कहा जाता है। इनकी खास बात यह है कि होलोग्राम और लेजर कोड के जरिए उस गाड़ी की पूरी जानकारी निक. ाली जा सकती है। इसके साथ ही इस कोड को प्लेट से हटाया भी नहीं जा सकता।

इतना ही हीं चोरी होने के बाद वाहन पर ऐसी प्लेट को नहीं लगाया जा सकता है। इसके अलावा अगर वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो जाए तो फिर वाहन से जुड़ी पूरी जानकारी ली जा सकती है। यहां कर सकते हैं आवेदन परिवहन विभाग के अनुसार दो पोर्टल पर वाहन मालिक हाईसिक्योरिटी नंबर प्लेट के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसमें ᷉इववा. उलीतच.बवउ और ᷉.डामउलीतच. बवउ है। इन दोनों पोर्टल पर अलग-अलग कंपनियों के वाहनों के लिए हाईसिक्योरिटी नंबर प्लेट बुक करने की सुविधा है। नंबर प्लेट का शुल्क भी ऑनलाइन जमा करना है। इन पोर्टल पर नंबर प्लेट को ट्रैक करने की सुविधा भी उपलब्ध है। नंबर प्लेट का फ्रेम भी पोर्टल से खरीद सकते हैं।

# मासूम समेत दो लोग जले

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा के थाना फेस-3 क्षेत्र के मामूरा गांव में रहने वाला एक 4 वर्षीय मासूम बच्चा अपने घर पर जल गया। बच्चे के परिजनों के अनुसार भगौने में खाना बनाकर रखा हुआ था। बच्चा खेलते हुए भगौने के पास गया तथा गरम खाना उसके ऊपर गिर गया। इसके अलावा थाना सेक्टर-49 क्षेत्र के बरौला गांव में रहने वाला एक 32 वर्षीय व्यक्ति रात को अपने घर पर संदिग्ध परिस्थितियों में जल गया। उसे उपचार के लिए दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस दोनों मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार मामूरा गांव में रहने वाले एक व्यक्ति का 4 वर्षीय बेटा कार्तिक सिंह रात को अपने घर पर खेल रहा था। खेलते-खेलते वह किचन में पहुंच गया। उसकी मां ने खाना बनाकर भगौने में रखा हुआ था। बच्चे का हाथ भगौने पर लगा तथा उसके ऊपर गरम खाना गिर गया। जिसकी वजह से वह गंभीर रूप से जल गया। उसे उपचार के लिए नोएडा के जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां से डॉक्टरों ने उसको दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है। बच्चे की हालत नाजुक बनी हुई है।

वहीं थाना सेक्टर-49 के प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार भारद्वाज ने बताया कि बरौला गांव में रहने वाले राजवीर पुत्र बद्री प्रसाद उम्र 32 वर्ष रात को अपने घर पर संदिग्ध परिस्थितियों में जल गया। उसे उपचार के लिए नोएडा के जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां से उसकी बिगड़ती हालत को देखते हुए दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में रेफर किया गया है। उन्होंने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# लौदाना से नोएडा तक बस सेवा शुरू



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** जेवर विधानसभा क्षेत्र में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों को जोड़ने के लिए एक नई पहल की गई है। गांव लौदाना से नोएडा बस स्टेशन तक परिवहन बस सेवा का विधिवत शुभारंभ किया गया है। इस सेवा से क्षेत्र के हजारों लोगों को सुगम और किफायती आवागमन की सुविधा मिलेगी।

जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने बताया कि यह बस सेवा गांव लौदाना से शुरू होकर छपना मोड़, कस्बा जहांगीरपुर, बंकापुर, नीमका, जेवर, जेवर कट, दयानतपुर, फलैदा, खेड़ा मोड़, मिर्जापुर, दनकौर, गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय, परीचौक और बॉटनिकल गार्डन होते हुए सेक्टर-37 नोएडा तक संचालित होगी। यह बस ग्रामीण क्षेत्रों को सीधे नोएडा जैसे बड़े शहरी केंद्र से जोड़ेगी। यह परिवहन सेवा विद्यार्थियों को शिक्षण संस्थानों तक पहुंचने में मदद करेगी। साथ ही, किसानों, श्रमिकों, महिलाओं और बुजुर्गों को भी दैनिक आवागमन में राहत मिलेगी। रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं तक आसान पहुंच के लिए यह बस सेवा महत्वपूर्ण साबित होगी। स्थानीय लोगों के अनुसार, इस बस सेवा से उनके समय और धन दोनों की बचत होगी। जेवर विधानसभा क्षेत्र में जनसुविधा और विकास की दिशा में यह एक और कदम है।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email: parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# खराब रैंकिंग वाले सभी विभाग करें सुधार:प्रभारी मंत्री

## प्रभारी मंत्री ने राजस्व, कानून व विकास कार्यो की समीक्षा बैठक कर दिए सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जनपद प्रभारी मंत्री जसवंत सिंह सैनी का जनपद बागपत में दो दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत दूसरे दिन प्रभारी मंत्री ने कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्व, कानून व विकास कार्यो की समीक्षा बैठक की जिसमें उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा सरकार की मंशा के अनुसार कार्य करें। पात्र व्यक्तियो को सरकार की जनकल्याणकारी योजना का लाभ मिले। आम आदमी पीढ़ीत व्यक्ति के साथ अधिकारी अच्छा व्यवहार करें। उन्हें सरकार की योजना के प्रति अच्छे से जोड़े और जो पात्र हैं उन्हें लाभान्वित करें। सरकार पीड़ित के लिए गंभीर है। सरकार का उद्देश्य आम व्यक्ति तक योजना का लाभ पहुंचना है और उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाना है।

प्रभारी मंत्री ने सीएम डैशबोर्ड के संदर्भो की समीक्षा की। उन्होंने कहा जिन विभागों की रैंकिंग खराब है। इसमें सुधार किया जाए। गंभीरता के साथ तत्परता दिखाएं और कार्य को गुणवत्ता के साथ कार्य करें। जनपद की अच्छी रैंकिंग आनी चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि जो विभाग डी श्रेणी में है। वह ऊपर आने का प्रयास करें। प्रभारी मंत्री ने मंडी आए बधाई जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 20 श्रेणी में आनी चाहिए। गन्ना भुगतान मलकपुर मिल द्वारा निरंतर किया जाए। जनवरी तक तब भुगतान करने के मेल द्वारा आश्वासन दिया गया है जिसमें अभी भी मेल पर 76 करोड़ की धनराशि किसने की पिछले वर्ष की बकाया है। इस पर गन्ना अधिकारी को निर्देशित किया कि किसानों का गन्ना भुगतान समय से हो मिल के संपर्क में रहे प्रधानमंत्री आवास शहरी योजना प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के अंतर्गत जो पात्र लाभार्थी हैं उन्हें आवास दिए जाएं। इसमें कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। परिवहन विभाग को दी से अपडेट करने के भी में आए





इसके लिए संबंधित को निर्देश दिए प्रभारी मंत्री ने कहा कि सुभानपुर का हाइट गेज को सिंचाई विभाग अच्छी तरीके से व्यवस्थित तरीके से लगाए जिससे कि गाजियाबाद की तरफ से आने वाले ट्रक ओवरलोड गाड़ी उस पर ना पार कर सके। प्रभारी मंत्री ने पंचायत राज को निर्देशित किया कि स्कूलों में साफ सफाई प्रतिदिन होनी चाहिए और इसका रोस्टर बनना चाहिए। उन्होंने स्कूलों की साफ सफाई न होने पर बीएसए से नाराजगी व्यक्त की और इसमें सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गांव में साफ सफाई में बहुत लापरवाही की जा रही है। गांव में सफाई कर्मी रहकर गांव की साफ सफाई करें। गांव को स्वच्छ रखें। जिलाधिकारी ने बेसिक शिक्षा कार्यों की समीक्षा की उन्होंने कहा 19 पैरामीटर पूर्ण होने चाहिए और कायाकल्प के अंतर्गत सभी कार्य अच्छे से हो उन्होंने एमएसएमई मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना जैसी योजनाओं का पात्र लाभार्थियों को लाभ देने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि टीम वर्क के रूप में कार्य करें कार्य के प्रति लापरवाह ना करे संवेदनशील बने व्यक्ति जिले से चलकर आपके कार्यालय तक एक उम्मीद के साथ आता है जो माव मुख्यमंत्री की मनसा है कि आम आदमी को सरकार की जनकल्याणकारी योजना के जरूरतमंद को लाभ मिले। उन्होंने कहा कि अधिकारी अपने कार्यों का मूल्य का मूल्यांकन करते रहें जो आपके पास आता है उनकी उम्मीद पर खरे उतरे पेंशन राशन सामूहिक विवाह श्रम कार्ड मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना छात्रवृत्ति आदि से वंचित नहीं रहने चाहिए।

इस अवसर पर जिलाधिकारी अस्मिता लाल, अपरपुलिस अधीक्षक, अपर जिलाधिकारी वित्त/र राजस्व विनीत कुमार उपाध्याय, मुख्य विकास अधिकारी बृजेन्द्र शुक्ल सहित आदि अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# शिक्षा, स्वास्थ्य में किसी प्रकार की कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए: जसवंत सैनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** मंत्री ने कहा शिक्षा, स्वास्थ्य में कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा शिक्षा के प्रति संबंधित अधिकारी संवेदनशील रहे। शिक्षा से ही जीवन शुरू होता है जिससे एक अच्छे राष्ट्र का निर्माण होता है। उन्होंने कर-करेत्तर व राजस्व कार्यो की समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा जो वार्षिक लक्ष्य मिला है उसके सापेक्ष कार्य किया जाए राजस्व में जनपद अग्रिम रहना चाहिए। शासन से मिले हुए लक्ष्य के सापेक्ष संबंधित अधिकारी कार्य करें। उन्होंने कहा कि कोर्ट में जो लंबित मामले चल रहे हैं उनका निस्तारण होना चाहिए। इस समय राजेश के 408 बाद लंबित हैं जो 3 वर्ष पुराने हैं इनको सभी को समय से निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कृषि विभाग को खाद बीज की उपलब्धता रखने के निर्देश दिए और किसानों को तकनीकी जानकारी देने के निर्देश दिए कहा कि किसानों को अधिक से अधिक सरकार की मंशा के अनुरूप तकनीकी से सीधा जोड़ा जाए। प्रभारी मंत्री ने कहा किसान को खाद बीज के लिए परेशान होना ना पड़े। खाद की उपलब्धता रहनी चाहिए। उन्होंने प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के संबंध में भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जो सोलर पैनल लगे है। उनका सत्यापन कराया जाए और इस योजना का व्यापक प्रचार प्रसार कराया जाए जिससे कि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ ले सकें योजना के बारे में जब आम जनमानस को पता लगेगा योजना से तभी व्यक्ति लाभान्वित होगा। उन्होंने सोशल सेक्टर विभागों की भी समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा पेंशन छात्रवृत्ति में कोई लापरवाही नहीं की जाए जो पात्र है उन्हें समय से पेंशन मिलनी चाहिए और पेंशन के लिए कैम्प लगाये जाए। ईकेवाईसी पर भी फोकस करने के निर्देश दिए। उन्होंने राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना में भी संबंध को अच्छी प्रगति करने के निर्देश दिए।

# नशे के खिलाफ ढिकोली में महिलाओं की पंचायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** ढिकोली गांव में नशा रोकने के लिए चल रहे अभियान में महिला भी शामिल हो गयी है। महिलाओं ने गांव में पंचायत कर नशा रोकने के लिए गांव गांव अभियान चलाने का संक्लप लिया। गांव ढिकोली में नशे के खिलाफ माताओं-बहनों द्वारा एक पंचायत का आयोजन किया गया। इस पंचायत में सभी माताओं-बहनों ने एडवोकेट सोमेंद्र ढाकाका आभार व्यक्त किया और उन्हें यह आश्वासन दिया कि नशे के विरुद्ध इस पवित्र लड़ाई में हम पूरी मजबूती के साथ आपके साथ हैं। साथ ही यह भी संकल्प लिया गया कि 18 जनवरी को प्राचीन शिव मंदिर में आयोजित होने वाले नशा छोड़ो संकल्प महायज्ञ में सैकड़ों की संख्या में माताएं-बहनें उपस्थित होंगी, और इस अभियान को सफल बनाएंगी। वही गांव के सम्मानित नागरिकों से विनम्र निवेदन किया कि आप अधिक से अधिक संख्या में 18 जनवरी को प्राचीन शिव मंदिर पहुंचकर इस नशा छोड़ो संकल्प महायज्ञ में भाग लें और अपने गांव का नाम रोशन करें। इस मौकें पर राजवती, विमलेश, रजनी, हेमलता आदि महिला मौजूद रही।



# हत्याओं के मामले में गिरावट आनी चाहिए:सैनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** आइजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त होने वाले संदर्भो का समय अंतर्गत निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि संबंधित शिकायतकर्ता की शिकायत का निस्तारण गुणवत्ता के साथ समय अंतर्गत किया जाए। इस उद्देश्य से सभी अधिकारी कार्य करें और अपने दायित्वों का निर्भन करें जनता दर्शन में आने वाली समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाए।

मंत्री ने कानून व्यवस्था के कार्यो की भी समीक्षा बैठक की। उन्होंने निर्देश दिए कि पुलिस का संवाद जन सामान्य से ठीक हो अपनी तहरीर के लिए आए तो उनकी समस्या को सुना जाए। हत्याओं के मामले में गिरावट आनी चाहिए। उन्होंने कहा जो थाने में प्रार्थना पत्र आए उनका समय अंतर्गत निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा समस्त अधिकारी सांसद डा.राजकुमार सागवान ने बैठक में एमएसएमई और इसी के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जमीन चिन्हित कराई जाए और जो पत्रचार किया जा रहा है उसे दें जिससे कि जनपद के विकास को और तीव्र गति दी जा सके चहु मुखी विकास ही करना मेरा दृढ़ संकल्प है। प्रभारी मंत्री ने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं नीतियों से संबंधित लाभार्थियों को टूल्किट वितरित की उन्हें इलेक्ट्रॉनिक चाक दिया। प्रभारी मंत्री जसवंत सिंह सैनी, सांसद डा .राजकुमार सागवान द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में शीत लहर के दृष्टिगत निराश्रित असहाय व्यक्तियों को कंबल वितरित किए।

# पुलिस ने युवक की हत्या के मामले में तीन लोगों को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** गौना गांव का एक युवक अपने दोस्तो के साथ हरियाणा कोथली देने गया था सुबह साथी उसे मृत हालत में घर पर छोड़ गये थे। परिजनों ने पुलिस को बुलाया और हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा किया था। परिजनों की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा कायम कर तीन आरोपीयों को पकड़ जेल भेज दिया है। गौना निवासी 45 वर्षीय शिवशंकर पुत्र रामकुमार अपने साथी विकास पुत्र हेकड़ व ईश्वर पुत्र नत्थू, लीलू पुत्र रामचरण के साथ कोथली देने बुधवार शाम को हरियाणा गये थे, परिजनों ने बताया बुधवार शाम विकास नें बडागांव टोल पर उसे बुलाया था जहा लीलू की बेटी की कोथली लेकर हरियाणा जाना था जिससे लगभग 4 बजें शिव शंकर का भतीजा यश उसे बडागांव टोल छोड़कर आया था जहा से चारो हरियाणा गये थे।

# मृतक की बहन भी गांव में नहीं जा सकी, पुलिस ने रिश्तेदारों को बाहर रोके रखा



पुलिस द्वारा रोके जाने पर गांव के बाहर बैठी मृतक की बहन व अन्य परिजन।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** थाना क्षेत्र के गांव कपसाड़ में महिला की हत्या और उसकी बेटी के अपहरण के मामले ने पूरे प्रदेश को झकझोर कर रख दिया है। घटना के दूसरे दिन भी गांव में तनावपूर्ण और गमगीन माहौल बना हुआ था। इस बीच, मृतक महिला सुनीता की बहन, माया देवी, जो कि गाजियाबाद से अपने बहन के दु:ख में सांत्वना देने आई थीं, गांव के भीतर प्रवेश नहीं कर सकीं।

सूत्रों के अनुसार, पुलिस ने सभी रिश्तेदारों और आगंतुकों को सुरक्षा और तनाव को देखते हुए पूरे दिन गांव के बाहर ही रोके रखा। इस दौरान माया देवी सुबह से शाम तक गांव के बाहर बैठी रहीं, जबकि उनका मन अपनी बहन के पास जाने का था। पुलिस का कहना था कि यह कदम ग्रामीणों और परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने, अफवाह फैलने और किसी अप्रिय घटना को रोकने के लिए जरूरी था। इस दौरान मृतका के परिवार का रो-रोकर हाल बेहाल रहा। परिजन लगातार अपहृत किशोरी की सलामती और मामले में जल्दी कार्रवाई की उम्मीद में थे। पुलिस ने पूरे दिन गांव में सख्त तैनाती बनाए रखी थी और हर गली, मोड़ और मुख्य मार्ग पर बेरीकेडिंग और निगरानी रखी गई थी। इस कारण परिवार और रिश्तेदारों को बाहर ही रोके रखना पड़ा।

स्थानीय लोगों का कहना है कि माया देवी का पूरे दिन बाहर बैठकर अपने बहन और भांजी की चिंता करना, परिवार के सदस्यों का गम और मातम, पूरे गांव में गहरी संवेदनशीलता और चिंता का माहौल बना रहा। पुलिस का दावा है कि यह सख्त कदम केवल सुरक्षा बनाए रखने और मामले की जांच को प्रभावित होने से रोकने के लिए उठाया गया।

# दूसरे दिन भी छावनी में तब्दील रहा कपसाड़ गांव

## गांव के चौराहों, गलियों और मुख्य मार्गो पर खड़े रहे पुलिसकर्मी, मीडिया की एंट्री पर रही पाबंदी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** थाना क्षेत्र के गांव कपसाड़ में महिला की हत्या और उसकी बेटी के अपहरण के सनसनीखेज मामले के बाद पुलिस ने दूसरे दिन भी पूरे क्षेत्र में कड़ी निगरानी और सख्त तैनाती रखी। पूरे गांव के चौराहों, गलियों और मुख्य मार्गों पर पुलिसकर्मी तैनात थे। पुलिस की यह कार्रवाई मुख्य रूप से फरार आरोपी को पकड़ने और अपहृत किशोरी की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की गई। हालांकि, गांव में पुलिस की हरकतों को लेकर कई जगह ग्रामीणों और परिजनों ने विरोध जताया। कुछ ग्रामीण और रिश्तेदार पुलिस को गांव के भीतर जाने से रोकने लगे। इस दौरान पुलिस और ग्रामीणों के बीच धक्का-मुक्की और तनावपूर्ण स्थिति भी देखने को मिली। इसी बीच, पुलिस ने मीडिया के लिए भी गांव में प्रवेश पर रोक लगा दी। कई न्यूज चैनल के पत्रकार और फोटोग्राफर गांव में रिपोर्टिंग के लिए पहुंचे तो पुलिस ने उन्हें अंदर नहीं जाने दिया। कुछ जगह तो पुलिस ने समाचार कर्मियों के साथ सांकेतिक तौर पर मारपीट भी की, जिससे तनाव और बढ़ गया। पुलिस का कहना था कि फिलहाल ग्रामीणों और परिजनों के बीच अफवाह फैलने और हालात बिगड़ने की संभावना के कारण मीडिया को भीतर प्रवेश की अनुमति नहीं दी जा रही है। सूत्रों के अनुसार, पुलिस ने पूरे गांव और आसपास के मुख्य मार्गों पर ब्रेगडिंग कर चप्पे-चप्पे पर तैनाती की। हर गली और मोड़ पर पुलिसकर्मी खड़े थे ताकि किसी भी अप्रिय घटना, अफवाह या हिंसा को रोका जा सके। पुलिस ने अपने साथ विशेष बल, निगरानी टीम और मोबाइल सर्विलांस की व्यवस्था रखी हुई थी, जिससे आरोपी की किसी भी गतिविधि पर नजर रखी जा सके। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस की तैनाती और छापेमारी के बावजूद आरोपी अब तक फरार है, जिससे लोगों में असंतोष और नाराजगी बढ़ गई है। वहीं, पुलिसकर्मी पूरे संयम के साथ दबाव बनाए रखने में जुटे रहे। कई परिवारों और गांव के बुजुर्गों ने पुलिस की कार्रवाई की सराहना की। पुलिस ने आरोपी के संभावित ठिकानों पर लगातार दबिशें दी हैं और रिश्तेदारों तथा परिचितों से गहन पूछताछ की। पूरे इलाके में पुलिस की नजर बनी रही। तनावपूर्ण माहौल के बावजूद पुलिस अपने मिशन में पूरी तरह जुटी रही।



मीडियाकर्मी को रोकती पुलिस।





गांव के मुख्य मार्गों पर तैनात अर्द्धसैनिक बल व पुलिस फोर्स।

# ग्रामीणों ने किया सुधा तोमर का फूल मालाओं से स्वागत

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के बोहला गांव में वार्ड नंबर 10 से बागपत जिला पंचायत सदस्य पद की भावी प्रत्याशी सुधा तोमर धर्मपत्नी विक्की उर्फ अनुज तोमर का फूल मालाओं के साथ वरिष्ठ समाजसेवी राजेंद्र सिंह, पंडित मुकेश शर्मा के आवास पर स्वागत किया गया। ग्राम वासियों ने सुधा तोमर का स्वागत करते हुए उन्हें भारी मतों से जीत दर्ज करने का अपने गांव में भरोसा दिलाया। इस मौके पर सुधा तोमर ने कहा कि जनता का सम्मान करना एवं क्षेत्र का विकास करना मेरी पहली प्राथमिकता होगी मुझे केवल आपके सहयोग आपकी मदद आपके आशीर्वाद की आवश्यकता है। इस मौके पर भोपाल सिंह ने गांव पहुंचने पर ढोल नगाड़ों के साथ उनका स्वागत किया है। स्वागत में संजीव वरिष्ठ समाजसेवी पंडित मुकेश शर्मा राजेंद्र सिंह बॉबी शर्मा भोपाल संजीव धर्मपाल सिंह नरेंद्र सिंह कश्यप मनोज कश्यप सुकराम सिंह मनीषा रामकली रजनी शर्मा नीलम राखी देवी ओम कली अनीता चौधरी उर्मिला देवी आदि



महिलाओं ने फूलमालाओं के साथ सुधा तोमर का स्वागत किया।

# अवैध मिट्टी खनन को लेकर दो गुटों में हुई मारपीट और फायरिंग



**बागपत।** खेकड़ा तहसील क्षेत्र में अवैध मिट्टी खनन को लेकर दो गुटों में मारपीट और फिर फायरिंग हुई। यह घटना खेकड़ा-काठा मार्ग पर वर्चस्व कायम करने के विवाद के चलते हुई। मामले का संज्ञान लेते हुए एसपी सूरज राय ने जांच के आदेश दिए हैं।

जानकारी के अनुसार, अवैध मिट्टी खनन करने वाले ये दोनों गुट क्षेत्र में अपना-अपना वर्चस्व स्थापित करना चाहते थे। पहले इनके बीच कहासुनी हुई, जिसके बाद दोनों तरु से लगभग आधा-आधा दर्जन लोग मौके पर पहुंच गए और कई राउंड फायरिंग की। घटना के दौरान दो पुलिसकर्मियों की मौजूदगी का भी आरोप है।


**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र कालू व पुत्रवधू फराना से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।
इसरत पत्नि स्व.रहीस अहमद निवासी ग्राम तिलपनी थाना सिंघावली अहीर तहसील व जनपद बागपत।

**सूचना**

मेरा नाम त्रुटिवश पासपोर्ट में तसलीम फातिमा अंकित हो गया है जबकि मेरे सभी दस्तावेजों में सही व शुद्ध नाम तसलीम बेगम (TASLEEM BEGUM) है।
-तसलीम बेगम पत्नि श्री शौकत अली निवासी 144, पुर्वा फय्याज अली, अपोजिट नगर निगम, मेरठ।

**सूचना**

मा.न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायालय त्वरित न्यायालय-द्वितीय बागपत के आदेश के अनुपालन में मु.अ.सं.957/18 धारा 08/20 NDPPS Act थाना बडौत जनपद बागपत के फरार चल रहे अभियुक्त यशपाल पुत्र रामकुमार निवासी गुराना रोड़ गली नं.6 विजयनगर कस्बा व थाना बडौत बागपत की चल सम्पत्ति की कुर्की दिनांक 07.01.2026 को की गयी। कुर्की संबंधित सामान गवाहान को सुपुर्द किया गया व संबंधित कागजात मा. न्या. के समक्ष पेश किए गए।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र सादाब व पुत्रवधू आसमा से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।
अलीमुदीन पुत्र मौहम्मद हुसैन निवासी ग्राम सैडभर थाना सिंघावली अहीर तहसील व जनपद बागपत।

**सूचना**

मेरे हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2016 व अनुक्रमांक 0639869 तथा इण्टरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2018 व अनुक्रमांक 1461472 के अंक प्रत्र सह प्रमाण पत्र वास्त में कही खो गए है।
सचिन शर्मा पुत्र सतीश शर्मा निवासी कस्बा छपरौली तहसील बडौत जनपद बागपत।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र राजा चरण व पुत्रवधू संजना से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।
महेन्द्र पुत्र बलजीत सिंह निवासी मौहल्ला माता वाला अमीनगर सराय तहसील व जनपद बागपत।

### कपसाड़ हत्याकांड, राजनीतिक और सामाजिक संगठनों ने खोला मोर्चा

# छावनी में तब्दील हुआ कमिश्नरी चौराहा

- सीओ सिविल लाइन के अलावा पांच थानों की पुलिस रही तैनात
- ज्ञापन लेने के लिए कमिश्नरी पर अधिकारी किया नियुक्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सरधना विधानसभा क्षेत्र के कपसाड़ गांव में हुए दलित महिला हत्याकांड और युवती के अपहरण का मुद्दा इस कदर गरमा गया है। कि कपसाड़ गांव से लेकर कमिश्नरी चौराहे के साथ ही कमिश्नर और जिला अधिकारी कार्यालय तक सभी जगह पुलिस का कड़ा पहरा लगाया गया। इसके अलावा एलआईयू भी एक्टिव मोड पर आ गई है। क्योंकि इस घटना के विरोध में विपक्षी दलों के अलावा सामाजिक और व्यापारिक संगठन भी धरने प्रदर्शन कर मौजूदा प्रदेश सरकार और पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। जिसके चलते शनिवार को कमिश्नर चौराहे पर सीओ सिविल लाइन अभिषेक तिवारी के अलावा थाना सिविल लाइन, कोतवाली, मेडिकल, नौचंदी, परतापुर तक का पुलिस फोर्स तैनात रहा। तो वहीं एलआईयू भी पल पल की जानकारी जुटाती रही और धरना प्रदर्शन करने पहुंच रहे संगठनों ने एसडीएम प्रभाकर तिवारी को ज्ञापन दिया।

## आजाद अधिकार सेना ने गिरफ्तारी की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

आजाद अधिकार सेना के मंडल अध्यक्ष अजीज ठेकेदार के नेतृत्व में धरना देने पहुंचे संगठन के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन देते हुए कहा कि सरधना विधानसभा क्षेत्र के कपसाड़ गांव में 8 जनवरी को दलित समाज की महिला सुनीता देवी की नृशंस हत्या और उनकी पुत्री के अपहरण के मामले में मुख्य आरोपी पारस सोम उर्फ पारस राजपूत और उसके सहयोगी घटना के बाद से ही फरार हैं। वारदात को हुए करीब 48 घंटे बीत चुके लेकिन अभी तक युवती की सकुशल बरामद नहीं हो पाई। अजीज ठेकेदार ने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा के प्रदेश मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा है कि आरो. पियों का कोई धर्म या जाति नहीं होती है। इस घटना को जातिगत तूल न दी जाए। उन्होंने कहा कि यही बात आपसे पहले देवबंद में एस.एच. ने दोहराई थी। तो भाजपा ने उन्हें तुरंत लाइन हाजिर कर दिया था। उसी क्रम में प्रदेश के मंत्री को भी बर्खास्त किया जाए। संगठन ने आरोप लगाया कि इतनी बड़ी घटना के बावजूद पुलिस के द्वारा आरोपियों की गिरफ्तारी तकनीकी साक्ष्य संकलन और प्रभावी खोज अभियान में घोर लापरवाही बरती गई है। मामला एससी एसटी एक्ट से जुड़ा होने के बावजूद अभी तक ना तो उच्च स्तरीय जांच शुरू की गई और न ही फास्ट ट्रैक न्यायिक प्रक्रिया अपनाई गई है। उन्होंने राष्ट्रपति को संबोधित दिए गए ज्ञापन में मांग की है कि अपहरण हुई युवती की सकुशल बरामदगी के अलावा आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी के अलावा इस पूरे मामले की एसआईटी सीबीआई जांच कराई जाए। पीड़ित परिवार को एक करोड़ रुपए मुआवजा एक सदस्य को सरकारी नौकरी, 5 बीघा जमीन, हथियार का लाइसेंस और स्थायी सुरक्षा प्रदान की जाए। इसके अलावा पुलिस इंटेलिजेंस प्रशासनिक विफलताओं के जिम्मेदार अधिकारियों पर कठोर व दंडात्मक कार्यवाही की जाए। संगठन ने चेतावनी दी है कि अगर इन मांगों को नहीं माना गया तो प्रदेश व्यापी आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान बुद्ध प्रकाश, मोहन देव, सुरेंद्र कश्यप, योगेंद्र धर्मपाल, अजमल शेख, नौशाद आदि मौजूद रहे।

## खटीक संघ ने दिया धरना

खटीक संघ के मेरठ जिला अध्यक्ष उमाशंकर एडवोकेट के नेतृत्व में एसएसपी ऑफिस पहुंचे संगठन के पदाधिकारी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित ज्ञापन देते हुए कहा कि दलित समाज की युवती का अपहरण कर लिया गया और आरोपियों का दुस्साहस यहां तक बढ़ गया कि इसका विरोध करने पर उसकी मां की हत्या कर दी गई। इस घटना को हुए दो दिन बीत चुके हैं, उसके बावजूद आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर हैं जिसकी वजह से दलित समाज में आक्रोश है।

# वसूली करने पहुंची विद्युत विभाग की टीम, कई के काटे कनेक्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** विद्युत वितरण खंड अधिशासी अभियंता महेश उपाध्याय के नेतृत्व में चेकिंग अभियान चलाया गया बिजली बिल राहत योजना 2025 और 26 एंटी पावर द्वारा निवाड़ी पतला आदि खानपुर गांव में राजस्व वसूली जमा करने के लिए गांव में पुराने बकायदारों के कनेक्शन काटे गए जो करीब सालो से बिल जमा नहीं कर रहे हैं और विद्युत विभाग को काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है करीब 60 प्रतिशत विद्युत कनेक्शन चेक किए गए और राजस्व वसूली के लिए भी लोगों को बताया कि जल्द से जल्द बकाया बिल जमा करें। वहीं बिजली विभाग के चेकिंग अभियान से क्षेत्र में अफरा तफरी मच गई काफी कनेक्शन के ओवरलोड भी पकड़े इस मौके पर उपखंड अधिकारी चंदन पंडित और अभियंता उपेंद्र कुमार यादव, प्रवीण कुमार, अरविंद बाबू, पंकज कुमार आदि कर्मचारी चेकिंग के दौरान मौजूद रहे।

- अचानक चेकिंग अभियान से क्षेत्र के लोगों में मचा हड़कंप
- क्षेत्र में अधिकतर मिले ओवरलोड कनेक्शन

# कांग्रेस महानगर अध्यक्ष की माता की निधन

### तीन जनवरी को हार्ट अटैक आने से पिता का हुआ था स्वर्गवास

- पिछले 20 दिनों से जसवंत राय अस्पताल में भर्ती थीं राजबाला गौतम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** महानगर कांग्रेस कमेटी मेरठ के अध्यक्ष रंजन शर्मा के लिए नववर्ष काफी पीड़ा भरा रहा। रंजन शर्मा कि माता राजबाला गौतम का शनिवार को स्वर्गवास हो गया है, वें पिछले 20 दिनों से जसवंत राय हॉस्पिटल में भर्ती थी। रंजन शर्मा के पिता प्रभाकर शर्मा का बीते 3 जनवरी में हार्ट फैल होने के कारण स्वर्गवास हो गया था। इनके दो बेटे व दो बेटिया है। महानगर अध्यक्ष रंजन शर्मा सबसे छोटे बेटे है। रंजन शर्मा कि पत्नी वर्तमान में नगर निगम कि सभासद है। इनकी अंतिम यात्रा शनिवार को उनके मूल निवास शास्त्री की कोठी, ब्रह्मपुरी मेरठ से साय 5 बजे सूरज. कुण्ड के लिए रवाना हुई। जिसमें भारी संख्या में कांग्रेसी मौजूद रहे।

# समाजवादी पार्टी के सांसद रामजीलाल सुमन को कपसाड़ जाने से रोका



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शनिवार को समाजवादी पार्टी के सांसद रामजीलाल सुमन को मेरठ के काशी टोल प्लाजा पर ग्राम कपसाड़ के पीड़ित परिवार से मिलने से रोका गया। इसके विरोध में समा. जवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मौके पर धरना-प्रदर्शन कर विरोध जताया है। उनका कहना था कि पुलिस सरकार के दबाव में काम कर रही है। पीड़ित परिवार से मिलना हम प्रति. निधि के अलावा आम आदमी का भी संवेधाानिक अधिकार है। पुलिस द्वारा शीघ्र अभियुक्त की गिरफ्तारी और पीड़िता को न्याय दिलाने के आश्वा. सन पर प्रदर्शन समाप्त किया गया।

# अनियंत्रित कार ने टेम्पों में पीछे से मारी टक्कर चार साल के बच्चे की मौत, बहन घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** बागपत रोड आए दिन काल बनकर एक न एक हादसे को दावत दे रहा है। इस रोड पर आए दिन हादसे होते रहते हैं। अदनान पुत्र सैफ अली उम्र 4 वर्ष और उसकी बहन शादियां 6 वर्ष अपनी मां काजल निवासी टीकरी के साथ अस्पताल में आए थे जैसे ही वह पांचली अस्पताल से दवाई लेने के बाद टेम्पों में पीछे की तरफ बैठ गए तभी पीछे से आ रही एक अनियंत्रित कार सवार चालक ने टेम्पो में टक्कर मार दी। जिससे टेम्पों में बैठी सवारियों में चीख पुकार मच गई गाड़ी चालक फरार हो गया जिसमें अदनान की मौके पर ही मौत हो गई और उसकी बहन शादियां घायल हो गई। सुचना पाकर पहुंची थाना पुलिस ने शव पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मा काजल बेटी सादिया को पास के अस्पताल में भर्ती कराया। इसके अलावा टेम्पों में बेठी सवारियों को मामूली चोट के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं घटना का पता चलते ही परिवार वालों में कोहराम मच गया। आनन-फानन में परिजन घटनास्थल पर पहुंचे।

# गंदगी के विरोध में ग्रामीणों का हंगामा

### रामराज के मौहल्लों में गंदा पानी भरा होने से ग्रामीणों में आक्रोश, गिरने से चोटिल हो रहे हैं लोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** थाना क्षेत्र के गांव सैफपुर फिरोजपुर के मोहल्ला ढालान वाला आर्यनगर की गली में सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे होने व मौहल्ले में पानी भरा होने के कारण वाहन चालकों को आने-जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इन गड्ढों में गिरकर चोटिल हो रहे हैं।

ग्रामीणों ने इसकी समस्या उच्चाधिकारियों को दी। लेकिन आज तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है। शनिवार को भाकियू अंबावता के प्रदेश सचिव मोनू पंवार, भाकियू अराजनीतिक के युवा जिलाध्यक्ष विपिन गुर्जर के नेतृत्व में ग्रामीण नीलम देवी, सुखविंदर पाल, बबीता, बिल्लू, सुरेश कुमारी, सोनिया, मिथलेश, कुसुम, ओमवती, उषा, माया, मंजू, बसंती, मनीषा, सुषमा, संगीता, राखी, राजबा. ला, प्रमोद, मनोज कुमार, राजपाल सिंह आदि सैकड़ो लोगों ने जमकर हंगामा करते हुए शासन प्रशासन से समस्या का समाधान करने की मांग रखी। मोनू पंवार ने ग्रामीणों के हंगामे के बीच कहा कि जहा राम राज्य के नाम पर देश व प्रदेश में भाजपा सरकार बैठी हुई हैं। उनके सब वादे हवाई फायर हैं। धरातल पर कोई कार्य नहीं हो पा रहा है। रामराज कहने वाला गांव बद से बत्तर जिंदगी जीने को मजबूर है। सड़क में पानी भरा होने के कारण उसमें संक्रामक रोग पनप रहे हैं। जिसके कारण ग्रामीण बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं, तथा वाहन चालक उसमें गिरकर घायल भी हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस समस्या को डीएम एवं मवाना तहसील पर एकत्र होकर उठाएंगे। उन्होंने कहा कि यदि एक सप्ताह के अंदर इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वह ग्रामीणों को साथ लेकर आंदोलन करने पर मजबूर हो जाएंगे।





# डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन का चुनाव सम्पन्न, सभी पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित



मंच पर बैठे सम्मानित लोग पदाधिकारियों को बधाई देते हुए।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन जनपद शाखा मेरठ का चुनाव शनिवार को सीएमओ कार्यालय परिसर में शांतिपूर्ण एवं सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्षा फार्मेसी काउंसिल की चेयरमैन तथा फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया की सदस्य डॉ. संदीप बडोला रहीं। चुनाव पर्यवेक्षक मंडलीय सचिव मुरादाबाद मंडल हेमंत चौधरी रहे। चुनाव में अध्यक्ष पद पर बिजेंद्र सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पी.के. गर्ग, उपाध्यक्ष आशीष चौधरी, मंत्री शकील अहमद, कोषाध्यक्ष सतीश तथा संयुक्त मंत्री देवेंद्र शर्मा निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। इस अवसर पर मंडलीय अध्यक्ष ओमवीर सिंह, जिला मेरठ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के महामंत्री रजनीश कौशल, चुनाव अधिकारी विनोद कुमार मालिक व युद्धवीर सिंह सहित मेरठ व मुरादाबाद मंडल के विभिन्न जिलों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# किठौर पुलिस ने मोबाइल लूट के तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** पुलिस ने मोबाइल लूट के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी सीसीटीवी फुटेज और जांच के आधार पर हुई। घटना 10 जनवरी को किठौर थाना क्षेत्र में हुई थी। पीड़ित ने 10 जनवरी को किठौर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उसने बताया था कि तीन अज्ञात व्यक्तियों ने उसका मोबाइल फोन छीन लिया था। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस टीम ने घटनास्थल के आसपास पूछताछ की और सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन किया। जिससे आरोपियों की पहचान हुई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीनों नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में विकास पुत्र जितेंद्र ग्राम ढाना, थाना सिम्भावली, हापुड़, देव सिंह पुत्र कपिल सिंह (ग्राम ढाना, थाना सिम्भावली, हापुड़) और दीपांशु पुत्र मनवीर ग्राम खिलवाई, थाना गढ़मुक्तेश्वर, हापुड़ शामिल हैं।




उन्हें कस्बा शाहजहांपुर में कंठी वाली माता के मंदिर के पास से छीने गए मोबाइल फोन के साथ पकड़ा गया। यह कार्रवाई उपमहानिरीक्षक वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मेरठ और पुलिस अधीक्षक ग्रामीण मेरठ के निर्देशन में क्षेत्रधिकारी किठौर थाना प्रभारी प्रताप सिंह थाना किठौर की टीम द्वारा की गई। आरोपियों के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# एआईएमआईएम कार्यकर्ताओं को ही परिवार से मिलने की अनुमति

- पुलिस के साथ संघर्ष के बाद पहुंचे गांव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** थाना क्षेत्र के कपसाड़ गांव में दलित महिला की हत्या और उसकी नाबालिग बेटी के अपहरण के मामले में शनिवार को एआईएमआईएम के कार्यकर्ता जिला अध्यक्ष फहीम चौधरी के नेतृत्व में पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे। पूरे दिन पुलिस ने गांव में सख्त तैनाती की हुई थी और किसी को भी सीधे परिवार के पास जाने की अनुमति नहीं दी। हालांकि, केवल एआईएमआईएम कार्यकर्ताओं को ही परिवार से मिलने की अनुमति दी गई। सूत्रों के अनुसार, जैसे ही पार्टी कार्यकर्ता गांव पहुंचे, पुलिस ने उन्हें पहले गांव में प्रवेश नहीं करने दिया। इस दौरान पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच संक्षिप्त संघर्ष और धक्का-मुक्की हुई। कार्यकर्ताओं ने हार नहीं मानी और खेतों के रास्ते होकर गांव में प्रवेश किया। जब पार्टी कार्यकर्ता पीड़ित परिवार की गली के पास पहुंचे तो पुलिस ने उन्हें वहीं रोक दिया। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने धरना देकर विरोध जताया। कुछ समय बाद पुलिस ने अनुमति दी और एआईएमआईएम कार्यकर्ता परिवार से मिल सके।



उन्होंने परिवार के दुख में शामिल होकर उन्हें सांत्वना दी और उनके हौसले को बढ़ाया। इस दौरान पार्टी के वरिष्ठ नेता और स्थानीय प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। परिवार का दुख बांटने वालों में सिवाल खास विधानसभा अध्यक्ष हनीफ राणा, सैय्यद राणा, सरधना विधानसभा अध्यक्ष हाजी जाकिर, हाजी मुन्ना, ललित जाटव, आकाश जाटव, अफजाल अहमद, फुरकान चौहान, शाहरुख अंसारी, शहरान, हसीन, साबिर अहमद सहित कई अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे। एआईएमआईएम जिला अध्यक्ष फहीम चौधरी ने कहा कि पार्टी हमेशा पीड़ित परिवार के साथ खड़ी रहेगी और प्रशासन से अपील की कि आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी की जाए और अपहृत किशोरी सुरक्षित घर लौटाई जाए।

# सीसीएसयू में डा. मेराजुद्दीन अवॉर्ड कार्यक्रम का आयोजन

- डॉ. मेराजुद्दीन बिंदास लहजे वाले सच्चे इंसान थे, गंगाजल की सप्लाई मेराज साहब के कारण ही है: लक्ष्मीकांत वाजपेयी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के उर्दू विभाग में सेफ फाउंडेशन के द्वारा शनिवार को अटल सभागार में डॉ. मेराजुद्दीन अहमद मेमोरियल लेक्चर और अवॉर्ड कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें आए मुख्य अतिथियों ने अपनी कविताओं से समां बांध दिया। मशहूर विद्वान प्रोफेसर अबु सुफयान इस्लाही ने कार्यक्रम की शुरुआत में बोलते हुए कहा कि मजहब हमें नहीं सिखाता आपस में बैर रखना' यह अल्लामा इकबाल की कविता की एक लाइन है जो राष्ट्रीय एकता का संदेश देती है। अल्लामा इकबाल की कविता में राष्ट्रीय एकता और भारत की सुंदरता का जो चित्रण है, वह उर्दू शायरी के दूसरे कवियों में बहुत कम देखने को मिलता है।

उन्होंने आगे कहा कि इस बारे में सर सैयद ने जो कहा है, वह भी हमारे सामने है कि भारत एक खूबसूरत दुल्हन की तरह है, जिसकी दो आंखें हैं। उन्होंने एक आंख को हिंदू और दूसरी को मुसलमान बताया है। उन्होंने कहा कुरान भी यही संदेश देता है कि बिना किसी धर्म और राष्ट्रीयता के भेदभाव के, दुनिया के सभी देश अल्लाह का समाज हैं। अब अगर हम समाज में किसी को बुरे इंसान का दर्जा नहीं देंगे, तो यह उसके साथ नाइंसाफी होगी। हम समाज में हर किसी को इंसान का दर्जा देकर एक बेहतर समाज बना सकते हैं। बहुत कम लोग मिलते हैं जिन्होंने इस भारत को सर सैयद जितना खूबसूरत बनाया हो, लेकिन इन्हीं कुछ लोगों में मेराजुद्दीन साहब भी थे। मेराज साहब को साहित्य के साथ-साथ इंसानों से भी प्यार था। इससे पहले, प्रोग्राम की शुरुआत मौलाना अनीसुर्रहमान कासमी ने पवित्र कुरान की तिलावत से की। बाद में, सभी मेहमानों का फूलों से स्वागत किया गया। अध्यक्षता प्रो. असलम जमशेदपुरी ने की। मेरठ शहर के विधायक रफीक अंसारी, शोभित यूनिवर्सिटी के चांसलर कुंवर शेखर विजेंद्र, राज्यसभा सदस्य लक्ष्मीकांत वाजपेयी और मशहूर शायर और शिक्षाविद डॉ. नवाज देवबंदी खास मेहमानों के तौर पर शामिल हुए। मुख्य भाषण अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर अबु सुफयान इस्लाही ने दिया। स्वागत भाषण डॉ. शादाब अलीम और अमीरा अहमद ने दिया। प्रोग्राम का संचालन डॉ. अफाक अहमद खान ने किया और धन्यवाद समारोह बदर महमूद ने किया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. मेराजुद्दीन अहमद पर आधारित एक शॉर्ट फिल्म भी दिखाई गई। इस मौके पर अमीरा अहमद ने कहा कि मेरे पापा हमेशा कहते थे कि हमें दूसरों की चिंता करनी चाहिए। आज आप सबको देखकर लगता है कि हम अकेले नहीं हैं। मैंने बहुत कुछ पापा से ही सीखा है। जब वो काम करते थे, तो मौसम और समय उनके लिए कोई मायने नहीं रखते थे। चौधरी यशपाल सिंह ने कहा कि मेराज साहब से हमारा रिश्ता चौथी पीढ़ी में आ गया है। आज वो हमारे बीच नहीं हैं लेकिन उनकी बातें, उनकी यादें हमेशा हमारे साथ रहेंगी। कार्यक्रम के दौरान, मशहूर समाजसेवी और जश्न ए बहार ट्रस्ट, नई दिल्ली की फाउंडर डॉ. कामना प्रसाद को उनकी समाज सेवाओं के लिए पहला डॉ. मेराजुद्दीन अहमद अवॉर्ड भी दिया गया। लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने कहा कि मेराज साहब सिंचाई मंत्री थे। मेराजुद्दीन अहमद बिंदास लहजे वाले और सच्चे इंसान थे। आज मेरठ को जो गंगाजल की सप्लाई मिल रही है, वह मेराज साहब के ही कारण है। जब वह सड़क पर चलते थे, तो कभी सिर नहीं उठाते थे। आज मेरठ के लोग उनका जितना भी शुक्रिया अदा करें, कम है। कुंवर शेखर विजेंद्र ने कहा कि यहां बैठे सभी लोग मेराज साहब की मोहब्बत के धर्म हैं। वह सिर्फ एक मंत्री नहीं बल्कि एक महान शख्सियत थे। डॉ. मेराजुद्दीन खुद गंगा-जमनी तहजीब की मिसाल थे। रफीक अंसारी ने कहा कि मैं डॉ. मेराजुद्दीन के परिवार को बधाई देता हूं जिन्होंने उनकी याद में इतना खूबसूरत प्रोग्राम किया। अगर हमें सही मायने में सच्चा भारत देखना है, तो पूरा भारत यहां बैठा है। मेराज साहब की भाषा बहुत मीठी थी। वह उर्दू भाषा का इस्तेमाल करते थे। राजेंद्र शर्मा ने कहा कि मेराज साहब के किरदार से हम सभी वाकिफ हैं, लेकिन यह सच है कि वह सामाजिक न्याय और बराबरी की जीती-जागती मिसाल थे। हमें डॉ. मेराज के दिखाए रास्ते पर चलना चाहिए। प्रोफेसर जमाल अहमद सिद्दीकी ने कहा कि मैं इस मौके पर उन्हें श्रद्धांजलि देता हूं। मेराज साहब से प्यार करने वाले लोग उनकी मोहब्बत की वजह से यहां आए हैं। मैं पूरे विश्वास के साथ कहता हूं कि मेराज साहब सभ्यता, प्रेम और ईमानदारी की मिसाल थे। इस अवसर पर डॉ. आसिफ अली, डॉ. इरशाद स्यानवी, डॉ. अलका वशिष्ठ, फरहत अख्तर, आर.के. भटनागर पूर्व आईएएस, कवि ईश्वर चन्द्र गम्भीर, कर्मेंद्र सिंह, इमरान सिद्दीकी, इंजीनियर रिफत जमाली, जीशान अहमद खान, मुहम्मद नदीम, ईशा राणा, जुबैर, हैदर, मुहम्मद शमशाद, सईद अहमद सहारनपुरी सहित शहर के अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



# पंजाबी समाज के लोगों ने गरीबों को बांटे कंबल



गरीबों को कंबल वितरण करते पंजाबी समाज के लोग।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** पंजाबी समाज महासमिति उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष निशान्त परूथी ने लोहड़ी पर्व पर गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी बेसहारा व सड़कों पर जीवन व्यतीत कर रहे गरीबों को कड़ाके की सर्दी से बचाव के लिए कंबल वितरित किए।

महासमिति की ओर से प्रदेश अध्यक्ष द्वारा 101 कंबल गरीबों व दिव्यांगो में बांटे गए। यह वितरण काली पल्टन मंदिर, रजबन, कैंट रेलवे स्टेशन, सिटी रेलवे स्टेशन क्षेत्र में किया गया। वितरण के अवसर पर संरक्षक डॉ. एस.के. सूरी, विपिन सोढ़ी, मीडिया संयोजक प्रवीण सरीन, उपाध्यक्ष स. गुरमीत साहनी, राष्ट्रपति पदक से अलंकृत स. सरब. जीत सिंह कपूर, रजत वालिया, आदि उपस्थित रहे। इस दौरान निशान्त परूथी ने कहा कि पंजाबी समाज हमेशा गरीबों की मदद करता चला आया है। इस बार कड़ाके की ठंड पड़ रही है ऐसे में बेसहारा लोगों को कंबल का वितरण किया गया है। आगे भी ऐसा कार्य किया जाएगा।

# भारत को न्यूजीलैंड से मिलेगी कड़ी चुनौती




## आज कोटाम्बी स्टेडियम में दोपहर 1:30 बजे शुरू होगा पहला वनडे

**वडोदरा, वार्ता।** भारत का न्यूजीलैंड के साथ घरेलू हालात में खेलना, खासकर वनडे फॉर्मेट में, एक तरह से जाना-पहचाना एहसास है। रविवार को कोटाम्बी स्टेडियम में दोपहर 1-30 बजे शुरू होने वाला पहला वनडे , भारत को यह दिखाने का एक और मौका देगा कि वे अपनी जमीन पर इतनी मजबूत ताकत क्यों रहे हैं।

न्यूजीलैंड को भारत का अपना पिछला वनडे दौरा ज्यादा याद नहीं रहेगा। 3-0 से व्हाइटवॉश ने अपनी कहानी खुद बयां की, और यह पैटर्न जारी रहा, जिसमें भारत ने दोनों टीमों के बीच पिछले पांच वनडे में से हर एक जीता। नंबर झूठ नहीं बोलते, और क्रिकेट में, वे अक्सर पहली गेंद फेंके जाने से पहले ही कहानी बता देते हैं।

भारत इस सीरीज में एक मजबूत होम रन के दम पर आ रहा है। हाल ही में चार घरेलू वनडे सीरीज जीत चमक के बजाय कंसिस्टेंसी की बात करती हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ, भारत ने दम और मैच्योरिटी दोनों दिखाई - दो बार 300 पार किया और फिर आखिरी मैच में नौ विकेट हाथ में रहते हुए शांति से 271 का टारगेट चेज किया। इस तरह का परफॉर्मेंस बताता है कि बैटिंग यूनिट को पता है कि कब अटैक करना है और, इससे भी जरूरी बात, कब पीछे हटना है। विराट कोहली, एक बार फिर डटे रहे। उस सीरीज में उनके 302 रन, जिसमें दो सेंचुरी और एक नाबाद हाफ सेंचुरी शामिल थी, यह याद दिलाते हैं कि क्लास, जब भूख के साथ मिल जाए, तो खतरनाक चीज होती है। कोहली उन फेज में से एक में दिखते हैं जहां दिमाग के फैसला करने से पहले ही बल्ला बीच में आ जाता है। भारत को वनडे वाइस-कैप्टन श्रेयस अय्यर की वापसी से भी बढ़ावा मिला है, जो स्प्लीन इंजरी से ठीक होकर वापस आए हैं। उनकी मौजूदगी मिडिल ऑर्डर को मजबूती देती है, जो शुरुआती विकेट गिरने पर बहुत कीमती हो जाती है। मोहम्मद सिराज की वापसी से पेस अटैक मजबूत हुआ है, जबकि शुभमन गिल के शामिल होने से भारत को टॉप और मिडिल में एलिगेंस और भरोसा दोनों मिला है। हालांकि, न्यूजीलैंड सिर्फ नंबर बनाने के लिए नहीं आ रहा है। 2025 में भारत से आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल हारने के बाद से, उन्होंने चुपचाप मोमेंटम बनाया है, और अपने पिछले नौ वनडे में बिना हारे रहे हैं। पाकिस्तान, इंग्लैंड और वेस्ट इंडीज के खिलाफ लगातार तीन 3-0 की सीरीज जीत ने उन्हें इस टूर से पहले कॉन्फिडेंस दिया है, भले ही पक्का नहीं। डेवोन कॉनवे का फॉर्म विजटर्स का हौसला बढ़ाएगा। वह वेस्ट इंडीज के खिलाफ बैटिंग चार्ट में टॉप पर रहे, जबकि काइल जैमीसन के उस सीरीज में सात विकेट ने दिखाया कि जब कंडीशन ज्यादा मददगार नहीं होतीं, तब भी वह बाउंस और मूवमेंट निकालने की अपनी काबिलियत दिखाते हैं। कई नए चेहरों को लाने से पता चलता है कि न्यूजीलैंड आगे की सोच रहा है, सिर्फ जाने-पहचाने नामों पर निर्भर रहने के बजाय गहराई बना रहा है। एसए20 कमिटमेंट्स की वजह से केन विलियमसन के न होने पर, माइकल ब्रेसवेल ने कप्तानी की, यह रोल उन्होंने शांति से और अच्छे से निभाया है। पिछली बार जब ए दोनों टीमें चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में मिली थीं, तो न्यूजीलैंड ने डेरिल मिशेल और ब्रेसवेल की हाफ-सेंचुरी की वजह से 7 विकेट पर 251 रन बनाए थे।

भारत ने जल्दबाजी के बजाय सोच-समझकर जवाब दिया, जिसमें रोहित शर्मा के शांत 76 रन ने चार विकेट से जीत की नींव रखी। यह सोच की साफ सोच पर आधारित चेज था, जो इस भारतीय टीम की पहचान बन गई है। रविवार के मैच में, भारत यशस्वी जायसवाल और रोहित शर्मा के साथ ओपनिग करने की उम्मीद है। जायसवाल की हालिया नाबाद सेंचुरी एक युवा बल्लेबाज के बढ़ते कॉन्फिडेंस को दिखाती है, जबकि रोहित के नंबर एक ऐसे खिलाड़ी की बात करते हैं जो पारी को ज्यादातर लोगों से बेहतर तरीके से चलाता है।

## गुजरात ने यूपी वॉरियर्ज को दिया 208 रनों का लक्ष्य

**नवी मुम्बई, वार्ता।** कप्तान एश्ले गार्डनर (65), अनुष्का शर्मा (44) और सोफी डिवाइन (38) की शानदार पारियों की बदौलत गुजरात जायंट्स महिला ने शनिवार को वूमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के दूसरे मुकाबले में यूपी वॉरियर्ज महिला को जीत के लिए 208 रनों का लक्ष्य दिया। यहां यूपी वॉरियर्ज महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी गुजरात जायंट्स महिला के लिए बेथ मूनी और सोफी डिवाइन की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 41 रन जोड़े। सोफी एकल्सटोन ने बेथ मूनी (13) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद अनुष्का शर्मा और कप्तान एश्ले गार्डनर की जोड़ी ने तीसरे विकेट के लिए 103 रनों की साझेदारी कर बड़े स्कोर की नींव रखी। 17वें ओवर में डिएंड्रा

## संक्षिप्त खेल समाचार

### चोट के कारण वस्त्रकर दो हफ्ते के लिए डब्ल्यूपीएल से बाहर हुई

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत और आरसीबी की तेज गेंदबाज पूजा वस्त्रकर हैमस्ट्रिंग चोट के कारण विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के पहले दो हफ्ते नहीं खेल पाएंगी। आरसीबी ने 2026 सीजन का अपना पहला मैच शुक्रवार रात को खेला, जिसमें उन्होंने डिफेंडिंग चैंपियन मुंबई इंडियंस को एक रोमांचक आखिरी ओवर में तीन विकेट से हराया। आरसीबी के हेड कोच मालोलन रंगराजन ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मुझे लगता है कि बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस से रिलीज होने से दो दिन पहले, दुर्भाग्य से उनकी हैमस्ट्रिंग में खिचाव आ गया। अभी हमारे पास जो जानक. ारी है, उसके अनुसार उन्हें दो हफ्ते और लगेंगे।

### पीठ की चोट के कारण जोआओ फोन्सेका एडिलेड में नहीं खेल पाएंगे

**एडिलेड, वार्ता।** जोआओ फोन्सेका ने एडिलेड इंटरनेशनल से नाम वापस लेने के बाद अपने 2026 सीजन की शुरुआत और टाल दी है। 19 साल के ब्राजीलियाई खिलाड़ी ने पिछले हफ्ते पीठ के निचले हिस्से में चोट के कारण ब्रिस्बेन इंटरनेशनल से नाम वापस ले लिया था, और अब वह इसी वजह से एडिलेड में एटीपी 250 में भी नहीं खेलेंगे। फोन्सेका ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि दुर्भाग्य से मैं यहां नहीं खेल पा रहा हूं। यह फैसला लेना मुश्किल है। मुझे लगा कि जिन दिनों हम प्रैक्टिस कर रहे थे, हर दिन थोड़ा बेहतर महसूस हो रहा था, लेकिन यह कहना मुश्किल है कि मैं सौ प्रतिशत ठीक हूं। उन्होंने कहा कि हम ऑस्ट्रेलियन ओपन खेलने के लिए सौ प्रतिशत ठीक होने की पूरी कोशिश कर रहे हैं, जो हमारा मुख्य लक्ष्य है। वह फैसला अभी नहीं लिया गया है।

# प्रसन्ना बेंद्रे ने टांडिंग स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता

- **प्रसन्ना बेंद्रे ने दीव के घोघला बीच पर हुए फाइनल में मणिपुर के रोहित मैतेई को हराया**

**दीव, वार्ता।** दादरा और नगर हवेली तथा दमन एवं दीव के स्टार पेंचक सिलाट खिलाड़ी प्रसन्ना बेंद्रे ने खेलो इंडिया बीच गेम्स 2026 में अपने घरेलू मैदान पर टांडिग स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता।

प्रसन्ना बेंद्रे अपने स्वर्ण पदक बचाने की तैयारी कर रहे थे, तभी वजन वर्गों में हुए अंतिम समय के बदलाव ने उनके सामने बड़ी चुनौती खड़ी कर दी। या तो उन्हें अधिक ऊंचे वजन वर्ग में उतरना था या फिर खेलों से बाहर रहना था। प्रतियोगिता में सिर्फ 20 दिन शेष थे और प्रसन्ना को 40-45 किग्रा से सीधे 50-55 किग्रा वजन वर्ग में जाना पड़ा। इसका मतलब था कि उन्हें खुद से कहीं ज्यादा भारी और ताकतवर खिलाड़ियों के खिलाफ मुकाबला करना था। 23 वर्षीय प्रसन्ना बेंद्रे ने हार मानने के बजाय चुनौती को स्वीकार किया और दीव के घोघला बीच पर हुए फाइनल में मणिपुर के रोहित मैतेई को हराकर लगातार दूसरी बार टांडिग में स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

मैच के बाद प्रसन्ना ने कहा कि खेलों से पहले मैं श्रीनगर में नेशनल कैंप में था। लौटने के बाद पता चला कि मेरा नियमित वजन वर्ग (40-45 किग्रा) केआईबीजी 2026 में नहीं है और खेल शुरू होने में सिर्फ 20 दिन बचे हैं। मेरे पास विकल्प नहीं था, इसलिए मुझे अगले वजन वर्ग के लिए तैयारी करनी पड़ी। सबसे बड़ी चुनौती यह थी कि मेरे प्रतिद्वंद्वी उसी वजन के अभ्यस्त थे और स्वाभाविक रूप से ज्यादा मजबूत थे। वजन बढ़ाने के लिए उन्होंने अपने आहार में बदलाव किया।

# स्विट्जरलैंड पहली बार फाइनल में

- **बेलिडा ने बेल्जियम के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए स्विट्जरलैंड को उसके पहले यूनाइटेड कप फाइनल में पहुंचाया**

**सिडनी, वार्ता।** बेलिडा बेंसिक ने शनिवार को सिडनी की चिलचिलाती गर्मी में बेल्जियम के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए स्विट्जरलैंड को उसके पहले यूनाइटेड कप फाइनल में पहुंचाया।

एलिस मर्टेंस के खिलाफ शुरुआती सिगल्स में तीसरे सेट के टाई-ब्रेक में जीतने के बाद, बेंसिक ने जैकब पॉल के साथ मिलकर टूर्नामेंट का अपना तीसरा निर्णायक मिक्स्ड डबल्स मैच जीता, जिसमें उन्होंने मर्टेंस और जजि़ू बर्ग्स को 6-3, 0-6, 10-5 से हराया। दूसरे सेट में सिर्फ 12 अंक जीतने के बाद उन्होंने वापसी की। 28 साल की बेंसिक, जो 21 महीने की बेटी बेला की मां हैं, ने इस इवेंट में सभी चार सिगल्स और सभी चार मिक्स्ड डबल्स मैच जीते हैं। शनिवार के मिक्स्ड डबल्स के पहले सेट में, बेंसिक ने अपनी सर्विस पर दोनों निर्णायक अंक जीते, जब मर्टेंस रिटर्न को कोर्ट में नहीं डाल पाईं। डबल्स वर्ल्ड नंबर 81 पॉल, जिन्होंने पिछले साल सिर्फ छह टूर-लेवल डबल्स मैच जीते थे, ने मौके का फायदा उठाया, आत्मविश्वास के साथ पोचिग की और महत्वपूर्ण पलों में कई डाउन-द-लाइन विनर्स लगाए।

रविवार को केन रोजवॉल एरिना में होने वाले फाइनल में, स्विस टीम का मुकाबला आज रात के दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगा, जो डिफेंडिग चैंपियन यूनाइटेड स्टेट्स और दो बार के फाइनलिस्ट पोलैंड के बीच होगा। आठ जीत के साथ टीम को फाइनल तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाने के बावजूद, बेंसिक ने अपनी टीम के अन्य सदस्यों, खासकर अपने अनजाने मिक्स्ड पार्टनर पॉल की तारीफ की। बेंसिक ने कहा कि टीम स्पिरिट बहुत अच्छी है और यह कप्तान से शुरू होती है। वह मेरे पूरे मैच में मेरा सपोर्ट कर रहा था और फिर वह अपना मैच खेलने गया और फिर डबल्स में सपोर्ट करने के लिए वापस आ गया। यह उससे शुरू होता है लेकिन फिर हमारे बेंच से मिली एनर्जी से हमें जीतने की ऐसी भावना मिलती है। इससे पहले, बर्ग्स ने सिडनी की 41 डिग्री की भीषण गर्मी में स्टैन वावरिका को 6-3, 6-7(4), 6-3 से हराकर बेल्जियम-स्विट्जरलैंड यूनाइटेड कप सेमीफाइनल को निर्णायक मिक्स्ड डबल्स में पहुंचा दिया। दिन के पहले मैच में, बेंसिक ने यूनाइटेड कप में अपने अजेय सीजन-ओपनिग रन को नाटकीय अंदाज में बरकरार रखा, क्योंकि उन्होंने एलिस को 6-3, 4-6, 7-6(0) से हराकर स्विट्जरलैंड को 1-0 से आगे कर दिया।

# हम ऐसा दिखाते हैं कि जैसे कोई भी विवाद हमें प्रभावित नहीं कर सकता : नजमुल हुसैन शांतो



**ढाका, वार्ता।** बांग्लादेश के बल्लेबाज नजमुल हुसैन शांतो ने कहा है कि अक्सर बड़े टूर्नामेंटों से पहले और उसके दौरान होने वाले विवादों से निपटने के लिए उनके खिलाड़ियों को एक तरह का ऐक्ट करना पड़ता है, जैसे कि सबकुछ सामान्य है। जब शांतो से भारत और श्रीलंका में फरवरी-मार्च में होने वाले टी-20 विश्व कप में बांग्लादेश की भागीदारी को लेकर चल रहे विवाद पर सवाल पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि हम किसी भी विश्व कप में अच्छा नतीजा नहीं ला पाए हैं।

पिछली बार (टी-20 विश्व कप 2024 में) हमारे पास अच्छा मौका था, लेकिन हम नहीं भुना पाए। लेकिन आप देखेंगे कि हर विश्व कप से पहले कोई न कोई घटना जरूर होती है। उन्होंने कहा कि एक खिलाड़ी के तौर पर इसका असर हम पर पड़ता है। लेकिन हम ऐसे दिखाते हैं कि जैसे हमें ए सब चीजें प्रभावित नहीं कर रहीं, क्योंकि हम प्रोफेशनल क्रिकेटर हैं। आप भी जानते हैं कि इसका असर होता है। यह आसान नहीं है। बेहतर होता कि ऐसी चीजें न हों। मुझे लगता है कि खिलाड़ी फिर भी कोशिश करते हैं कि सब चीजें एक तरफ रखकर अच्छा प्रदर्शन करें।

### ओलंपियन दविंदर सिंह गरचा का निधन

**जालंधर, वार्ता।** ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता भारतीय हॉकी का हिस्सा रहे विजेता दविंदर सिंह गरचा का शनिवार को निधन हो गया। सुरजीत हॉकी सोसाइटी के मुख्य कार्यकारी इकबाल सिंह संधू ने दविदर सिंह के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए बताया कि उनके अंतिम संस्कार की तारीख और समय अभी तय नहीं हुआ है। सुरजीत हॉकी सोसाइटी के सभी सदस्यों ने शोक. ाकुल परिवार के सदस्यों के साथ संवेदना प्रकट करते हुए भगवान से प्रार्थना की कि इस अपूरणीय क्षति को सहने की हिम्मत और शक्ति दे और दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करे। सात दिसम्बर 1952 को जन्मे गरचा उस भारतीय हॉकी टीम का हिस्सा थे जिसने 1980 के समर ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीता था। इस टूर्नामेंट में उन्होंने कुल छह ओलंपिक मैचों में आठ गोल किए थे और सिर्फ तीन टूर्नामेंट खेलकर 30 से अधिक अंतरराष्ट्रीय मैच खेले थे, जिसमें उन्होंने 19 गोल किए थे।

# सबालेंका लगातार तीसरे साल फाइनल में



- **मुचोवा को हराने के बाद आज ब्रिस्बेन इंटरनेशनल के फाइनल में अपना टाइटल बचाने के लिए खेलेगी आर्याना सबालेंका**

**ब्रिस्बेन, वार्ता।** दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबालेंका शनिवार को सेमीफाइनल में कैरोलिना मुचोवा को हराने के बाद रविवार को ब्रिस्बेन इंटरनेशनल के फाइनल में अपना टाइटल बचाने के लिए खेलेंगी।

सबालेंका ने ऑस्ट्रेलियन ओपन के वार्म-अप इवेंट में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए दुनिया की 20वें नंबर की खिलाड़ी को एक घंटे 29 मिनट में 6-3, 6-4 से हराकर लगातार तीसरे साल बिना कोई सेट गंवाए ब्रिस्बेन इंटरनेशनल के फाइनल में जगह बनाई। शनिवार की इस जीत ने सबालेंका का 2023 की शुरुआत से ऑस्ट्रेलिया में खेले गए सभी सात टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने का रिकॉर्ड बनाए रखा है और इस दौरान देश में उनके रिकॉर्ड में 37 जीत और दो हार का सुधार हुआ है। सबालेंका, जो चार साल बाद जनवरी में तीसरा ऑस्ट्रेलियन ओपन टाइटल जीतने का लक्ष्य बना रही हैं, ने शनिवार को ब्रिस्बेन में अब तक का अपना सबसे अच्छा टेनिस खेला, जिसमें उन्होंने 32 विनर लगाए और अपनी पहली सर्व पर 88 प्रतिशत पॉइंट जीते।

मैच के बाद कोर्ट पर सबालें. का ने कहा कि मैंने सच में बहुत मेहनत की है और उसके खिलाफ हर मैच जीतने का एक और मौका है, और मैं बहुत खुश हूं कि आज वो दिन था जब मैं जीत पाई। सबा. लेंका रविवार के फाइनल में मार्टा क्वोयुक से खेलेंगी। यूक्रेन की दुनिया की 26वें नंबर की खिलाड़ी क्वोयुक ने सेमीफाइनल में छठी रैंक वाली जेसिका पेगुला को 55 मिनट में 6-0, 6-3 से हराया। यह गुरुवार और शुक्रवार को क्रमश: राउंड ऑफ 16 और क्वार्टर फाइनल में दुनिया की नंबर तीन अमांडा एनिसिमोवा और नंबर नौ मीरा एंड्रीवा पर क्वोयुक की सीधे सेटों में जीत के बाद हुआ है। क्वोयुक ने पेगुला के खिलाफ पहले 19 में से 17 अंक जीते, जिसमें लगातार 13 अंकों की एक स्ट्रीक भी शामिल थी, जिससे वह 10 मिनट में 4-0 की बढ़त बनाने में कामयाब रहीं। पेगुला को अगले गेम में मैच का पहला ब्रेक पॉइंट मिला, लेकिन क्वोयुक ने नेट पर बैकहैंड ड्रॉप शॉट से इसे बचा लिया। क्वोयुक दूसरे सेट में फिर से 3-0 से आगे हो गई, इससे पहले कि पेगुला पहली बार अपनी सर्विस बचा पाईं, हालांकि अमे. रिकी खिलाड़ी मैच में वापस आने के लिए सर्विस ब्रेक नहीं कर पाईं क्योंकि क्वोयुक ने अपने चौथे ऐस के साथ अपना पहला मैच पॉइंट जीता।

# मलेशिया ओपन में सिंधु सेमीफानइल में हारी




- **हार के साथ सीजन के पहले बीडब्ल्यूएफ सुपर 1000 टूर्नामेंट में भारत का अभियान खत्म हुआ**

**मलेशिया, वार्ता।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु को शनिवार को मलेशिया ओपन 2026 बैडमिटन टूर्नामेंट में महिला एकल के सेमीफाइनल में हार का सामना करना पड़ा।

इसी के साथ सीजन के पहले बीडब्ल्यूएफ सुपर 1000 टूर्नामेंट में भारत का अभियान खत्म हो गया। यहां स्टेडियम एक्सियाटा एरिना में खेले गए सेमीफाइनल में विश्व बैडमिटन रैंकिंग में नंबर 18 पर मौजूद पीवी सिंधु महिला एकल में दूसरे नंबर पर मौजूद चीन की वांग झेई से 21-16, 21-15 से हार गईं। पहला गेम में दोनों खिलाड़ियों ने शुरुआती पलों में एक-दूसरे को कड़ी टक्कर दी। लेकिन पीवी सिंधु की बिना वजह की गलतियों ने वांग झेई को 14-14 से आगे बढ़कर 18-14 की बढ़त बनाने का मौका दिया और फिर उन्होंने जीत के साथ गेम खत्म कर दिया। दूसरे गेम की शुरुआत में वांग झेई ने थोड़ी बढ़त बनाई, लेकिन भारतीय बैडमिटन खिलाड़ी ने वापसी करते हुए मिड-गेम ब्रेक में 11-6 की बढ़त ले ली। ब्रेक के बाद वांग झेई ने फिर से वापसी की, क्योंकि सिंधु की कई बिना वजह की गलतियों ने चीनी शटलर को मैच में पकड़ बनाने का मौका दिया और उन्होंने सीधे गेम में मैच खत्म कर दिया। यह वांग झेई के खिलाफ छह मैचों में पीवी सिंधु की तीसरी हार है। सिंधु की हार के साथ ही बीडब्ल्यूएफ सुपर 1000 टूर्नामेंट में भारत का अभियान खत्म हो गया। पीवी सिंधु, बाकी भारतीय दल के साथ मंगलवार को इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में होने वाले इंडियन ओपन 2026 में एक्शन में दिखेंगी।

# मेदवेदेव ब्रिस्बेन खिताब से दो कदम दूर



- **मेदवेदेव, जो 2019 ब्रिस्बेन में अपनी एकमात्र पिछली उपस्थिति में चैम्पियनशिप मैच में पहुंचे थे**

**ब्रिस्बेन, वार्ता।** दानिल मेदवेदेव शुक्रवार को धीमी शुरुआत से उबरने के बाद ब्रिस्बेन इंटरनेशनल में अपने खिताब की दौड़ में बने रहे। टॉप सीड खिलाड़ी को शुरू में पहले सेट में लकी लूजर कामिल माजच्रजाक ने पछाड़ दिया था, लेकिन उन्होंने 6-7(4), 6-3, 6-2 से जीत हासिल करने और सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की करने के लिए अधिक आक्रामक तरीका अपनाया।

मेदवेदेव, जो 2019 में ब्रिस्बेन में अपनी एकमात्र पिछली उपस्थिति में चैम्पियनशिप मैच में पहुंचे थे, 2025 के शानदार अंत के बाद इस सप्ताह अपनी 22वीं टूर-लेवल ट्रॉफी का पीछा कर रहे हैं।

एटीपी रैंकिंग में पूर्व नंबर 1 खिलाड़ी मेदवेदेव ने कहा कि मुझे लगता है कि यह एक उच्च गुणवत्ता वाला मैच था। मैं ईमानदारी से कहूंगा कि शॉट बनाने के मामले में यह टॉप 10 मैच था।मैं खुद से खुश हूं, मैं शांत रहने और मैच जीतने के लिए कुछ बेहतरीन शॉट लगाने में कामयाब रहा। हार्ड कोर्ट पर अपने 52वें टूर-लेवल सेमीफाइनल में पहुंचकर, मेदवेदेव ने सक्रिय खिलाड़ियों में दूसरे सबसे अधिक सेमीफाइनल के लिए गाएल मोंफिल्स के साथ अपनी बराबरी तोड़ दी, जो केवल नोवाक जोकोविच (127) से पीछे हैं।

माजच्रजाक के खिलाफ, मेदवेदेव ने निर्णायक सेट में सर्व पर सिर्फ पांच अंक गंवाए। मेदवेदेव अब एलेक्स मिशेलसेन से खेलेंगे, जिन्होंने हमवतन सेबेस्टियन कोर्डा को 6-3, 7-6(7) से हराकर हार्ड कोर्ट पर अपनी 50वीं टूर-लेवल जीत हासिल की। मिशेलसेन सर्व के पीछे बहुत मजबूत थे, उन्होंने जिस एकमात्र ब्रेक प्वाइंट का सामना किया, उसे बचाया, लेकिन एक घंटे, 39 मिनट के उनके मुकाबले के दौरान कोर्डा की 37 अनफोर्स्ड गलतियों से उन्हें काफी मदद मिली।

# भारतीय अंडर-19 टीम ने बनाए 374/8




- **वैभव, विहान, ऐरन और कुंडु की अर्द्धशतकीय पारियों की बदौलत टीम ने अभ्यास मुकाबले में विशाल स्कोर बनाया**

**बुलावाया, वार्ता।** वैभव सूर्यवंशी (96), विहान मल्होत्रा (77), ऐरन जॉर्ज (61) और अभिज्ञान कुंडु (55) की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत भारतीय टीम ने शनिवार को अंडर-19 विश्वकप अभ्यास मुकाबले में स्कॉटलैंड के खिलाफ आठ विकेट पर 374 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया।

यहां टॉस जीतकर स्कॉटलैंड ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी भारत की अंडर-19 के लिए आयुष म्हात्रे और वैभव सूर्यवंशी की जोड़ी ने आतिशी बल्लेबाजी का प्रदर्शन करे हुए पहले विकेट के लिए 70 रन जोड़े। सातवें ओवर में ओली जोन्स ने आयुष म्हात्रे 19 गेंदों में 22 रन को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। भारत का दूसरा विकेट 17वें ओवर में वैभव सूर्यवंशी के रूप में गिरा, जब वह शतक से महज चार रन पीछे थे। उन्हें मनु सारस्वत ने आउट किया। वैभव सूर्यवंशी ने 50 गेंदों में नौ चौके और सात छक्के लगाते हुए 96 रनों की पारी खेली। 17वें ओवर में जॉर्ज कटलर ने ऐरन जॉर्ज 58 गेंदों में (61) को अपना शिकार बना लिया। इसके बाद विहान मल्होत्रा और अभिज्ञान कुंडु ने 95 रन जोड़े। ओली जोन्स ने विहान मल्होत्रा को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। विहान मल्होत्रा ने 81 गेंदों में छह चौके और एक छक्का उड़ाते हुए 77 रन बनाए। अभिज्ञान कुंडु 48 गेंदों में 55 और कनिष्क चौहान तीन रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद ओली जोन्स ने शानदार गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए भारतीय रनों पर रोक लगाई और उनके विकेट भी झटके।

### कर्नाटक चैंपियन, तमिलनाडु दूसरे और मणिपुर तीसरे स्थान पर

**दीव, वार्ता।** कर्नाटक की अश्मिता चंद्रा और ध्रुपद रामकृष्ण ने शनिवार को यहां घोघला बीच पर आयोजित खेलो इंडिया बीच गेम्स 2026 में क्रमश: महिलाओं और पुरुषों की पांच किमी ओपन वॉटर स्विमिग स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीतकर राज्य को पदक तालिका में शीर्ष पर पहुंचा दिया। खेलो इंडिया बीच गेम्स 2026 का आयोजन दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव के केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन द्वारा किया गया, जबकि प्रतियोगिताएं भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) और राष्ट्रीय खेल महासंघों की तकनीकी देखरेख में संपन्न हुईं। खेलो इंडिया बीच गेम्स के दूसरे संस्करण में 1,100 से अधिक खिलाड़ियों ने आठ खेलों वॉलीबॉल, सॉकर, सेपक टकरॉ, कबड्डी, पेंकाक सिलाट, ओपन वॉटर स्विमिग, मल्लखंब और रस्साकशी में भाग लिया।



अनंतनाग। जम्मू-कश्मीर के दौरान घाटी में भारी ठंड और बर्फ की चादर की चादर के बीच एक इमारत से लटकती बर्फ की डंडियों के पास से गुजरता एक व्यक्ति।

## तुर्की में तूफान संबंधी घटनाओं के कारण पांच लोगों की मौत

**इस्तांबुल।** तुर्की में पिछले दो दिनों के दौरान आए तूफान और तेज हवाओं के कारण कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई है। तुर्की के प्रसारक एनटीवी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मौसम विज्ञान विभाग ने तूफान, भारी बारिश और हिमस्खलन के खतरे को देखते हुए देश के 81 में से 63 प्रांतों के लिए गुरुवार को एलो अलर्ट जारी किया था। कई शहरों में शुक्रवार को भी तूफान का कहर जारी रहा। रिपोर्ट के अनुसार इन लोगों की मौत की मुख्य वजह छतों का गिरना रही है। मौसम वैज्ञानिकों ने शनिवार के लिए भी देश के आधे से अधिक प्रांतों में फिर से एलो अलर्ट जारी किया है।

## तारिक रहमान बीएनपी के अध्यक्ष नियुक्त किए गए

**ढाका।** बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की स्थाई समिति ने तारिक रहमान को पार्टी का नया अध्यक्ष नियुक्त करने की मंजूरी दे दी है। यह निर्णय शुक्रवार रात पार्टी के गुलशन कार्यालय में हुई एक बैठक में लिया गया। बैठक के बाद पार्टी महासचिव जनरल मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर ने मीडिया कर्मियों से बातचीत में इसकी पुष्टि की। पूर्व प्रधानमंत्री एवं पार्टी अध्यक्ष बेगम खालिदा जिया के निधन के बाद अध्यक्ष पद खाली हो गया था। पार्टी के संविधान के अनुसार, खाली पद को भरने के लिए राष्ट्रीय स्थाई समिति की एक बैठक बुलाई गई थी। समिति ने बैठक में सर्वसम्मति से तारिक रहमान को औपचारिक रूप से पार्टी अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपने का फैसला किया।

# वेनेजुएला का तेल भारत को देगा अमेरिका

### रिपोर्टः ट्रम्प दुनिया की बड़ी ऑयल कंपनियों के अफसरों से मिले, तेल खरीद सकती है रिलायंस भी

**वाशिंगटन।** अमेरिका, भारत को वेनेजुएला से तेल खरीदने की इजाजत दे सकता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ट्रम्प प्रशासन के एक सीनियर अधिकारी ने इसकी जानकारी दी है। अधिकारी के मुताबिक यह सब अमेरिका की निगरानी और शर्तों के साथ होगा।

हालांकि इससे जुड़ी शर्तें क्या हैं, इसकी जानकारी अभी नहीं मिल पाई है। इसका मतलब यह है कि अमेरिका के प्रतिबंधों की वजह से जो व्यापार रुका हुआ था, वह अब फिर से शुरू हो सकता है। वहीं, रायटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, रिलायंस भी चाहती है कि अमेरिका उसे वेनेजुएला का तेल खरीदने की इजाजत दे दे। दूसरी ओर ट्रम्प ने व्हाइट में दुनिया की बड़ी तेल कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात की। यहां उन्होंने वेनेजुएला के तेल क्षेत्र में करीब 9 लाख करोड़ रुपए के निवेश की बात कही। वेनेजुएला पेट्रोलियम एक्सपोर्टिंग कंट्रीज (ओपीईसी) का सदस्य है। उसके पास दुनिया का सबसे बड़ा तेल भंडार है,




■ वेनेजुएला पेट्रोलियम एक्सपोर्टिंग कंट्रीज (ओपीईसी) का सदस्य है

लेकिन वह वैश्विक सप्लाई का सिर्फ करीब 1 प्रतिशत ही देता है। अमेरिका ने 2019 में वेनेजुएला पर बहुत कड़े आर्थिक प्रतिबंध (सेंक्शंस) लगा दिए थे, अमेरिका ने सेकेंडरी सेंक्शंस भी लगा दिए, यानी जो भी देश या कंपनी वेनेजुएला से तेल खरीदती है, उसे अमेरिकी बाजार में व्यापार करने या बैंकिंग सुविधाओं से रोक दिया जा सकता था। इस वजह से कई देशों ने वेनेजुएला का तेल खरीदना बंद कर दिया। भारत भी वेनेजुएला से बहुत ज्यादा तेल खरीदता था। कई मीडिया रिपोर्ट्स में यह दावा किया गया है कि तब भारत अपने कुल तेल आयात का लगभग 6 प्रतिशत वेनेजुएला से लेता था। अगर भारत को फिर से वेनेजुएला का तेल खरीदने की अनुमति मिल जाती है, तो उसे अलग-अलग देशों से तेल मंगाने का एक और विकल्प मिलेगा। इससे भारत की बढ़ती ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलेगी। अमेरिका ने कुछ समय के लिए (2023-2024 में) वेनेजुएला पर आंशिक रूप से सेंक्शंस ढीले किए, जिससे भारत ने फिर से वेनेजुएला से तेल खरीदा। 2024 में भारत का आयात औसतन 63,000 से 1 लाख बैरल प्रतिदिन तक पहुंच गया। इसके बाद 2025 में वेनेजुएला से भारत का तेल आयात बढ़कर करीब 1.41 अरब डालर तक पहुंच गया, लेकिन मई 2025 में अमेरिका ने एक बार फिर से वेनेजुएला के तेल पर सख्ती बढ़ा दी।

# ग्रीनलैंड पर कब्जा करना हमारी मजबूरीः ट्रम्प

### कहाः नहीं, तो रूस-चीन यहां काबिज हो जाएंगे, हम अपने पड़ोस में इन देशों को देखना नहीं चाहते

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बताया कि अमेरिका के लिए ग्रीनलैंड पर कब्जा करना क्यों जरूरी है। उन्होंने व्हाइट हाउस में तेल और गैस कंपनियों के बड़े अधिकारियों के साथ हुई एक बैठक के दौरान कहा कि अगर अमेरिका ने ऐसा नहीं किया तो रूस और चीन जैसे देश इस पर काबिज हो जाएंगे। ट्रम्प ने यह भी कहा कि ग्रीनलैंड को हासिल करना जमीन खरीदने का मसला नहीं है, यह रूस और चीन को दूर रखने से जुड़ा है।

हम ऐसे देशों को अपना पड़ोसी बनते देख नहीं सकते। ट्रम्प ने आगे कहा, अमेरिका अगर ग्रीनलैंड को आसान तरीके से हासिल नहीं कर पाया, तो दूसरे सख्त तरीके अपनाने होंगे। उन्होंने कहा कि हम ग्रीनलैंड के मुद्दे पर कुछ न कुछ करेंगे, चाहे उन्हें पसंद हो या न हो। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि मैं चाहता हूं कि सौदा आसान तरीके से हो जाए। हालांकि, उन्होंने डेनमार्क के प्रति अपनी नरमी भी जताई और कहा, वैसे मैं डेनमार्क का बहुत बड़ा फैन हूं। वे मेरे साथ बहुत अच्छे रहे हैं। जब उनसे पूछा गया कि क्या अमेरिका ग्रीनलैंड के लोगों को सीधे पैसे देकर उन्हें अमेरिका के साथ जुड़ने के लिए राजी करने की योजना बना रहा है। इसपर ट्रम्प ने कहा कि अभी मैं ग्रीनलैंड के लिए पैसे की बात नहीं कर रहा हूं। हो सकता है बाद में करूं। ट्रम्प ने इस मुद्दे को राष्ट्रीय सुरक्षा से जोड़ा। ट्रम्प ने ग्रीनलैंड के पास रूसी और चीनी नौसेना की बढ़ती गतिविधियों का हवाला दिया, जिसमें डिस्ट्रायर और



■ अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने यह भी कहा कि ग्रीनलैंड को हासिल करना जमीन खरीदने का मसला नहीं

पनडुब्बियां शामिल हैं। ट्रम्प ने जोर देकर कहा कि हम रूस या चीन को ग्रीनलैंड पर कब्जा करने नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि वे चीन और रूस दोनों को पसंद करते हैं। उनके नेताओं व्लादिमीर पुतिन और शी जिनपिंग के साथ अच्छे संबंध हैं, लेकिन वह उन्हें ग्रीनलैंड नहीं दे सकते।

ट्रम्प ने ग्रीनलैंड पर कब्जे करने के पीछे की वजह इस इलाके में रूसी और चीनी जहाजों की मौजूदगी को बताया। जब ट्रम्प से पूछा गया कि अमेरिका का पहले से ही वहां सैन्य अड्डा है, तो पूरे कब्जे की क्या जरूरत है। इसपर ट्रम्प ने जवाब दिया कि लीज काफी नहीं हैं। उन्होंने कहा कि जब हम मालिक होते हैं, तो हम इसकी रक्षा करते हैं। लीज की रक्षा उतनी नहीं की जाती। हमें पूरा मालिकाना हक चाहिए। ट्रम्प ने पुरानी कूटनीति की आलोचना भी की। उन्होंने कहा कि देश 100 साल के सौदे नहीं कर सकते, बल्कि मालिकाना हक से ही रक्षा होती है। ट्रम्प 2019 से ही यह कहते आ रहे हैं कि वह डेनमार्क के स्वायत्त क्षेत्र ग्रीनलैंड को खरीदना चाहते हैं, जबकि अमेरिका और डेनमार्क दोनों नाटो सैन्य गठबंधन के सदस्य हैं। अगर ट्रम्प ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की दिशा में आगे बढ़ते हैं, तो इसका मतलब होगा कि अमेरिका नाटो के ही सदस्य देशों के खिलाफ खड़ा हो जाएगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ग्रीनलैंड पर कब्जे की धमकी के बीच डेनमार्क ने जवाब दिया था। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक रक्षा मंत्रालय ने धमकी दी थी कि अगर कोई विदेशी ताकत उनके इलाके पर हमला करती है, तो सैनिक आदेश का इंतजार किए बिना तुरंत जवाबी कार्रवाई करेंगे और गोली चलाएंगे। बिना आदेश हमला करने का नियम 1952 का है। तब डेनमार्क ने अपनी सेना के लिए एक नियम बनाया था, जिसके मुताबिक विदेशी ताकतों के देश पर हमला करने की स्थिति में सैनिकों को तुरंत लड़ना होगा। इसके लिए उन्हें किसी सीनियर अधिकारी की इजाजत लेने की जरूरत नहीं होती। अमेरिका के व्हाइट हाउस में यह विचार किया जा रहा है कि ग्रीनलैंड के नागरिकों को प्रति व्यक्ति 10 हजार (9 लाख रुपये) से 1 लाख डालर (90 लाख रुपये) तक का भुगतान कर उन्हें डेनमार्क से अलग होकर अमेरिका में शामिल होने के लिए राजी किया जाए। इस योजना को एक 'बिजनेस डील' के तौर पर देखा जा रहा है। सूत्रों ने रायटर्स को बताया कि अगर यह योजना लागू होती है, तो ग्रीनलैंड की करीब 57 हजार आबादी को देखते हुए इसकी कुल लागत लगभग 5 से 6 अरब डालर तक हो सकती है। अधिकारियों के मुताबिक, ग्रीनलैंड को अमेरिका के साथ जोड़ने के लिए पैसे का प्रस्ताव केवल एक विकल्प है। इसके अलावा कूटनीतिक समझौतों और यहां तक कि सैन्य बल के इस्तेमाल जैसे विकल्पों पर भी विचार किया गया है।

## हम अमेरिकी नागरिक नहीं बनेंगे

■ ग्रीनलैंड के पांच सियासी दलों की अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प को दो टूक, डेनमार्क को भी सुनाया

**ग्रीनलैंड।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ग्रीनलैंड को लेकर धमकी भरा लहजा अपनाया हुआ है। इतना ही नहीं अमेरिकी नेता भी ग्रीनलैंड पर नियंत्रण को लेकर बयानबाजी कर रहे हैं। इस बीच ग्रीनलैंड की संसद के सभी पांच प्रमुख राजनीतिक दलों ने संयुक्त बयान जारी कर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प को दो टूक जवाब दिया है। राजनीतिक दलों ने ट्रम्प की ग्रीनलैंड को अमेरिका के नियंत्रण में लेने की धमकियों को कड़े शब्दों में खारिज किया है। उन्होंने स्पष्ट कहा है कि ग्रीनलैंड श्अमेरिकन नहीं होगाश और उसका भविष्य सिर्फ ग्रीनलैंड के लोगों की तरफ से तय किया जाना चाहिए। बयान में पांचों दलों, जिसमें प्रधानमंत्री जेन्स फ्रेडरिक नीलसन सहित विपक्षी दल नालेराक के नेता भी शामिल हैं, उन्होंने कहा कि वे किसी भी अमेरिकी अधिग्रहण के गंभीर रूप से असम्मानजनक रुख के खिलाफ हैं। देर रात जारी बयान में नेताओं ने साफ कहा कि हम अमेरिकी नहीं होंगे, हम डेनिश नहीं होंगे, हम ग्रीनलैंडवासी हैं। सभी दलों की यह एकता विशेष रूप से इसलिए अहम है, क्योंकि इसमें विपक्षी पार्टी नालेराक के नेता पेले ब्रोबर्ग भी शामिल हैं, जो वाशिंगटन के साथ घनिष्ठ संबंध बनाने के लिए सबसे अधिक इच्छुक रही हैं। बता दें कि कुछ ही दिन पहले ब्रोबर्ग ने ग्रीनलैंड से डेनमार्क को दरकिनार करते हुए सीधे अमेरिका के साथ बातचीत करने का आह्वान किया था। अब बयान में इस बात पर जोर दिया गया है कि ग्रीनलैंड का भविष्य खुद ग्रीनलैंड के लोगों द्वारा तय किया जाना चाहिए, अंतर्राष्ट्रीय कानून और आत्मनिर्णय के अधिकार का सम्मान होना चाहिए।

## अमेरिका ने रूस के दबाव के बाद 2 नागरिक छोड़े

■ तीन भारतीय क्रू मेंबर अभी भी कैद में, यूएस ने 3 दिन में पांच तेल टैंकर जब्त किया

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने जब्त किए गए रूसी झंडे वाले आयल टैंकर जहाज 'मैरिनेरा' से दो रूसी नागरिकों को रिहा कर दिया है। रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने बयान जारी कर इसकी जानकारी दी। मारिया ने बताया कि यह फैसला राष्ट्रपति ट्रम्प ने रूस के अनुरोध पर लिया है। रूस ने अमेरिका पर नागरिकों को छोड़ने के लिए दबाव बनाया था।

अमेरिका ने 7 जनवरी को उत्तरी अटलांटिक महासागर में जहाज को को जब्त किया गया था। हालांकि टैंकर पर मौजूद 3 भारतीय मेंबर्स को अब तक रिहा नहीं किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, मैरिनेरा जहाज पर कुल 28 लोग मौजूद थे। इनमें 17 यूक्रेनी, 6 जार्जियाई, 3 भारतीय और 2 रूसी नागरिक थे। दूसरी तरफ अमेरिका ने आज भी कैरेबियाई सागर में एक और आयल टैंकर ओलिना को पकड़ा है। अमेरिकी अधिकारियों के मुताबिक यह पिछले तीन दिनों में पांचवी बार है जब किसी प्रतिबंधित टैंकर के खिलाफ कार्रवाई की गई है। अमेरिकी बयान के मुताबिक, टैंकर ओलिना पर सवार लोगों को सुरक्षित तरीके से हिरासत में लिया गया। यह ऑपरेशन एयरक्राफ्ट कैरियर यूएसै जेराल्ड आर. फोर्ड से लान्च किया गया। पूरे अभियान के दौरान किसी तरह की झड़प या नुकसान की सूचना नहीं है। फिलहाल यह साफ नहीं किया है कि टैंकर ओलिना किस देश का है या वह किस कंपनी के स्वामित्व में है। जहाज का फ्लैग, मालिकाना हक और क्रू की नागरिकता से जुड़ी जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है।

अमेरिका ने वेनेजुएला पर प्रतिबंध लगाए हुए हैं। वह इन प्रतिबंधों का हवाला देकर वेनेजुएला से तेल लेकर जाने वाले जहाजों को पकड़ रहा है। अमेरिका ने पिछले महीने 10 दिसम्बर को भी वेनेजुएला के तट के पास एक आयल टैंकर को जब्त किया था। अधिकारियों का कहना है कि बुधवार को पकड़ गया मैरिनेरा टैंकर रूस की 'शैडो फ्लीट' का हिस्सा था, जो वेनेजुएला से तेल ले जा रहा था और उसने अमेरिकी प्रतिबंधों का उल्लंघन किया। दूसरी तरफ रूस ने इस कार्रवाई को अंतर्राष्ट्रीय समुद्री कानून का उल्लंघन बताया। रूस के परिवहन मंत्रालय ने कहा था कि अमेरिकी सैनिकों ने इस जहाज को खुले समुद्र में रोका, जहां किसी भी देश का अधिकार नहीं होता।

## ईरान वापस लौटने की तैयारी में क्राउन प्रिंस रजा पहलवी

**तेहरान।** ईरान में चल रहे सरकार विरोधी प्रदर्शनों के बीच निर्वासित क्राउन प्रिंस रजा पहलवी ने कहा है कि वह अब अपने वतन वापसी की तैयारी कर रहे हैं। पहलवी ने शनिवार को सोशल मीडिया पर जारी एक संदेश में यह बात कही।

उन्होंने कहा कि मैं भी अपने वतन लौटने की तैयारी कर रहा हूं ताकि मैं अपने लोगों के साथ, महान देश ईरान के साथ रह सकूं, हमारी राष्ट्रीय क्रांति जीतेगी। मुझे विश्वास है कि वह दिन बहुत करीब है। उन्होंने सरकारी कर्मचारियों, खासकर तेल के कामकाज में लगे कर्मियों से भी हड़ताल पर जाने की अपील की। उन्होंने लिखा कि इस बारे में, मैं इकॉनमी के खास सेक्टर, खासकर ट्रांसपोर्टेशन, और तेल, गैस, और एनर्जी के वर्कर्स और कर्मचारियों से देश भर में हड़ताल शुरू करने की अपील करता हूं। ईरान के शाह पहलवी, देश में धार्मिक क्रांति का बिगुल बजने से पहले देश के प्रमुख थे पर इस्लामिक क्रांति के बाद उन्होंने भागकर अमेरिका की शरण ली थी। क्राउन प्रिंस उन्हीं के बेटे हैं और आज भी ईरान में शाह के परिवार को सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है। पहलवी ने यह भी कहा कि लोग प्रतीकों के साथ सड़कों पर आएं और सार्वजनिक जगहों पर कब्जा कर लें। उन्होंने कहा कि मैं आप सभी से यह भी कहता हूं कि आज और कल, शनिवार और रविवार (10 और 11 जनवरी) को, देश के झंडों, तस्वीरों और निशानों के साथ सड़कों पर आएं और सार्वजनिक जगहों पर कब्जा कर लें।

# ईरान में हिंसक प्रदर्शन, 217 लोगों की मौत का दावा

### ईरानी सेना बोलीः बच्चों को प्रदर्शन से दूर रखें वरना गोली लगने पर शिकायत मत करना

**तेहरान।** ईरान में सरकार विरोधी प्रदर्शनों के दौरान कम से कम 217 लोगों के मारे जाने का दावा किया जा रहा है। टाइम मैगजीन ने तेहरान के एक डाक्टर के हवाले से बताया कि राजधानी के सिर्फ छह अस्पतालों में कम से कम 217 प्रदर्शनकारियों की मौत दर्ज की गई है, जिनमें ज्यादातर की मौत गोली लगने से हुई हैं। सुरक्षा बलों ने गुरुवार रात प्रदर्शन तेज होने पर कई जगहों पर गोलीबारी की थी, इसके बाद से लगातार कार्रवाई जारी है।

इस बीच रिवोल्यूशनरी गार्ड्स के एक अधिकारी ने सरकारी टीवी से बात करते चेतावनी दी कि माता-पिता अपने बच्चों को प्रदर्शनों से दूर रखें, अगर उन्हें गोली लगे तो शिकायत मत करना। रिपोर्ट के मुताबिक, पहले कुछ दिनों तक यह साफ नहीं था कि सरकार क्या रुख अपनाएगी। खुद एंटी राइट्स पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि



■ अमेरिकी राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि ग्रीनलैंड को हासिल करना जमीन खरीदने का मसला नहीं

सुरक्षा बल भ्रम में हैं। किसी को ठीक से नहीं पता कि आगे क्या होने वाला है, लेकिन शुक्रवार को सामने आई खूनी तस्वीरों और सख्त बयानों से साफ हो गया कि अब पूरी ताकत का इस्तेमाल किया जा रहा है। इससे पहले सरकार ने देशभर में इंटरनेट और फोन सर्विस लगभग बंद कर दी। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भी चेतावनी दी थी कि अगर प्रदर्शनकारियों को मारा गया तो ईरानी सरकार को इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। एक्सपर्ट्स का कहना है कि अब जब प्रदर्शन मध्यम वर्गीय इलाकों तक फैल गए हैं, तो सरकार बेरहमी से कार्रवाई करने से नहीं हिचकेगी। उनका मानना है कि आने वाले दिनों में हताहतों की संख्या और बढ़ सकती है। ईरान पहले से ही इजरायल के साथ संघर्ष, अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबंधों, गिरती अर्थव्यवस्था, बिजली और पानी की किल्लत जैसी समस्याओं से जूझ रहा है। सरकार के भीतर भी मतभेद हैं। राष्ट्रपति मसूद पजशकियान सार्वजनिक तौर पर नरम रुख दिखा रहे हैं, लेकिन उनके कई मंत्री सख्त कार्रवाई के पक्ष में हैं। सरकार का आरोप है कि अमेरिका और इजरायल इन प्रदर्शनों को हवा दे रहे हैं। प्रदर्शनकारियों में से कुछ लोग पूर्व शाह के बेटे रजा पहलवी के समर्थन में नारे लगा रहे हैं, जिन्होंने विदेश से प्रदर्शन तेज करने की अपील की है। कुर्द इलाकों में भी लोग सड़कों पर उतर आए हैं। कई प्रदर्शनकारियों का कहना है कि अब उनके पास खोने के लिए कुछ नहीं बचा है। देशभर में ळमर्द आक्रोश में है। इसका कारण आर्थिक बदहाली रही है। दिसम्बर 2025 में ईरानी मुद्रा रियाल गिरकर करीब 1.45 मिलियन प्रति अमेरिकी डालर तक पहुंच गई, जो अब तक का सबसे निचला स्तर है। साल की शुरुआत से रियाल की कीमत लगभग आधी हो चुकी है। यहां महंगाई चरम पर पहुंच गई है।

## ईयू ने मर्कोसुर समझौते को दी मंजूरी

**ब्रुसेल्स।** यूरोपीय संघ (ईयू) के सदस्य देशों ने शुक्रवार को लंबे समय से विचाराधीन 'ईयू-मर्कोसुर साझेदारी समझौते' को हरी झंडी दे दी।ईयू सदस्यों ने व्यापारिक लाभों को बघने के लिए एक 'व्यापक साझेदारी समझौते' और 'एक स्वतंत्र अंतरिम व्यापार समझौते' की सहमति दी है। ईयू ने बताया कि यह समझौता ईयू और मर्कोसुर के संबंधों में एक मील का पत्थर है। यह एक आधुनिक साझेदारी के तहत राजनीतिक संवाद, सहयोग और व्यापार के लिए एक रूपरेखा स्थापित करता है। गौरतलब है कि लगभग 25 वर्षों से ईयू-मर्कोसुर समझौते पर बातचीत चल रही है, जो बदलती राजनीतिक स्थितियों, दक्षिण अमेरिका में पर्यावरणीय सुरक्षा पर विवादों और यूरोप के कृषि क्षेत्र के कुछ हिस्सों के विरोध के कारण बार-बार रुकती और शुरू होती रही है।

# भारत में अफगान के राजनयिक होंगे नूर अहमद नूर

### तालिबान शासन में पहली बार नई दिल्ली स्थित अफगान दूतावास में की गई नई नियुक्ति

**काबुल।** अफगानिस्तान ने नई दिल्ली स्थित अफगान दूतावास में नूर अहमद नूर को राजनयिक के रूप में नियुक्त किया है। एजेंसी ने सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी है।

नूर अहमद से पहले भारत में अफगानिस्तान के राजनयिक फरीद मामुंदजाय थे। वह अशरफ गनी की सरकार के समय भारत में अफगान दूत के रूप में काम कर रहे थे। तालिबान के सत्ता में आने के बाद उनकी स्थिति कमजोर हो गई और बाद में दूतावास की गतिविधियां भी काफी हद तक ठप पड़ गई थीं। उसी के बाद लंबे समय तक भारत में अफगानिस्तान की तरफ से कोई नया औपचारिक



■ तालिबान के सत्ता में आने के बाद उनकी स्थिति कमजोर हो गई और बाद में दूतावास की गतिविधियां भी काफी हद तक ठप पड़ गई थीं

राजनयिक नहीं भेजा गया था। इसलिए नूर अहमद की नियुक्ति को भारत-अफगानिस्तान रिश्तों में एक नए चरण की शुरुआत के रूप में देखा जा रहा है। नई दिल्ली स्थित अफगान दूतावास में नूर अहमद को राजनयिक नियुक्त करने का मतलब यह है कि अफगानिस्तान भारत के साथ अपने कूटनीतिक संपर्कों को फिर से सक्रिय और मजबूत करना चाहता है। तालिबान के सत्ता में आने के बाद अफगानिस्तान और भारत के रिश्ते सीमित हो गए थे, लेकिन मानवीय मदद, दवाइयों, वीजा और स्वास्थ्य जैसे मुद्दों पर बातचीत चलती रही। अब किसी नए राजनयिक की नियुक्ति यह संकेत देती है कि अफगानिस्तान चाहता है कि भारत के साथ संवाद सीधे दूतावास के जरिए नियमित रूप से चलती रहे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, नूर अहमद नूर दूतावास की जिम्मेदारी संभालने के लिए दिल्ली पहुंच चुके हैं। इससे पहले वे अफगान विदेश मंत्रालय के फर्स्ट पालिटिकल डिपार्टमेंट के महानिदेशक रह चुके हैं। नूर अहमद उस डेलीगेशन का हिस्सा थे, जो अफगानिस्तान के विदेश मंत्री मुत्ताकी के साथ अक्टूबर 2025 में भारत आया था।

## अमेरिका ईरान में कर सकता है हस्तक्षेप मगर फौजें जमीन पर नहीं उतारेगाः ट्रम्प

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शुक्रवार को कहा कि अगर ईरान वर्तमान अशांति के इस दौर में लोगों को मारना शुरू कर देता है तो अमेरिका इसमें हस्तक्षेप करेगा, हालांकि वह जमीन पर अपने सैनिकों की तैनाती नहीं करेगा। ईरान की स्थिति पर संवाददाताओं से बात करते हुए ट्रम्प ने कहा कि अगर वे लोगों को मारना शुरू करते हैं, तो ऐसा होने पर अमेरिका अपनी भूमिका निभाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि इसका मतलब यह नहीं है कि अमेरिका अपनी फौजें, ईरान की जमीन पर उतार देगा। इसका अर्थ यह है कि उन्हें वहां बहुत जोर से मारना है, जहां सबसे ज्यादा दर्द होता है।

# अमेरिका नेतन्याह को भी किडनैप करेः पाक

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को किडनैप करने की मांग की। एक टीवी इंटरव्यू में ख्वाजा आसिफ ने कहा कि अमेरिका को नेतन्याहू को उसी तरह पकड़ना चाहिए जैसे वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मदुरो को पकड़ा गया था।

उन्होंने आगे कहा कि तुर्की भी नेतन्याहू को पकड़ सकता है और पाकिस्तानी इसके लिए दुआ कर रहे हैं। इंटरव्यू में उन्होंने नेतन्याहू को मानवता का सबसे बड़ा अपराधी करार दिया और दावा किया कि गाजा में फलस्तीनियों के साथ जो अत्याचार हुए हैं, वे इतिहास में कभी नहीं देखे गए। यह बयान एक पाकिस्तानी न्यूज चौनल को दिए इंटरव्यू में सामने आया,



■ वेनेजुएला के राष्ट्रपति जैसा हाल हो, इजरायली पीएम फलस्तीनियों का सबसे बड़ा दुश्मनः रक्षा मंत्री

जिसकी क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। एंकर हामिद मीर ने टिप्पणी को संवेदनशील बताते हुए इंटरव्यू को बीच में ही रोक दिया। इस दौरान आसिफ ने उन लोगों पर भी सवाल उठाने शुरू किए, जो ऐसे अपराधियों का समर्थन करते हैं। उन्होंने कहा कि कानून उन लोगों के बारे में क्या कहता है, जो ऐसे अपराधियों का साथ देते हैं। एंकर हामिद मीर ने टोका कि क्या आप अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के संदर्भ में कहना चाह रहे हैं? पाकिस्तान का इजरायल के साथ कोई औपचारिक राजनयिक संबंध नहीं है। पाकिस्तान हमेशा से फिलिस्तीनी मुद्दे का मजबूत समर्थन करता रहा है। साथ ही, पाकिस्तान के ईरान के साथ भी अच्छे संबंध हैं, जो इजरायल का विरोधी है। इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट (आईसीसी) ने पहले ही गाजा में अपराधों के लिए नेतन्याहू के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया हुआ है। इसका जिक्र भी आसिफ ने इंटरव्यू में किया है।

# फिल्म अकेली में नुसरत भरूचा की शानदार परफॉर्मेंस की फराह ने की तारीफ







**मुंबई।** बॉलीवुड की जानी मानी फिल्मकार और कोरियोग्राफर फराह खान ने फिल्म अकेली में नुसरत भरुचा के शानदार परफॉर्मेंस की तारीफ की है। हाल ही में द फराह खान शो में नजर आई नुसरत भरूचा ने न सिर्फ अपने फिल्मी सफर पर खुलकर बात की, बल्कि अपने कुकिग स्किल्स से भी सबका दिल जीत लिया। इस एपिसोड में नुसरत ने फराह खान के लिए खास होम-स्टाइल डिश मटन उप्पु करी तैयार की। कुकिग सेशन के दौरान माहौल काफी मस्ती भरा और घरेलू रहा। इस मौके पर नुसरत सफेद टी-शर्ट और डेनिम में कैजुअल लेकिन स्टाइलिश अंदाज में दिखीं। फराह खान ने बातचीत के दौरान नुसरत की मां को भी चर्चा में शामिल किया और उनसे पूछा कि उन्हें अपनी बेटी की कौन-सी फिल्म सबसे ज्यादा पसंद है। बिना सोचे-समझे नुसरत की मां ने सोनू के टीटू की स्वीटी और अकेली का नाम लिया। इस पर फराह खान ने तुरंत हामी भरते हुए अकेली में नुसरत की परफॉर्मेंस की जमकर तारीफ की और फिल्म की भावनात्मक गहराई को सराहा। फराह खान ने नुसरत की तारीफ करते हुए कहा कि अकेली में तुमने वाकई शानदार काम किया। पूरी फिल्म में तुम अकेली लड़की थीं, फिल्म इतनी इंटेंस थी कि मेरा ब्लड प्रेशर बढ़ गया।ऽइसे सुनकर जहां सभी हंसने लगे, वहीं फराह ने अपनी बात आगे बघते हुए नुसरत की दमदार सोलो परफॉर्मेंस के प्रभाव को भी काफी सराहा। गौरतलब है कि फिल्म अकेली , नुसरत भरूचा के करियर का एक अहम पड़ाव साबित रही है, जिसमें उन्होंने लगभग पूरी कहानी अपने कंधों पर उठाई थी। एक खतरनाक माहौल में फंसी महिला के किरदार को उन्होंने जिस भावनात्मक गहराई, मजबूती और वास्तविकता के साथ निभाया, उसे आलोचकों और दर्शकों दोनों से सराहना मिली थी। नुसरत भरूचा ने अलग-अलग जॉनर में अपनी मजबूत पहचान बनाई है। प्यार का पंचनामा और प्यार का पंचनामा 2 से लोकप्रियता हासिल करने के बाद उन्होंने सोनू के टीटू की स्वीटी और ड्रीम गर्ल जैसी हिट फिल्मों से सफलता का सिलसिला आगे बढ़ाया। हाल के वर्षों में छोरी और छोरी 2 जैसी कंटेंट आधारित फिल्मों में उनके गंभीर और सशक्त अभिनय ने दर्शकों को खासा प्रभावित किया, खासतौर पर हॉरर जॉनर में उनकी परफॉर्मेंस को खूब सराहा गया।

# कांतारा, नरसिम्हा ऑस्कर जनरल एंट्री लिस्ट में शामिल





**मुंबई।** होम्बले फिल्म्स की वर्ष 2025 में प्रदर्शित दो चर्चित फिल्में महावतार नरसिम्हा और कांतारा: चैप्टर 1 को ऑस्कर की जनरल एंट्री लिस्ट में भेजा गया है। कांतारा: चैप्टर 1 का डायरेक्शन ऋषभ शेट्टी ने किया है और इसे विजय किरागंदूर ने प्रोड्यूस किया है, जबकि महावतार नरसिम्हा का डायरेक्शन अश्विन कुमार ने किया है और इसे होम्बले फिल्म्स ने प्रस्तुत किया है। दोनों ही फिल्में बॉक्स ऑफिस पर बड़ी हिट रहीं हैं और अपनी दमदार कहानी, संस्कृति से जुड़े अंदाज, शानदार तकनीक और बेहत. रीन विजन के लिए खूब सराही गई हैं।

ऑस्कर की जनरल एंट्री लिस्ट में आने के बाद अब इन दोनों फिल्मों पर कई बड़े अवॉर्ड कैटेगरी में डाले जाने को लेकर ध्यान दिया जाएगा। इनमें बेस्ट एक्टर, बेस्ट एक्ट्रेस, बेस्ट डायरेक्टर, बेस्ट प्रोड्यूसर, बेस्ट स्टोरी/राइटिंग, बेस्ट प्रोडक्शन डिजाइन और बेस्ट सिनेमैटोग्राफी जैसी कैटेगरी शामिल हैं। ऐसे में, आगे इन्हें शॉर्टलिस्ट किया जाएगा या नहीं, इसका फैसला अकादमी द्वारा किया जाएगा। खास बात यह है कि इस साल ऑस्कर जनरल एंट्री लिस्ट में शामिल कुल पांच भारतीय फिल्मों में से दो फिल्में होम्बले फिल्म्स की हैं। यह दिखाता है कि होम्बले फिल्म्स का असर लगातार बढ़ रहा है और भारतीय सिनेमा को ग्लोबल स्तर पर पहचान दिलाने में उसका योगदान लगातार मजबूत होता जा रहा है।

यह पहचान दिखाती है कि होम्बले फिल्म्स लगातार मजबूत कहानियों का साथ दे रहा है, अपनी क्रिएटिव बाउंड्रीज को आगे बढ़ा रहा है और इंडियन सिनेमा को उसकी असली पहचान और बड़े लेवल के साथ इंटरनेशनल प्लेटफॉर्म पर पेश कर रहा है। जैसे-जैसे भारतीय सिनेमा दुनिया भर में अपनी पहचान मजबूत कर रहा है, होम्बले फिल्म्स की यह उपलब्धि इंडस्ट्री की बढ़ती ग्लोबल मौजूदगी और क्रिएटिव ताकत को साफ दिखाती है।यह होम्बले फिल्म्स के साथ-साथ पूरे भारतीय सिनेमा के लिए एक सचमुच गर्व का पल है।





# 52 के हुए ऋतिक रोशन, पश्मीना रोशन ने दी बधाई

**मुंबई।** बॉलीवुड के माचो हीरो ऋतिक रोशन आज 52 साल के हो गए हैं। 10 जनवरी 1974 को मुंबई में जन्में ऋतिक रोशन को अभिनय की कला विरासत में मिली। ऋतिक के पिता राकेश रोशन जानेमाने फिल्मकार और अभिनेता हैं, जबकि उनके दादा रोशन ने संगीत के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है। ऋतिक रोशन ने बतौर बाल कलाकार आशा, आपके दीवाने, आसपास और भगवान दादा जैसी फिल्मों में काम किया। उन्होंने बतौर अभिनेता अपने करियर की शुरुआत वर्ष 2000 में अपने पिता राकेश रोशन निर्मित रोमांटिक फिल्म कहो ना प्यार है से की थी। इस फिल्म में ऋतिक रोशन और अमीषा पटेल की जोघी को दर्शकों ने बेहद पसंद किया।

वर्ष 2000 में ही ऋतिक की फिजा और मिशन कश्मीर जैसी फिल्में रिलीज हुई। दोनों ही फिल्मों में रितिक ने अपनी रूमानी छवि में बदलाव लाते हुए संजीदा अभिनय से दर्शकों का दिल जीत लिया। फिजा के लिए वह सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के फिल्मफेयर पुरस्कार के लिए नामांकित किए गए। वर्ष 2001 में उन्हें सुभाष घई की फिल्म यादें में काम करने का अवसर मिला लेकिन कमजोर पटकथा के कारण फिल्म नकार दी गई। इसी साल रिलीज करण जौहर की फिल्म कभी खुशी कभी गम के लिए वह सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता के फिल्मफेयर पुरस्कार के लिए नामांकित किए गए। वर्ष 2003 में ऋतिक रोशन को एक बार फिर से अपने पिता की फिल्म कोई मिल गया में काम करने का अवसर मिला। सांइस नैचुरल थ्रिलर इस फिल्म में रितिक रोशन ने अपने दमदार अभिनय से दर्शकों का दिल जीत लिया। इस फिल्म के लिए उन्हें दूसरी बार सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का फिल्मफेयर पुरस्कार दिया गया।साल 2006 उनके करियर का अहम वर्ष साबित हुआ। इस साल रिलीज उनकी धूम 2 और कृष जैसी फिल्में सुपरहिट हुई। यश राज बैनर तले बनी धूम के सीक्वल धूम 2 में ऋतिक रोशन ने नेगेटिव किरदार निभाकर दर्शकों को रोमांचित कर दिया वहीं कोई मिल गया के सीक्वल कृष मे ऋतिक ने सुप. रहीरो का किरदार निभाकर दर्शकों का दिल जीत लिया। वर्ष 2012 में ऋतिक रोशन की फिल्म अग्निपथ रिलीज हुई। यह फिल्म वर्ष 1990 में रिलीज हुई अमिताभ बच्चन की फिल्म अग्निपथ की रिमेक थी। फिल्म टिकट खिघ्की पर सुपरहिट साबित हुई साथ हीं ऋतिक दर्शकों की अपेक्षाओं पर खरे उतरे। वर्ष 2013 में रिलीज 'कृष 3' रितिक के करियर की सर्वाधिक कामयाब फिल्म साबित हुई। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 240 करोड़ रुपये की कमाई की। वर्ष 2014 में ऋतिक की फिल्म बैंग बैग ने 180 करोड़ रुपये की शानदार कमाई की। वर्ष 2017 में रितिक की फिल्म काबिल रिलीज हुई। फिल्म ने 100 करोड़ से अधिक की कमाई की। वर्ष 2019 में ऋतिक की सुपर 30 और वॉर जैसी कामयाब फिल्में रिलीज हुई। वर्ष 2022 में ऋतिक की फिल्म विक्रम वेदा और वर्ष 2024 में फाइटर प्रदर्शित हुई। वर्ष 2025 में ऋतिक की फिल्म वॉर 2 रिलीज हुई है। उधर, अभिनेत्री पश्मीना रोशन ने अपने कजनि और बॉलीवुड सुपरस्टार ऋतिक रोशन के जन्मदिन पर सोशल मीडिया के जरिए एक बेहद भावुक और प्यार भरा पोस्ट शेयर किया है, जिसने फैंस का दिल जीत लिया है। पश्मीना ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर ऋतिक को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए लिखा, हैप्पी बर्थडे डुग्गू भैया। आपका दिन और पूरा साल सबसे बेहतरीन हो। लव यू! इस भावनाओं से भरे संदेश ने देखते ही देखते फैंस का ध्यान खींच लिया और सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गया। यूं तो आज ऋतिक रोशन के जन्मदिन के मौके पर परिवार, दोस्तों और दुनियाभर के फैंस की ओर से उन्हें ढेरों शुभकामनाएं मिल रही हैं।

## मीरा चोपड़ा ने पिकमून मेटा स्टूडियोज का शुभारंभ किया, गांधी टॉक्स पहली फिल्म

**मुंबई।** मीरा चोपड़ा ने फिल्म प्रोडक्शन की दुनिया में कदम रखते हुए अपने बैनर पिकमून मेटा स्टूडियो का शुभारंभ किया है। पिकमून मेटा स्टूडियो की पहली गांधी टॉक्स है।

जी स्टूडियो, क्यूरियस डिजिटल और पिकमून मेटा स्टूडियोज के बैनर तले प्रस्तुत यह फिल्म, लेखक की कल्पना को बेहतरीन दृश्यात्मक भाषा और भावनात्मक गहराई के साथ पर्दे पर उतारती है। संवादों की अनुपस्थिति इस फिल्म की सबसे बड़ी शक्ति बन जाती है, जो दर्शकों को ठहरकर सोचने, महसूस करने और कहानी से गहरे स्तर पर जुड़ने का अवसर देती है। मीरा चोपड़ा ने कहा, पिकमून मेटा स्टूडियोज स्थिरता और गरिमा की शक्ति में मेरे विश्वास से न्मा है।

# दंगल टीवी के धारावाहिक मन अतिसुंदर ने पूरे किए 900 एपिसोड



**मुंबई।** दंगल टीवी के लोकप्रिय धारावाहिक मन अति. सुंदर ने 900 एपिसोड का शानदार सफर पूरा कर लिया है। दंगल टीवी का बहुत पसंद किया जाने वाला फिक्शन शो, मन अति सुंदर, 900 सफल एपिसोड पूरे करके एक असाधारण मील का पत्थर साबित हुआ है। यह शो दमदार कहानी, भावनात्मक गहराई और सार्थक सामाजिक संदेशों वाली अपनी इस सफल यात्रा का जश्न मना रहा है। शुरू से ही, इस शो ने देश भर के दर्शकों के दिलों को छुआ है, और सभी उम्र के दर्शकों के बीच लगातार पसंदीदा बना हुआ है। शो मन अति सुंदर के मुख्य कलाकार, तनिष्क (राध्या) और स्पर्श (प्रथम) ने कहानी के भावनात्मक पहलू को जीवंत करने में अहम भूमिका निभाई है, जिससे शो का अपने दर्शकों के साथ मजबूत जुड़ाव हुआ है। इस यात्रा के बारे में बात करते हुए, राध्या का किरदार निभाने वाली तनिष्क ने कहा, मन अति सुंदर का हिस्सा बनना अविश्वसनीय रूप से शानदार रहा है। पिछले कुछ सालों में शो को जो प्यार और पसंद मिली है, वो मेरी उम्मीद से बहुत ज्यादा है, और 900 एपिसोड तक पहुंचना हमारे दर्शकों के साथ एक सपने जैसा लगता है।ऽ शो के साथ शुरू से ही जुड़ी हुई अदाकारा तनिष्क आगे कहती हैं, मैं दंगल टीवी को धन्यवाद देना चाहती हूं कि उन्होंने हमें ऐसी कहानियां सुनाने का मौका दिया जो सच्ची भावनाओं और सार्थक सामा. जिक विषयों को गहराई तक छूती हैं और हम पर भरोसा किया कि हम ऐसी कहानी पेश करें जो दर्शकों के साथ इतनी दिल से जुड़ी रहे। इसके अलावा, शो के नायक (प्रथम) स्पर्श ने कहा, मन अति सुंदर शो ने हमें सिखाया है कि कहानी कहने में ईमानदारी हमेशा लोगों को आपसे,जोड़ती है। 900 एपिसोड पूरे करना एक बड़ी उपलब्धि है और ऐसी कहानी का हिस्सा बनना गर्व की बात है जो इतने सारे लोगों को प्रेरित करती है और उनसे जुड़ती है।




